

■ बीएलओ को दी जा रही धमकियों पर सुप्रीम चिंता, कहा- यह बेहद गंभीर-12



■ शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 436 और निफ्टी 121 अंक टूटा-12



■ अमेरिका में सस्ते दाम पर चावल बेच रहा भारत, लगाएंगे नए शुल्क-13



■ दबाव को खत्म करके नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत-14


आज का मौसम

21.0° अधिकतम तापमान

08.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.53 | सूर्यास्त 05.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी, 01:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 10 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 16, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली विस्फोट मामले में आठवां आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए दिल्ली विस्फोट मामले में आठवीं गिरफ्तारी की है। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला जम्मू-कश्मीर के बारामूला का निवासी है और उसे राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया गया। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने जांच के दौरान 10 नवंबर को लाल किला क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले के पीछे की साजिश में बिलाल की संलिप्तता पाई है, जिसमें 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे।एनआईए की जांच के अनुसार, बिलाल ने जानबूझकर मृत आरोपी उमर उन नबी को आश्रय दिया और उसे लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की। उस पर आतंकवादी हमले से संबंधित सबूत नष्ट करने का भी आरोप है, एनआईए इस घातक विस्फोट के पीछे की साजिश की जांच कर रहा है।

### जुबिन गर्ग को मरणोपरांत डॉक्टर आफ लिटरेचर की मानद उपाधि

**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग को कॉटन यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को मरणोपरांत डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने विवि के चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्रदान की। जुबिन गर्ग की बहन डॉ. पाल्मे बड़ठाकुर ने यह मानद उपाधि प्राप्त की।

### नाइट क्लब अग्निकांड: दो क्लब मालिकों के खिलाफ ब्लू नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** इंटरपोल ने गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन के मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ ब्लू नोटिस जारी किया है। इस क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद सौरभ तथा गौरव देश छोड़कर भाग गए थे। सौरभ तथा गौरव घटना के कुछ घंटे बाद ही थाईलैंड के फुकेत भाग गये थे। इसके अलावा गोवा पुलिस ने नाइट क्लब के दो अन्य मालिकों अजय गुप्ता और सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। खोसला एक ब्रिटिश नागरिक है। गोवा सरकार के दो अधिकारियों को भी जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

# वंदे मातरम् के दो टुकड़े न करते तो देश का विभाजन नहीं होता : अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा

- केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- वंदेमातरम् का विरोध जवाहर लाल नेहरू से लेकर आज के कांग्रेस नेतृत्व तक के खून में बसा है
- कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत

राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। शाह ने वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेंगे कि वंदेमातरम् का देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस चर्चा को पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनाव से जोड़ कर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय गीत के महिमामंडन को बंगाल चुनाव से जोड़कर कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वंदेमातरम् की 1937 में स्वर्ण जयंती हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने उसके दो टुकड़े कर उसे दो अंतरों तक सीमित करने का काम किया।

शाह ने कहा कि मेरे जैसे कई लोगों का मानना है, भले ही यह बात कांग्रेस को पसंद आए या नहीं आये, वंदेमातरम् के दो टुकड़े तुष्टिकरण की नीति के तहत नहीं किए जाते तो देश का बंटवारा नहीं होता। देश आज पूरा होता। गृह मंत्री ने कहा कि जब वंदेमातरम् लिखे जाने के 150 वर्ष होने पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई तो जिस कांग्रेस के अधिवेशन की शुरुआत में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय गीत स्वयं गाते थे, उसी कांग्रेस से जुड़े गांधी परिवार के दोनों सदस्य लोकसभा में इसकी चर्चा के दौरान नदारद थे। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् का विरोध जवाहरलाल नेहरू से लेकर आज के कांग्रेस के नेतृत्व तक, कांग्रेस के खून में बसा है।

### सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ नहीं

शाह ने कहा कि हम मुद्दों पर चर्चा करने से नहीं डरते। संसद का बहिष्कार हम नहीं करते। सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम् पर चर्चा को टालने की यह मानसिकता नई नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि इस संसद में राष्ट्र गीत के गान को बंद करवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि 1992 में भाजपा सांसद राम नाईक ने संसद में राष्ट्र गीत को गाने का मुद्दा अल्पकालिक चर्चा के माध्यम से उठाया था तथा तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने लोकसभा अध्यक्ष से कहा था कि इस महान सदन में राष्ट्र गीत का गान होना चाहिए। फिर 1992 में सर्वानुमति से लोकसभा ने राष्ट्र गीत के गान की शुरुआत की।

### दो छंदों का निर्णय केवल नेहरू का नहीं था : खरगे

राज्यसभा में हुई बहस के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखते हुए शुरू की है और सरकार जनता की असली समस्याओं से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर जवाहरलाल नेहरू का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वंदेमातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाने का निर्णय केवल नेहरू का नहीं था। कांग्रेस कार्यसमिति ने जब इस निर्णय को मंजूरी दी तब महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, मदन मोहन मालवीय और आचार्य जेबी कृपलानी मौजूद थे। यह उनका संयुक्त निर्णय था। अकेले नेहरू जी को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। हम हमेशा वंदेमातरम् कहते आए हैं। खरगे ने अपने संबोधन की शुरुआत वंदेमातरम् के नारे से की।

# व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए: मोदी

## प्रधानमंत्री का संदेश - तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकता लोगों की जिंदगी को आसान बनाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा।

- अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना केंद्र सरकार का उद्देश्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिये। मोदी ने संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संसदीय दल की बैठक में कहा कि नियम और कानून जरूरी है लेकिन व्यवस्था को सुधारने के नाम पर जनता को असुविधा देना उचित नहीं है। किसी भी हाल में लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी कानून या नियम में ऐसा प्रावधान नहीं होना चाहिए जिससे आम आदमी को परेशानी हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के चरण में है, जहां सुधार तेज, स्पष्ट और नागरिक-केंद्रित हैं। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। केंद्र सरकार का उद्देश्य अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें। बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है। सुधार का असली मतलब है-हर नागरिक के जीवन में बेहतरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस पर बल दिया कि जो भी कानून बनाया जाए, उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं होना चाहिए जो किसी नागरिक के लिए नुकसानदेह हो या उसे परेशान करे। नियम और कानून आम लोगों के लिए बोझ नहीं होने चाहिए।

### नागरिकों को सेवाएं उनके घर के द्वार पर मिलनी चाहिए

मोदी ने कहा कि वह 30-40 पन्नों वाले फॉर्म और बेवजह की कागजी कार्रवाई की संस्कृति खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नागरिकों को सेवाएं उनके घर के द्वार पर मिलनी चाहिए और बार-बार एक ही जानकारी जमा कराने की व्यवस्था को पूरी तरह खत्म करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि सरकार ने लोगों पर भरोसा दिखाते हुए स्व-प्रमाणन की सुविधा दी थी, और पिछले 10 वर्षों में इसका कोई दुरुपयोग नहीं हुआ है, यह व्यवस्था बिल्कुल सफल साबित हुई है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता दोनों ही उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

गोरखपुर में जनरल रावत के नाम बने ऑडीटोरियम का लोकार्पण

# देश को बांटने वाले जयचंद व मीरजाफर जैसे पापी : योगी

- सीएम ने कहा, सत्ता में मौका मिलने पर सिर्फ परिवार के बारे में ही सोचते हैं देश तोड़क तत्व

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



सैनिक स्कूल गोरखपुर में जनरल रावत की प्रतिमा का अनावरण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और समाज को जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर बांटने वाली राजनीति पर तीखा प्रहार किया। कहा, ऐसे तत्व 'जयचंद और मीर जाफर जैसे पापी' हैं, जो सत्ता में आने पर अपने और अपने परिवार के लिए प्रॉपर्टी, होटल व विदेशों में द्वीप खरीदते हैं।

योगी मंगलवार को सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने अत्याधुनिक एक हजार से अधिक सीटों वाले ऑडिटोरियम के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने जनरल रावत की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया। चौथी पुण्यतिथि पर जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा स्थापित प्रतिमा को सीएम ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की अमर प्रेरणा बताया। योगी ने लोगों को जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि की तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है।

### हर वर्ष आठ दिसंबर को 'प्रेरणा दिवस'

मुख्यमंत्री ने सैनिक स्कूल को सुझाव दिया कि आठ दिसंबर को सभी बलिदानियों की स्मृति में 'प्रेरणा दिवस' मनाया जाए। कार्यक्रम में असम राइफल्स के महानिदेशक ले. जनरल विकास लखेड़ा ने जनरल रावत को बेबाक, समन्वयकारी और आदर्श सैन्य नेता बताया। पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) आरकेएस भदौरिया ने कहा कि यह ऑडिटोरियम भावी पीढ़ी को निरंतर प्रेरित करेगा।

# इंडिगो पर सरकार सख्त, रूट में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि विमानन कंपनी को यात्रियों को परेशानी में डालने की इजाज़त नहीं
- चालक दल के रोस्टर के सही न होने के कारण हुई अराजकता के लिए इंडिगो जिम्मेदार

सरकार ने पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने वाली विमान सेवा कंपनी इंडिगो को उसके रूट में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने मंगलवार को इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को तलब किया था। बैठक के बाद नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मंत्रालय की राय में इंडिगो की कुल रूटों में कटौती अनिवार्य है, ताकि एयरलाइन के परिचालन में स्थिरता आ सके और कम उड़ानें रद्द हों। दस प्रतिशत की कटौती का आदेश दे दिया गया है। इस आदेश का पालन करते हुए इंडिगो पहले की तरह अपने सभी गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी।

इससे पहले नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने आठ दिसंबर को एक नोटिस जारी कर इंडिगो से उसकी उड़ानों की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती का निर्देश दिया था। श्री नायडू ने अपने पोस्ट में कहा है कि चालक दल के सदस्यों की ड्यूटी से संबंधित इंडिगो के आंतरिक कुप्रबंधन के कारण पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। जांच और अन्य जरूरी कार्यवाही जारी है। इंडिगो के शीर्ष प्रबंधन के साथ एक और बैठक हुई। आज फिर इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को अपडेट देने के लिए मंत्रालय में तलब किया गया था। बैठक में एलबर्स ने बताया कि छह दिसंबर तक रद्द उड़ानों के लिए शत-प्रतिशत रिफंड जारी कर दिया गया है। मंत्री ने छह दिसंबर के बाद की रद्द उड़ानों के लिए भी जल्द से जल्द रिफंड जारी करने और हवाई अड्डों पर अटके सामान यात्रियों तक पहुंचाने की हिदायत दी।

इस बीच नायडू ने लोकसभा में कहा कि किसी भी विमानन कंपनी को...चाहे वह कितनी भी बड़ी क्यों न हो, योजना की विफलताओं एवं नियमों का पालन न करने के कारण यात्रियों को परेशानी में डालने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। नायडू ने कहा कि डीजीसीए ने इंडिगो को पहले ही नोटिस जारी कर दिया है और उसको चालक दल के रोस्टर के सही न होने के कारण उत्पन्न अराजकता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

### मंगलवार को भी 422 उड़ानें रद्द रहीं

**मुंबई।** इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान आठवें दिन भी जारी रहा और विमानन कंपनी ने मंगलवार को छह हवाई अड्डों से 422 उड़ानें रद्द कर दीं। कुल 422 उड़ानों में से दिल्ली हवाई अड्डे पर 152 और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 121 उड़ानें रद्द हुईं। हैदराबाद में इंडिगो की 58 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि मुंबई में 41 उड़ानें रद्द की गई। इसके अलावा चेन्नई हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### पटरी पर लौटा परिचालन : सीईओ का दावा

**मुंबई।** इंडिगो ने मंगलवार को दावा किया कि कंपनी का विमान परिचालन पटरी पर लौट आया है और वह ग्राहकों को रद्द एवं विलंबित उड़ानों के टिकट का शुल्क लौटाने सहित सभी मुद्दों का समाधान करने में जुटी है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने नए वीडियो संदेश में कहा कि उन ग्राहकों को टिकट का पूरा शुल्क लौटाने की प्रक्रिया दैनिक आधार पर जारी है, जिनकी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं या विलंबित थीं।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी को अदालत का नोटिस

- नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया । यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है। इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेज़ों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिये सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर सोनिया गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गयी है।

# ट्रेन के पायदान पर यात्रा लापरवाही नहीं: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

- रेल दुर्घटना में मरे व्यक्ति के परिवार को मुआवजे पर बंबई उच्च न्यायालय की मुहर

बंबई उच्च न्यायालय ने एक रेल दुर्घटना में चल बसे एक व्यक्ति के परिवार को मुआवजा दिये जाने पर मुहर लगाते कहा कि उपनगरीय ट्रेनों में काम के सिलसिले में व्यस्त समय के दौरान यात्रा करने वाले व्यक्ति के पास ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर अपनी जान को जोखिम में डालने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता, और इसे लापरवाही नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की एकल पीठ ने सोमवार को रेलवे प्रशासन की यह दलील स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि यह दुर्घटना उक्त व्यक्ति के लापरवाह रवैये के कारण हुई, जो ट्रेन के पायदान पर खड़ा था। केंद्र सरकार ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण के दिसंबर 2009 के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायाधिकरण ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया था। यह व्यक्ति 28 अक्टूबर 2005 को भयंदर से मरीन लाइन्स की ओर यात्रा करते समय ट्रेन से गिर गया और कुछ दिनों बाद उसकी मृत्यु हो गई। पीठ ने रेलवे की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि यह इस व्यक्ति की लापरवाही थी जिसकी वजह से उसकी जान गयी। पीठ ने कहा कि सुबह के समय विरार-चर्चगेट ट्रेन में बेहद भीड़ होती है और विशेषकर भायंदर रेलवे स्टेशन पर किसी भी यात्री के लिए डिब्बे में प्रवेश कर पाना बहुत कठिन होता है। उच्च न्यायालय ने कहा, ''आज भी यही स्थिति है। इसलिए यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता कि दरवाज़े के पास खड़े होकर यात्री लापरवाही बरत रहा है। अगर किसी व्यक्ति को अपने काम से यात्रा करनी है और डिब्बे में प्रवेश करना बहुत मुश्किल है, तो यात्री के पास दरवाज़े के पास खड़े होकर अपनी जान जोखिम में डालने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

निगरानी | सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए इस्तेमाल कर रही हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी

# घुसपैठियों की साजिश होगी नाकाम, बनेगी बायोमेट्रिक प्रोफाइल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- खदेड़ने को फूल प्रूफ प्लान तैयार
- नेगेटिव लिस्ट देश भर में होगी साझा ताकि दोबारा प्रदेश और देश की सीमा में न हो सके घुसपैठ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों की बायोमेट्रिक प्रोफाइल के साथ एक नेगेटिव हिट लिस्ट भी तैयार की जाएगी। इस कवायद के लिए योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान को हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगी। डिजिटली नेगेटिव लिस्ट को देश भर में साझा कर दिया जाएगा ताकि दोबारा प्रदेश और देश की सीमा में घुसपैठ न हो सके। यानी घुसपैठियों की हर साजिश नाकाम करने के साथ उन्हें खदेड़ने का फुलप्रूफ प्लान तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह योजना पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगी। योजना के तहत राज्य सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है। साथ ही इन सभी नामों को नेगेटिव लिस्ट में दर्ज किया जाएगा। इन लिस्ट को देशभर में शेयर किया जाएगा ताकि घुसपैठिये दोबारा देश की सीमा में घुस न सकें। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अधिकारियों को घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक माडर्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने के निर्देश दिये हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए। जानकारों की मानें तो हाईटेक टेक्नोलॉजी के जरिये घुसपैठियों के फर्जी पहचान पत्र के साथ किसी भी प्रकार के फर्जी सरकारी दस्तावेजों को स्कैन करने के साथ पूरा पिछला रिकार्ड खंगाला जाएगा। इससे यह पता चल सकेगा कि वह प्रदेश में कब से अपनी पहचान छुपाकर रह रहे हैं। इतना ही नहीं टेक्नोलॉजी से यह भी डेटा जुटाया जाएगा कि किस तरह घुसपैठियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार किये। सूत्रों की मानें तो फर्जी दस्तावेजों की भी गहन जांच होगी। ऐसे में फर्जी दस्तावेजों को तैयार करने वाले नेटवर्क का भड़ाफोड़ करके सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आधार कार्ड नहीं बनवा सकेंगे घुसपैठिये

डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की बायोमिट्रिक फिंगर प्रिंट, फेशियल रिकॉग्निशन आदि की जाएगी। इसके बाद इन घुसपैठियों के नामों की एक लिस्ट तैयार की जाएगी, इन सभी नामों को नेगेटिव लिस्ट में दर्ज किया जाएगा। राज्य सरकार के इस कदम से ये लोग आगे कभी भी आधार कार्ड या कोई भी सरकारी पहचान प्रणाली में पंजीकरण नहीं करा पाएंगे।

Leading you to blossoming health

# खुशलोक हॉस्पिटल

(मुरलैक्स एंटरप्राइजेज प्राईवेट लिमिटेड का एक उपक्रम)

## मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर




14वां स्थापना दिवस

10 दिसम्बर 2012 से लगातार खुशलोक हॉस्पिटल परिवार प्रतिबद्ध है उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवायें जनमानस को उपलब्ध कराने के लिए।

सेवा के 13 वर्ष पूर्ण होने पर

धन्यवाद

आप सभी का...

हम पर विश्वास कर सेवा का अवसर देने के लिए



संजय पागरानी
डायरेक्टर
खुशलोक हॉस्पिटल



डॉ. ललित पागरानी
डायरेक्टर
खुशलोक हॉस्पिटल



डॉ. विनोद पागरानी
डायरेक्टर
खुशलोक हॉस्पिटल

## डाक्टर्स पैनल एवं विभाग

**हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग**
**डॉ. विनोद पागरानी**
एम.एस. (आर्थोपिडिक्स)

**नवजात शिशु एवं बाल रोग**
**डॉ. ललित पागरानी**
एम.डी. (पीडिया)

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग**
**डॉ. सुनीता पागरानी**
डी.जी.ओ. (ओब्स एवं गायनी)

**कान, नाक व गला रोग विभाग**
**डॉ. मुक्ता पागरानी**
डी.एल.ओ., डी.एन.बी. (ई.एन.टी)

**कैंसर रोग विभाग**
**डॉ. तूलिका त्यागी**
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.(रेडियेशन ऑन्कोलॉजी)

**न्यूरो सर्जरी विभाग**
**डॉ. समीर चन्द्रा**
एम.एस., एम.सी.एच., (न्यूरो सर्जरी)

**हृदय रोग विभाग**
**डॉ. मनाज़िर इकबाल**
एम.डी., डी एम. (कार्डियोलॉजी)

**पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग**
**डॉ. संदीप कु. अग्रवाल**
एम.एस., एम.सी.एच., (JIPMER)

**पैथोलॉजी विभाग**
**डॉ. जे.पी. सेठी**
एम.डी. (पैथोलॉजी)

**स्पाईन सर्जरी विभाग**
**डॉ. नीरव आनंद**
एम.एस. (ऑर्थो) fellowship in spine surgery

**प्लास्टिक, कास्मेटिक एवं हेयर ट्रांसप्लांट विभाग**
**डॉ. शरद खण्डेलवाल**
एम.एस., एम.सी.एच.( प्लास्टिक सर्जरी)

**गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग**
**डॉ. प्रेमपाल गंगवार**
एम.एस., एम.सी.एच.(यूरोलॉजी)

**गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग**
**डॉ. पियूष मिश्रा**
एम.डी., डी.एम. (गेस्ट्रोएंटरोलॉजी)

**नेत्र रोग विभाग**
**डॉ. विशी श्रीवास्तव**
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी.(ऑप्थोमोलॉजी)

**सांस, एलर्जी, टीबी व छाती**
**डॉ. अमित कुमार कुशवाह**
एम.डी., (चेस्ट–टी.बी.)

**जनरल फिजीशियन विभाग**
**डॉ. सै. हारुन इकबाल**
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी (मेडिसिन)

**गैस्ट्रो सर्जरी विभाग**
**डॉ. कपिल आर. चक्रवर्ती**
एम.एस., एम.सी.एच. (गैस्ट्रो सर्जरी)

**एनेस्थेसिया एवं गहन चिकित्सा रोग विभाग**
**डॉ. प्रियंका अग्रवाल**
एम.डी., डी.एन.बी.(एनेस्थेसिया)

**रेडियोलॉजी विभाग**
**डॉ. मो. शारून**
एम.डी. (रेडियोलॉजी)

**दंत रोग विभाग**
**डॉ. सलिल बल्देव**
बी. डी. एस. (आनर्स)

**जनरल फिजीशियन विभाग**
**डॉ. सुधीर कुमार यादव**
एम.बी.बी.एस., एम.डी., (मेडिसिन)

**नेफ्रोलॉजी विभाग**
**डॉ. सौरभ गुप्ता**
एम.डी., डी.एम.(नेफ्रोलॉजी)

**एनेस्थेसिया एवं गहन चिकित्सा रोग विभाग**
**डॉ. गौरव मिश्रा**
एम.डी. (एनेस्थीसिया)

**हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग**
**डॉ. प्रज्जवल एम.सी.**
एम.एस. (आर्थोपिडिक्स)

**फिजियोथेरेपी रिहेबिलिटेशन एवं पेन मैनेजमेंट विभाग**
**डॉ. शशांक शुक्ला**
डी.पी.टी., बी.पी.टी (लखनऊ)

सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 0581-2530800 | एम्बुलेन्स : 7500875003 | हेल्पलाइन नं. 9760701234

# तीन दोस्तों की एक साथ उठीं अर्थियां तो रो पड़े लोग

## देर रात तीनों दोस्तों के शव घर पहुंचे तो रो पड़ा गोपालनगर, व्यापारियों ने बाजार बंद करके मनाया गम, विधायक ने पहुंचकर जताया शोक

संवाददाता जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मथुरा में हुए हादसे में मृत तीन दोस्तों की अर्थियां मंगलवार को एक साथ उठी तो पूरा गांव रो पड़ा। साथ-साथ रहने वाले तीनों दोस्त अंतिम यात्रा में भी एक साथ निकले तो लोगों की आंखें नम हो गई। तीनों की अंत्येष्टि ढाई घाट पर एक साथ हुई। तीनों शव देर रात घर पहुंचे। जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गोपाल नगर निवासी निकुंज गुप्ता, राजन गुप्ता तथा सौरभ वर्मा व राजा भारद्धाज निवासी सराय थाना जलालाबाद ब्रेजा कार से मथुरा-वृंदावन बांके बिहारी के दर्शन करने जा रहे थे।

मथुरा में ट्रैक्टर-ट्राली से कार टकरा जाने से कार सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गयी थी, जिससे सौरभ वर्मा, राजन गुप्ता व निकुंज गुप्ता की मौत हो गयी थी। तीनों का शव पोस्टमार्टम के बाद देर राज वाहन से जलालाबाद पहुंचा। मृतकों के परिजन, दोस्त और मोहल्ले वाले शव का इंतजार कर रहे थे। शवों को वाहन से नीचे उतारा गया तो परिवार वाले शवों से लिपटकर रोने लगे। मोहल्ले के लोग और रिश्तेदार परिवार वालों को संभालने में लगे हुए थे।

परिवार वाले बार-बार शव के पास जाकर लिपटकर रोने लगते थे। मंगलवार की सुबह तीनों दोस्तों की अर्थी घर की चौखट से एक साथ उठी। एक साथ अर्थी उठते देखकर लोगों का दिल दहल उठा और आंखों से आंसू छलक आए।

तीनों मृतकों के परिवार वाले बार-बार शव को रोककर कह रहे थे कि इनको मत ले जाओ। तीनों के शव वाहन से ढाई घाट पर पहुंचे। जहां तीनों की अर्थी कुछ-कुछ दूरी पर एक साथ रखकर अंतिम संस्कार किया गया।


रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


मृतकों के घर पहुंच कर विधायक ने व्यक्त किया शोक। ● अमृत विचार


शोक में बंद रहा बाजार। ● अमृत विचार

● बांके बिहारी के दर्शन करने जाते समय हुई थी तीनों दोस्तों की मौत

### शोक में दोपहर तक बंद रहा बाजार

नगर के तीन दोस्तों की हादसे में एक साथ हुई मौत से नगर में शोक का माहौल रहा। मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना जताते हुए व्यापारियों ने मंगलवार को शवों के अंतिम संस्कार के रवाना होने तक बाजार बंद रखा। इस दौरान हर कोई हादसे पर दुख जताता नजर आए। इस दौरान विधायक हरि प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक शरदवीर, चेयरमैन शकील खां, पूर्व चेयरमैन मनेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता अरुण गुप्ता, गोपाल द्विवेदी, सपा नेता राजपाल कश्यप आदि बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### सौरभ उठ जाओ, बात कर लो

मृतक सौरभ मोहल्ले में जनसेवा केंद्र चलाता था। चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसकी शादी की बात चल रही थी और उसकी शादी के लिए लड़की देखी जा रही थी। परिवार वाले रो-रोकर कह रहे थी कि उसकी शादी करने का सपना अधूरा रह गया है। मां बार-बार कह रही थी कि कि बेटा सौरभ एक बार उठ जाओ और एक बार बात तो कर लो।

### राजन के घर में खुशी आने वाली थी

मृतक राजन गुप्ता किराना व्यापारी थे। उनकी शादी तीन साल पहले मोनी गुप्ता से हुई थी। उसके घर में पहली बार किलकारी आने वाली थी। उसकी पत्नी का रो-रोकर बुराहाल था और कह रही थी कि यह भगवान क्या किया। मेरे पति को इतनी जल्दी उठा लिया। माता-पिता का रो-रोकर बुराहाल था।

### मुझे निकुंज अकेला छोड़कर चला गया

मृतक निकुंज गुप्ता आईसीआई बैंक में डिप्टी मैनेजर था। तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। उसकी शादी के लिए रिश्ते आ रहे थे। उसे लड़कियों के कई फोटो दिखाए गए थे। माता-पिता ने सोचा था कि बेटे की जल्दी बरात निकलेगी और कह रहे थे कि भगवान क्या कर दिया। उसका भाई आकाश रो-रोकर कह रहा था कि भईया मुझे अकेले छोड़कर चले गए।

## सिटी ब्रीफ

### हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** पैदल बाजार जाते समय एक व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी थी, जिससे व्यक्ति घायल हो गया था। घायल की एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी। हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव गिघयानी निवासी 60 वर्षीय रामदीन 04 दिसंबर को बाजार पैदल जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### गाय बचाने के चक्कर में दो पुलिस कर्मी घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना कलान क्षेत्र के जल्लापुर गांव से इवेंट ड्यूटी कर लौट रही डायल 112 की बाइक मंगलवार को रुकनपुर पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि किसी ने खेतों से गोवंश भगा दिए। जिनको बचाने के चक्कर में पीआरवी बाइक पर सवार हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल राहुल चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल पुलिसकर्मियों को सीएचसी पर लाकर इलाज किया गया।

### तारों में उलझकर बाइक सवार दंपती घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम इकरी खेड़ा निवासी महेश एवं उनकी पत्नी सुनीता मंगलवार को बाइक से कलान साप्ताहिक बाजार करने आ रहे थे। जल्लापुर के आगे ईट भट्ठा के पास विद्युत विभाग के कर्मचारी ट्रैक्टर के सहारे बिजली के खंबे पर विद्युत लाइन खींच रहे थे। इसी बीच मार्ग से वाहनों का आवागमन जारी था। विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें नहीं रोका और लाइन खींचते ही महेश एवं उनकी पत्नी सुनीता उनकी बाइक समेत लाइन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां इलाज के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर फर्रुखाबाद के लिए रेफर किया गया।

### महिला ने सास पर किया हमला, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लुकटाह निवासी संतोष की पत्नी कंचन देवी ने पुलिस को बताया कि बेटे की शादी गांव से ही की थी। मंगलवार सुबह को बहू के मायके पक्ष से तीन लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। जबकि बहू ने भी विवाद किया। आरोपियों ने उनको पीटा और बहू ने जान से मारने व आत्महत्या के झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

### रसोई घर का ताला तोड़ कीमती सामान चोरी

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव तुलापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार रात को अज्ञात चोरों ने कीमती सामान चोरी कर लिया। अध्यापक रवि शर्मा ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात को चोरों ने विद्यालय में दाखिल होकर रसोई घर का ताला तोड़ दिया। चोरों ने गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, स्टील का पतीला, कुकर, तबा, ग्लास, थालियां व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह विद्यालय पहुंचे तो जानकारी हो पाई। अध्यापक रवि शर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

## कचहरी में कोर्ट मैरिज करने पहुंचे युवक की पिटाई


हंगामा होने के बाद कचहरी रोड पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कोर्ट मैरिज करने गए युवक को एसपी कार्यालय के सामने महिला के परिजनों ने पकड़ लिया। महिला ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। सदर बाजार पुलिस महिला और युवक को थाना पर ले आयी।

कटरा क्षेत्र के एक युवक का शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। मंगलवार की दोपहर बाद दोनों कोर्ट मैरिज करने के लिए कचहरी आए। युवक महिला को कचहरी परिसर में छोड़कर एसपी कार्यालय की तरफ किसी काम से आ रहा था। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने युवक को घेर लिया। इस दौरान महिलाओं ने उसकी पिटाई कर दी। महिला का मायका कटरा क्षेत्र में है और युवक मदनापुर का रहने वाला है। महिला दो माह पूर्व अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ कटरा थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। महिला के पति का आरोप था कि उसकी पत्नी अपने साथ नगदी, जेवर ले गयी थी।

## पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने नष्ट की लहन

**खुटार, अमृत विचार:** पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार शाम को कई गांवों में दबिशें दी। टीम ने दो आरोपियों को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि मंगलवार शाम करीब चार बजे आबकारी टीम के साथ कच्ची शराब बनाने वाले क्षेत्र के गांव मैनिया, नवदिया नवाजपुर, तुलापर में दबिश दी।

पुलिस ने दबिश देने के दौरान खुटार-पूरनपुर रोड पर मोहनपुर मोड़ के पास गांव कोल्हूगाढ़ा निवासी विष्णु, ओमकार को पकड़ लिया और पूछताछ की। पुलिस ने दोनों के पास से दस-दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने कई स्थानों पर लहन नष्ट किया।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी निवासी युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना कटरा में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या करके शव फतेहगंज पूर्वी गढ़िया रंगीन मार्ग पर अज्ञात लोगों ने फेंक दिया। वहीं कटरा पुलिस का कहना है कि युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है।

परिजनों के मुताबिक फतेहगंज पूर्वी के मोहल्ला उत्तमगंज निवासी राहुल सागर की रिश्तेदारी बदायूं जिले के फरीदापुर गांव में हैं। 3 दिसंबर को राहुल अपनी रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। लेकिन 3 दिसंबर को राहुल गढ़िया रंगीन-फतेहगंज पूर्वी रोड पर ईंट भट्ठे के पास संदिग्ध हालात में गंभीर रूप से घायल मिले थे। परिजन उन्हें इलाज के लिए बरेली ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंत्येष्टी के बाद मंगलवार को परिजन कटरा थाने पहुंचे और हत्या की आशंका जातते हुए तहरीर दी है। वहीं पुलिस घटना को हादसा बता रही है।


राहुल सागर।

● ईंट भट्ठा के पास मिला राहुल सागर का शव

● पोस्टमार्टम में सिर पर चोट की पुष्टि

### दो वर्ष पूर्व हुई थी शादी

राहुल की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। वे पीछे सात माह की बेटी, पत्नी रोशनी, पिता गुड्डू सागर, मां दुर्गा देवी, भाई रवि व रोहित सहित परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गए। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई है, जबकि परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। कटरा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार राहुल की मौत हादसे में हुई है।

### प्रेमनगर पुलिस ने भरा पंचनामा

राहुल के पिता गुड्डू सागर ने बताया कि वे लोग राहुल को बरेली के निजी अस्पताल में लेकर गए थे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद प्रेमनगर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राहुल के सिर में गंभीर चोट लगने की बात सामने आई है। पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या करके शव को फेंका गया है।

### पुलिस ने तहरीर बदलवाने का दबाव बनाया

गुड्डू सागर ने बताया कि जब वह कटरा थाने में बेटे की हत्या की तहरीर देने के लिए गए तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया। कहा कि तहरीर बदलकर दो, राहुल की मौत हादसे में हुई है। पिता का आरोप है कि उनके बेटे को अज्ञात हत्यारों ने मारकर शव फेंक दिया। जबकि पुलिस उनकी मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने जिले के अधिकारियों से बेटे की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### पिता का आरोप राहुल को रेकी करके मारा गया

राहुल के पिता गुड्डू का कहना है कि उनके बेटे की रेकी गई थी। क्योंकि जिस वक्त राहुल रिश्तेदारी के लिए निकल रहा था। उस वक्त किसी व्यक्ति का फोन आ रहा था। वह राहुल से जल्दी आने की बात कह रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी उनके बेटे की रेकी कर रहा था। बताया कि यदि सड़क हादसे में राहुल की मौत होती तो बाइक भी क्षतिग्रस्त होती जबकि बाइक सही है। वहीं घटना स्थल पर किसी वाहन के गिरने के निशान भी नहीं हैं।

## चौथी बार कोटे की बैठक स्थगित होने पर ग्रामीणों में आक्रोश, लगाए आरोप

संवाददाता, खुदागंज

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत हत्सा में उचित दर विक्रेता के चयन के लिए मंगलवार को पंचायत भवन पर बैठक बुलाई गई, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण बैठक को एक बार फिर निरस्त कर दिया गया। चौथी बार बैठक स्थगित होने से ग्रामीण आक्रोश पनप गया।

नाराज ग्रामीणों ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनका घेराव किया। बताया गया कि कोटे के चयन के लिए बैठक कई बार बुलाई जा चुकी है, किंतु प्रक्रिया पूर्ण न होने से निर्णय अब तक लंबित है। इस बैठक में सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद कुमार यादव, अभय अवस्थी, कुलदीप वर्मा, रवि शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। चयन प्रक्रिया में स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रचना शर्मा ने कोटेदार बनने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया, लेकिन अन्य सदस्यों की सहमति न मिलने पर प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि चयन की अगली तिथि शीघ्र निर्धारित की जाएगी।


बैठक में प्रतिभाग करते गांव के लोग। ● अमृत विचार

● अधिकारियों का किया घेराव, रचना शर्मा का प्रस्ताव निरस्त

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो दरोगा घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी आवास के सामने रात एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दो दरोगा घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कालेज भेज दिया गया था। तिलहर थाना के दरोगा प्रमोद कुमार और रिट सेल के दरोगा सर्वेश किसी सरकारी कार्य से सोमवार की शाम एसपी आवास कैंप कार्यालय पर गए थे। एसपी आवास के बाहर रोड पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों हो गए। एस्कोर्ट गाड़ी ने घायल दोनों दरोगा को मेडिकल कालेज लेकर गयी। टक्कर मारने वाला चालक कार छोड़कर भाग गया। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी।

## किशोरों से कार्य कराने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** निगोही बाजार में मंगलवार को बाल-किशोर श्रम चिन्हांकन अभियान के तहत मोटरसाइकिल रिपेयरिंग व अन्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण श्रम विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान 12 किशोर श्रमिकों को चिन्हित किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्य श्रम प्रवर्तन अधिकारी ओम प्रकाश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से कांस्टेबल प्रवेश कुमार व कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, चाइल्डलाइन से दिवाकर मिश्रा, पेस संस्था से गोपाल मिश्रा व अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 15 दिसंबर तक विशेष बाल श्रम अभियान संचालित किया जा रहा है। सभी सेवायोजकों को मौके पर निरीक्षण टिप्पणी जारी कर हिदायत दी गई कि अपने प्रतिष्ठानों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बाल एवं किशोर श्रमिकों का नियोजन न करें। सभी माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।


निगोही बाजार में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग व अन्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण करते श्रम विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

● डीएम द्वारा गठित टॉस्क फोर्स ने 12 किशोर किए चिन्हित

## जबरन जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** जालसाजों ने एक महिला के भाई की जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर महिला ने कोर्ट में वाद दायर किया, जो विचाराधीन है। इसके बाद भी आरोपियों ने जबरन खेत की जुताई कर दी। पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के गांव रसवां कलां निवासिनी कुंती देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उनके सगे भाई बाबू सिंह के नाम पर गांव सिल्हुआ और बुझिया में जमीन है। वर्ष 2013 में जमीन का फर्जी बैनामा कराकर गांव सिल्हुआ निवासी एक व्यक्ति ने अपने साथी गांव नरौठा हंसराम के रहने वाले व्यक्ति के साथ करा लिया था। जबकि वर्ष 2024, दिसंबर माह में उक्त लोगों ने बैनामा से बैनामा की कॉपी करा ली थी। इस मामले में शाहजहांपुर में सिविल कोर्ट और पुवायां में जूनियर डिवीजन कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि उक्त लोगों ने बुझिया जमीन का नायब तहसीलदार द्वारा पुवायां से दाखिल खारिज कर कर जबरदस्ती कब्जा कर रहे है। कुंती देवी ने बताया कि सोमवार शाम करीब छह बजे उक्त दोनों लोग बुझिया खेत पर पहुंचे। जहां ट्रैक्टर से जुताई शुरू कर दी। इस बात की जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंची और खेत जोतने व कब्जा करने का विरोध किया। उक्त लोगों ने गाली-गलौज कर पिटाई करने पर उतारू हो गए और जबरदस्ती खेत जोत कर कब्जा कर लिया। इस मामले की सूचना उन्होंने यूपी 112 डायल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। कुंती देवी ने कहा कि पुलिस के चले जाने के बाद उक्त लोग फिर से ट्रैक्टर से जुताई करने लगे। जबकि कोर्ट का उनके पास स्टे है।

● पीड़ित महिला ने कहा, कोर्ट का स्टे होने के बाद भी कर रहे कब्जा

## पर्स छीनने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने सामान सहित किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महिला का नकदी और मोबाइल समेत पर्स लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नगदी, दो मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किए है। महिला के परिवार वालों ने कैमरे चेक करने के बाद पुलिस को फुटेज दिए थे।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी स्नेहित सक्सेना ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की शाम उसकी मां शालिनी सक्सेना और मामी सोनम सक्सेना निवासी मल्हार बाजार में खरीददारी करने आयी थी। दोनों लोग लालइमली चौराहे से कुछ दूरी पर घर जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठ रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर दो बदमाश आए और शालिनी का पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में पांच हजार रुपये और दो मोबाइल थे। परिवालों ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए और दोनों बदमाश कैमरे में दिखायी दे रहे थे।

पुलिस ने फुटेज पुलिस को दिए। पुलिस ने सुभाषनगर स्मार्ट रोड से दोनों बदमाशों को स्कूटी समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश रचित निवासी महमंद हद्दफ थाना सदर बाजार व रिजवान निवासी अलीजई थाना सदर बाजार है।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो मोबाइल, दो हजार रुपये और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। दोनों बदमाशों का चालान कर दिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी बदमाश। ● अमृत विचार

● मोबाइल, नकदी, स्कूटी बरामद पूछताछ के भेजा जेल

## फर्जी दस्तावेज से बैनामा कराके हड़पी जमीन

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी जोगेंद्र सिंह ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उसके सगे चाचा राजबहादुर सिंह की गांव में ही जमीन थी वह उस पर काबिज थे। उन्होंने उक्त जमीन की पंजीकृत वसीयत उसके हक में कर दी थी। इसके बाद वह बाहर काम करने चला गया था। जबकि चाचा राजबहादुर सिंह का स्वर्गवास हो गया।

लेकिन विपक्षी गांव हरिहरपुर निवासी भृगराज सिंह ने राजबहादुर सिंह बनकर जमीन का बैनामा गांव के ही भगवान सिंह के नाम करा दिया। जबकि राजबहादुर सिंह के स्थान पर भृगराज सिंह ने अपना फोटो बैनामा पर लगाया। उक्त फर्जी बैनामा में गवाह गांव हरिहरपुर निवासी माखन, नवदिया ओरीलाल निवासी राज सिंह है। जबकि उक्त दोनों को इस मामले की पूरी जानकारी थी। इसके अलावा फर्जी बैनामा के आधार पर उक्त भृगराज सिंह ने पुनः बैनामा पुत्तू सिंह के हक में कर दिया।

पीड़ित जब मजदूरी करके वापस घर आया तो मामले की जानकारी हो पाई। पीड़ित के अनुसार, विपक्षियों ने धोखाधड़ी करके उसकी भूमि हड़प ली। इस मामले की शिकायत खुटार थाने और एसपी से की।

बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़ित जोगेंद्र सिंह ने कोर्ट की शरण ली। मंगलवार को पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

● कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## फंदे पर लटक कर युवक ने दी जान

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव नौसारा निवासी अनिल कुमार(22) सोमवार की शाम 7 बजे कमरे में गया और कमरे की कुंडी अंदर से बंद कर ली। उसकी मां नेमवती करीब शाम 8:30 बजे बेटे अनिल को खाना देने के लिए गई। उसने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से बंद था। तब उसने परिवार वालों को जानकारी दी कि अनिल ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और खोल नहीं रहा है। परिजनों ने कुंडी तोड़कर कमरे में पहुंचे तो देखा कि अनिल का शव फंदे पर झूल रहा है। शव लटका देखकर परिवार में रोना पीटना मच गया। परिवार वालों ने बताया कि उसकी पत्नी रेशू का मायका सिंधौली क्षेत्र में है और करीब तीन माह से मायके में रह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# आर्ट-11 ने फाइनल में एसएसएमवी को हराया

## एसएसएमवी-11 की टीम 16 ओवर में बना सकी 81 रन, प्रांजल ने की धुआंधार बल्लेबाजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विजेता टीम को चैम्पियन ट्राफी देते स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती। ● अमृत विचार

- 71 रन की आतिशी पारी से प्रांजल बने मैन ऑफ द मैच
- लोगों ने क्रिकेट मैच का उठाया लुफ्त,

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में विगत 19 नवंबर से चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग का भव्य समापन आज कॉलेज के प्लेग्राउंड पर हुआ। प्ले ग्राउंड का नजारा एवं दर्शकों का रोमांच आज अपनी पराकाष्ठा पर था। समापन में लीग का अंतिम एवं फाइनल मैच श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की टीम एसएसएमवी-11 तथा स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम आर्ट-11 के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का मौका पाने वाली एसएसएमवी-11 ने 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 81 रन स्कोर किए। जवाबी पारी में मैदान पर उतरी आर्ट-11 ने धुआंधार एवं ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया। टीम ने महज 7.4 ओवर में केवल 1 विकेट खोते हुए 86 रन बनाकर मैच जीत लिया। लिहाजा एसएसएमवी-11 रनर अप रही। टीम के कुशल एवं आक्रामक बल्लेबाज डॉ प्रांजल शाही ने आज तूफानी रूप धारण कर लिया। ताबड़तोड़ 7 छक्के और 5 चौके बरसाकर उन्होंने 71 रन तो स्कोर किए ही, साथ ही विपक्षी टीम को अकेले ही चारों खाने चित कर दिया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। मेजर अनिल मालवीय ने बड़े ही रोचक अंदाज में पूरे खेल की कमेंट्री करते हुए दर्शकों का उत्साह बनाए रखा।

इस अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने सभी संस्थाओं के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की अनियमित जीवनशैली में खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही रूपों में स्वस्थ एवं फिट रख सकता है। कॉलेज के क्रीड़ा सचिव एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो अजीत सिंह चारग के निर्देशन एवं अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने किया। इस मौके पर कॉलेज के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, डॉ अमीर सिंह यादव, डॉ जयशंकर ओझा, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आलोक मिश्रा, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ आलोक कुमार सिंह, प्रो पूनम, सुयश सिन्हा आदि मौजूद रहे।

**इन्हें मिले पुरस्कार :**
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज़**- अनिल कुमार
- **सर्वाधिक विकेट**- राहुल शर्मा
- **सर्वाधिक ऊर्जावान खिलाड़ी**- मेजर अनिल मालवीय
- **सर्वश्रेष्ठ कोच**- डॉ मनोज अग्रवाल
- **फेयर प्ले अवार्ड**- स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज
- **सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर**- डॉ प्रांजल शाही

# बहादुरगंज में रिक्शा स्टैंड के पास बनेगा जेंट्स टॉयलेट



मेयर और नगरायुक्त को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** महापौर कार्यालय में आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने मेयर अर्चना वर्मा और नगरायुक्त डॉक्टर विपिन मिश्रा के समक्ष बहादुरगंजरिक्शा स्टैंड स्थित पिंक टॉयलेट के पास एक जेंट्स टॉयलेट बनवाने की मांग रखी। व्यापारियों और भारी संख्या में बाज़ार में आए हुए ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, मेयर और नगरायुक्त ने इस मांग को तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी और जल्द ही बनवाने का आदेश दिया। इस दौरान बहादुरगंज इकाई के अध्यक्ष कंचन गुप्ता और संघटन मंत्री प्रमोद मल्होत्रा, बहादुरगंज पचराहा के अध्यक्ष लकी ख़ान, रेहान मिर्जा, अशोक गुप्ता, यासिर ख़ान भी मौजूद रहे।

# परीक्षा फार्म में रूचि न लेने पर होगी कार्रवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रधानाचार्यों द्वारा मुंशी मौलवी तथा आलिम परीक्षा 2026 के फॉर्म भरने में रुचि न लेने पर उनके विरुद्ध मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने जनपद के समस्त आलिया स्तर के मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी तथा आलिम के परीक्षा फॉर्म भरे जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तिथि 19 दिसंबर है। लेकिन मदरसों द्वारा फार्म भरवाने में रुचि नहीं ली जा रही है, जो विभागीय आदेशों का खुला उल्लंघन है। कार्यवाहक डीएमओ ने चेतवनी देते हुए कहा कि मान्यता प्राप्त मदरसे के प्रधानाचार्य अगर मानक के अनुरूप परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म नहीं भरवाते हैं तो ऐसे मदरसों के खिलाफ मान्यता प्रत्याहारण की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। इसलिए प्रत्येक दशा में सभी मान्यता प्राप्त मदरसा न्यूनतम 30 30 बच्चों के फार्म अवश्य भरवाएं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने आदेशित करते हुए कहा कि अंतिम तिथि के बाद तिथि बढ़ाना बहुत मुश्किल है। इसलिए प्रत्येक दशा में 18 दिसंबर तक बैंकों में चालान जमाकर 19 दिसंबर तक फार्म अवश्य जमा कर दें। जिससे निश्चित समय सीमा पर परीक्षा कराई जा सके।

# वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में नारी सशक्तिकरण का गूंजा संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम में मौजूद वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्रेसिडेंट डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल व अतिथिगण। ● अमृत विचार

- वक्ताओं के संबोधन में उभरा "नारी तू नारायणी", संघर्ष से शिखर तक की प्रेरक यात्रा
- कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, प्रेसिडेंट डॉ. अशोक अग्रवाल सहित अनेक शिक्षाविद रहे मौजूद

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 9 दिसम्बर 2025 को मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नोडल अधिकारी डॉ. शिवानी गुप्ता ने किया। आयोजन का उद्देश्य नारी शक्ति, सम्मान एवं सशक्तिकरण के संदेश को समाज में प्रसारित करना रहा। सभागार में विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों व अतिथियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति से कार्यक्रम भव्य रहा।

मुख्य अतिथियों में कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, प्रेसिडेंट डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रो वाइस चांसलर डॉ. लेखराज वर्मा, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर. एन. शुक्ला, आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. पूर्णिमा भट्ट, त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. एच. जी. बोबडे, सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप, पैरामेडिकल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नेहा गुप्ता, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, फैकल्टी एवं छात्र मौजूद रहे।

डॉ. शिवानी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं पौध वितरण के माध्यम से किया। उन्होंने जयशंकर प्रसाद की पंक्तियां उद्धत कर नारी ऊर्जा को समर्पित भाव व्यक्त किए। कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल ने अपने संबोधन में मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि, सेवा और उद्यमिता तक की यात्रा साझा की। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, आनंदीबेन पटेल और द्रौपदी मुर्मू जैसी महिलाओं के उदाहरण देकर नारी नेतृत्व व सफलता की प्रेरणा दी।

कहा कि अनुशासन, योग और ध्यान मनुष्य को लक्ष्य की ओर अग्रसर करते हैं। प्रेसिडेंट डॉ. अशोक अग्रवाल ने नारी के विभिन्न रूपों पर विचार रखते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवत्व का वास होता है। उन्होंने शिक्षा में समान अवसर एवं नेतृत्व क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आर. एन. शुक्ला ने पुरुष वर्ग से नारी को सम्मान व सहयोग प्रदान कर समाज को उन्नति की ओर ले जाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्मृति चिन्ह वितरण के साथ हुआ। डॉ. शिवानी गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन नारी शक्ति, आस्था और सम्मान को निरंतर प्रज्वलित रखेगा। संदेश दिया गया कि "जब नारी उठती है तो राष्ट्र उठता है।"

## मिशन लाल चक्र : छात्राओं ने महिलाओं को किया जागरूक



- वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम, ''परी बैंक'' की शुरुआत
- हर महीने चलेगा अभियान, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर के माध्यम से दिया जागरूकता संदेश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड हॉस्पिटल के एमबीबीएस छात्रों ने 2 दिसंबर 2025 को वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व और समुदाय सहभागिता सेल के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर सामुदायिक जागरूकता पहल मिशन लाल चक्र आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने महिला कर्मचारियों से संवाद कर मासिक धर्म के दौरान आने वाली दिक्कतों को समझा और पैड के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। साथ ही संक्रमण से बचाव एवं मासिक धर्म स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने परी बैंक नामक मासिक फ्री स्वच्छता पैड वितरण सेवा की घोषणा भी की, जिसका उद्देश्य महिलाओं को नियमित रूप से सम्मानपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मासिक धर्म उत्पाद उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय नेतृत्व ने इस पहल की सराहना की, जिसमें डॉ. केशव अग्रवाल चांसलर, डॉ. अशोक अग्रवाल प्रो चांसलर, डॉ. लता अग्रवाल बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर, और डॉ. किरण अग्रवाल वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर शामिल रहीं। वहीं डॉ. आरएन शुक्ला डीन एवं प्रिंसिपल ने छात्रों की समाज सेवा भावना की प्रशंसा की। स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग ने डॉ. एस. संपथ के नेतृत्व में शैक्षणिक और चिकित्सकीय सहयोग उपलब्ध कराया। इस पहल को एनजीओ राम राम फाउंडेशन का सहयोग भी मिला। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद इंतिखाब आलम और स्टैटिस्टिशियन अतुल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूर्णिमा एस भट-ईएनटी विभाग एवं इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सहयोग से किया गया।

# चिकित्सा शिविर में 507 रोगियों का हुआ परीक्षण

संवाददाता, शाहजहांपुर



मरीज की जांच करतीं चिकित्सक।

- वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से लगाया गया मेडिकल कैंप

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा द्वारा मंगलवार को भावलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पडरा सिकंदरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें 507 मरीजों ने पंजीकरण कराया। शिविर में जांच के दौरान 8 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनका ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा।

शिविर में 74 मरीजों की ब्लड शुगर जांच, लगभग 97 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निःशुल्क की गई तथा 414 मरीजों को दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी प्रदान किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करते हुए परिवार स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी दी। बताया गया कि यह कार्ड 200 रुपए में बनता है और एक वर्ष तक मान्य रहता है। कार्ड धारकों को ओपीडी पर्चा निःशुल्क, दवाओं व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत छूट, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत छूट, तथा रक्त की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत छूट मिलेगी। पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए निःशुल्क भर्ती, पलंग, नर्सिंग केयर व चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मौजूद है। इसके साथ ही सस्ती दवाएं, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। शिविर के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान विनोद कुमार का योगदान रहा। शिविर में सामान्य रोग व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनस्विता, डॉ. रिव्या, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ मोहित थापा व पैरामेडिकल टीम मौजूद रही।




बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रो सिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिम डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्ल्डप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, पीलीभीत
National Institute of Electronics & Information Technology, Pilibhit
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Electronics & Information Technology, Government of India
रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

मेगा जॉब फ़ेयर-2025
(सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र)
12 दिसम्बर 2025 (शुक्रवार)
समय : 10:00 AM से 3:00 PM
स्थान : जे.पी. होटल एंड वेडिंग स्क्वायर, आसाम चौराहा के पास, पूरनपुर रोड, पीलीभीत

आवश्यक दस्तावेज़
- सरकारी मान्यता प्राप्त पहचान पत्र (मूल प्रति/3 प्रतियां)
- 10वीं/12वीं/डिप्लोमा/ITI/
- ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की मार्कशीट/डिग्री (सभी की 3 प्रतियां)
- नवीनतम रिज्यूमे (3 प्रतियां)
- नवीन पासपोर्ट साइज फोटो (3 प्रतियां)
- गूगल रजिस्ट्रेशन फॉर्म की प्रिंट / Soft कॉपी

शैक्षिक योग्यता
हाईस्कूल, इंटरमीडिएट 'O' लेवल, 'A' लेवल डिप्लोमा, आई टी आई, स्नातक, स्नातकोत्तर

जॉब प्रोफाइल
आईटी, अकॉउंटिंग, मैनेजमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन, बैंकिंग, प्रोडक्शन, टेली सेल्स, वेयरहाउस जॉब्स, टेक्निकल सपोर्ट, कस्टमर सपोर्ट

इच्छुक उम्मीदवार पंजीकरण फॉर्म भरकर अपने रिज्यूमे के साथ नीचे दिए गए पते पर भी जमा कर सकते हैं
अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज परिसर, गौहनिया चौराहा, पीलीभीत उत्तर प्रदेश-262001
पंजीकरण हेतु स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 7834871915, 7906208801

## ब्रीफ न्यूज

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज निवासी अभिषेक ने 26 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके भाई पर आरोपियों ने प्राणघातक हमला किया था। पुलिस ने आरोपी समीर शेख निवासी आतिशबजान थाना कटरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### नशेड़ी ने ईंट मारकर किया घायल

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव सिसैया निवासी सुरजीत ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की सुबह अपने भाई की दुकान पर बैठकर गन्ना संबंधी सेंटर की बात कर रहा था। शराब के नशे में एक युवक आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को डाकटरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया।

### सात जुआरी गिरफ्तार किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक सिद्दार्थ भाटी को सूचना मिली कि रोडवेज बस अड्डे के सामने टैक्सी स्टैंड में एक खोखे में जुआ हो रहा है। पुलिस टीम ने दबिश देकर सात जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी मोहम्मद शरीफ निवासी तारीन जलालनगर, रजत कुमार निवासी चिनौर, दीपक शर्मा निवासी चमकनी बहादुरगंज, शहादज खां निवासी एमनजई जलालनगर, आमिर निवासी बाडूजई प्रथम, सचिन शर्मा निवासी चमकनी बहादुरगंज, शहबाज खां निवासी एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने फड़ से ताश की गड्डी व 1920 रुपये बरामद किए है।

### युवक को दी जान से मारने की धमकी

**रोजा, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रौसरकोठी निवासी सौरव सक्सेना ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की शाम सब्जी खरीदने के लिए बाजार में गया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसे घेर लिया और तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। उसने शोर मचाया तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने विजेंद्र समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### युवक की साइकिल चप्पले सड़क पर मिली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के गांव अमर सिंह ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की सुबह उसके पुत्र राजेश कुमार को किसी सूचना दी कि खेत पर छुट्टा पशु फसल खा रहे है। उसका पुत्र साइकिल से पशुओं को भगाने के लिए साइकिल से खेत पर गया। उसके बाद वह घर वापस नहीं आया। उसकी चप्पलें और साइकिल गांव के बाहर सड़क मिली है, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मौके पर जाकर पूछताछ की और गन्ने के खेत में तलाश किया। परिवार वाले अनहोनी की आशंका जता रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है।

### राज्यसभा सांसद के पिता को दी श्रद्धांजलि

**पुवायां, अमृत विचार :** राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार कठेरिया के पिता परागू लाल के निधन पर सहकार भारती की ओर से सोमवार को एक शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा का आयोजन जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी के आवास पर किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने परागू लाल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर राजाबाबू, पीके सिंह, अजय सिंह, ब्रजेश कुमार, महाराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# अनदेखी : महानगर के नो पार्किंग में चल रहे अवैध स्टैंड, लगता है जाम

## सड़क पर वाहन खड़ा करके भरते हैं सवारियां, अधिकारी न कर रहे कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में कई स्थानों पर अवैध स्टैंड का संचालन किया जा रहा है, जिसके चलते जाम लग जाता है और जाम में लोग फंस जाते है। इतना ही नहीं जाम एंबुलेंस तक फंस लाती है। शासन के निर्देश पर संबंधित अधिकारी अवैध स्टैंड पर कारवाई नहीं कर रहे है।

शहर में दो मात्र टैक्सी स्टेंड है। रोडवेज बस अड्डे से मात्र दो सौ गज की दूरी पर छावनी का टैक्सी स्टैंड और दूसरा टैक्सी स्टैंड पुलिस लाइन गेट के निकट छावनी की जमीन पर है। जबकि नियमानुसार रोडवेज बस अड्डे एक किमी दूर टैक्सी स्टैंड होना चाहिए। पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह नौ पार्किंग बोर्ड लगा रखे है। नौ पार्किंग वाले स्थान पर अवैध स्टैंड चल रहे है। ई-रिक्शा, आटो, मैजिक और ईको गाड़ी करके अवैध स्टैंड बना लिया है। चालक सवारियां वाहन में बैठालते है। पुलिस चौकी अशफाकनगर चौराहा निगोही रोड, रोडवेज वर्कशाप, पुलिस लाइन गेट से कुछ दूरी पर स्टेशन रोड, बहादुरगंज चौराहा, आर्य महिला डिग्री कालेज, जीजीआईसी तिराहा, रोडवेज वर्कशाप के सामने ई और बरेली मोड़-रिक्शा, आटो, मैजिक खड़ी करके सवारियां भरते है। कुछ स्थानों डिवाइडर की एक साइड में वाहन खड़ा करके सवारियां भरते है। अवैध स्टैंड को लेकर जाम लग जाता है और जाम में फंस जाते है। इतना ही नही जाम में एुबंलेस तक फंस जाती है। शासन के निर्देश है कि अवैध स्टैंडों को बेद किया जाए। लेकिन जिम्मेदारी अधिकारी इस और नजरदांज किए है। डग्गामार वाहन सबसे अधिक निगम की आय को क्षिति पहुंचा रहे है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कई बार डीएम को ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।


निगोही रोड पर चल रहा अवैध स्टैंड। ● अमृत विचार

> अवैध रुप से स्टैंड का संचालन नहीं हो रहा है। जहां पर सड़क पर बस, मैजिक, ईको, जीप, ई-रिक्शा खड़े मिलते है, वाहनों का सीज और चालान कर दिया जाता है। **-विनय पाण्डे,** यातायात निरीक्षक

> सड़क पर वाहन खड़ा करके सवारियां भरने के निर्देश नहीं है, ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यातायात पुलिस के साथ समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। **-सर्वेश सिंह,** एआरटीओ प्रवर्तन

### यहां -यहां चल रहे अवैध स्टैंड

शहर में अवैध स्टैंड बरेली मोड, अशफाकनगर चौराहा निगोही रोड, रोडवेज वर्कशाप, जीआईसी तिराहा, पुलिस लाइन गेट से कुछ दूरी पर स्टेशन रोड, बहादुरगंज चौराहा, हरदोई बाईपास चौराहा, रोजा अड्डा चौराहा, स्टेशन रोड गेट पर संचालित हो रहे है।

### बरेली मोड़ पर खड़ी रहती है प्राइवेट बसें

बरेली माड़ पर प्राइवेट बसें, ईको गाड़ी, जीप, मैजिक, टैंपो आदि वाहन खड़े रहते है। यहां से प्राइवेट बसें और ईकों गाड़ी सवारियों लेकर दिल्ली जाती है। प्राइवेट बसों का परमिट पार्टी का होता है और खुले आम सवारियों भरते है। इसी प्रकार शाम को रोडवेज रेलवे फाटक पर प्राइवैट बसें खड़ी रहती है ओर दिल्ली की सवारियों भरती है।

## ई-रिक्शा और पिकअप की टक्कर युवक घायल

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मडुरिया मोड़ के पास मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ई-रिक्शा और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में बड़ा हादसा हो गया। ई-रिक्शा पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार गांव पिटरहाई निवासी कल्लू गुप्ता ई-रिक्शा से जैतीपुर आ रहे थे। मडुरिया मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। हादसे में कल्लू गुप्ता ई-रिक्शा के नीचे दब गए और उनके एक हाथ में कई जगह फ्रैक्चर होने के साथ सिर में गंभीर चोटें आईं। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर ई-रिक्शा हटाया और घायल को बाहर निकाला।

सूचना पर परिजन पहुंचे और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतीपुर ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ई-रिक्शा चालक कटरा निवासी अजीम हादसे में बाल-बाल बच गया। वहीं पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पिकअप दूध सप्लाई का वाहन था।

## विधानसभा मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक


खुटार ब्लॉक सभागार में हुआ आयोजन व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार विकासखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को विधानसभा मतदाता गहन पुनरीक्षण की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र प्रभारी, एमएलसी संतोष सिंह के द्वारा बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी गणों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने बैठक में आए सभी कार्यकर्ताओं, सेक्टर संयोजकों, मंडल अध्यक्षों को मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी व सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व सेक्टर संयोजकों, बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने मतदाता केंद्रों पर चल रही मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें और फर्जी मतदाता को मतदाता सूची से नाम कटवाने का भरसक प्रयास करें। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा ने भी विधानसभा मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को संबोधित किया। बैठक में बंडा ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश, पूर्व ब्लाक प्रमुख पुवायां अनुराग सिंह, प्रशांत पटेल, विपिन शुक्ला, भाजपा नेता विजय शंकर अवस्थी व समस्त मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक व भाजपा कार्यकर्ता गण बैठक में मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारी ने प्रधान पति पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**खुटार, अमृत विचार :** गांव मलिका निवासी नितेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम पंचायत रौतापुर कलां में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। 7 दिसंबर को प्रधान मैना देवी के पति लेखराज ने निजी कार्य करने को कहा। उसने कहने के अनुसार कार्य किया। इसके बाद भी भी प्रधानपति ने उसे गालियां दीं।

## बीईओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किचन गार्डन देखकर की बहुत प्रशंसा

**अमृत विचार :** खण्ड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां, स्वच्छता, हरियाली एवं नवाचारपूर्ण पहल विशेष रूप से प्रशंसनीय रही। भारतीय भाषा उत्सव में बच्चों ने विभिन्न भाषाओं में अपना परिचय देने का सफल प्रदर्शन किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा ने पुस्तकालय, लर्निंग कार्नर, आर्ट व प्ले कार्नर तथा बाल वाटिका कक्ष सहित बेसिक शिक्षा परिषद का टोल फ्री नंबर, बाल अधिकार, भोजन मेन्यू, हेल्पलाइन नंबर आदि की वाल पेंटिंग का अवलोकन किया गया। विद्यालय में 148 पंजीकृत बच्चों में से 115 छात्र उपस्थित रहे। निरीक्षण में विद्यालय के बच्चों ने भारतीय भाषा उत्सव के अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में अपना परिचय देते हुए प्रदर्शन किया। कक्षा में सहायक अध्यापिका प्रेक्षा अवस्थी ने बच्चों के साथ मिलकर बनाए गए टीएलएम और सजावट की खास सराहना हुई। विद्यालय परिसर की स्वच्छता और किचन गार्डन आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी, शिक्षक शिवकुमार, प्रेक्षा अवस्थी, गौरी मिश्रा, कल्पना सिंह सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# पंजीकरण में हेराफेरी : दो लेखपाल किए गए निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- फर्जी पंजीकरण कर धान विक्रय मामले में दो लेखपाल निलंबित
- अलग-अलग मामलों में सत्यापन पर जांच में पाया गया

**अमृत विचार :** धान खरीद की व्हाट्सएप पर मिली शिकायत के बाद एडीएम प्रशासन और जिला खरीद अधिकारी रजनीश मिश्रा ने मामले की जांच कराई। जिसमें पाया गया कि लेखपालों ने धान खरीद के लिए लेखपालों ने बिना सत्यापन की रिपोर्ट लगा दी। जांच के बाद डीएम के निर्देश पर लेखपालों को निलंबित कर दिया गया। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच कराई जाएगी। वहीं किसान और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

धान खरीद केंद्रों पर बिचौलियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नवंबर माह में तिलहर के लेखपाल और पुवायां के लेखपाल ने दो बिचौलियों और उनके साथियों का पंजीकरण सत्यापन सही नहीं किया। जिससे दोनों ने फर्जी तरीके से पंजीकरण कराके धान खरीद की थी। इस प्रकरण की शिकायत किसी व्यक्ति ने एडीएम प्रशासन एवं जिला खरीद अधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा के व्हाट्सएप नंबर पर की थी।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एडीएम प्रशासन ने मामले की जांच एसडीएम जलालाबाद को सौंपी। एसडीएम ने जांच में पुवायां और तिलहर के लेखपाल को फर्जी सत्यापन का दोषी मानते हुए अपनी जांच रिपोर्ट 27 नवंबर को एडीएम प्रशासन को सौंप दी।

इसके बाद एडीएम ने संबंधित मामलों में कार्रवाई करते हुए दोषी पाए गए दोनों लेखपालों को निलंबित कर दिया।

### इन पर लगा घपले का आरोप

शिकायतकर्ताओं ने शिकायत में बताया कि तिलहर तहसील के गांव धर्मपुर कंजा निवासी आकाश गुप्ता ने फर्जी तरीके से पंजीकरण और सत्यापन कराकर धान खरीद की है। बताया कि आकाश गुप्ता बिचौलिया है। उसने किसानों का धान औने पौने दामों में खरीदा। इसी तरह दूसरी शिकायत पुवायां तहसील के गांव सिसौरा सिसौरी के विचित्र गुप्ता और उसके साथी अमन सिंह व गजेंद्र सिंह ने किया है। जांच में लेखपाल और बिचौलिये दोषी पाए गए। अब लेखपाल निलंबित कर दिए गए हैं।

### बिचौलियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फर्जी सत्यापन और पंजीकरण कराने वाले बिचौलियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। एडीएम प्रशासन की ओर से जारी प्रेसनोट में बताया गया है कि बिचौलिया आकाश गुप्ता निवासी धर्मपुर कंजा के खिलाफ इस प्रकरण में कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। वहीं सिसौरा सिसौरी के विचित्र गुप्ता और उसके साथी गजेंद्र सिंह व अमन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि आरोपी बिचौलियों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

### जैतीपुर, जलालाबाद खुदागंज में सक्रिय बिचौलिये

जिले में बिचौलिये प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर लगातार किसानों का धान औने पौने दामों में खरीद रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि जैतीपुर, जलालाबाद, तिलहर, खुदागंज समेत पूरे जिले में बिचौलिये सक्रिय हैं। पिछले दिनों एक किसान ने आवाज उठाई थी। तब उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। बताया जाता है कि किसानों की मेहनत लूटने वाले बिचौलियों को कहीं न कहीं से सत्ताधारियों का भी संरक्षण प्राप्त है।

### रोजा मंडी में गायब मिले तीन केंद्र प्रभारी

मंगलवार को उप जिलाधिकारी सदर संजय पांडे ने रोजा मंडी क्षेत्र के कई धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। तीन सेंटर प्रभारी ड्यूटी से नदारद मिले। उपस्थिति रजिस्ट में पाया कि अनुपस्थित प्रभारी न केवल अपनी ड्यूटी से गायब थे, बल्कि किसानों को समय पर सुविधाएं देने में लापरवाही बरती जा रही थी। एसडीएम ने तीनों प्रभारियों को नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ या सरकारी कार्य में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। औचक निरीक्षण की खबर लगते ही रोजा मंडी के अन्य क्रय केंद्रों में अफरातफरी मच गई। प्रशासन ने यह संकेत भी दे दिया कि खरीफ सीजन में अनुशासनहीनता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा।

# एसएस विधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार आज से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में नवीन आपराधिक विधि व्यवस्था और मानवाधिकार एवं आपराधिक न्याय प्रणाली में चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 10 एवं 11 दिसंबर को आयोजित होगा। यह आयोजन विधि क्षेत्र के विद्वानों, न्यायिक अधिकारियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को आपस में संवाद और विचार-विमर्श होगें।

मंगलवार को एसएस ला कालेज के मीटिंग हाल में पत्रकार वार्ता के दौरान एसएस ला कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य आज की बदलती न्यायिक परिस्थितियों में आपराधिक विधि एवं मानवाधिकारों के समन्वय, उनके बेहतर संरक्षण तथा न्याय प्रशासन में व्याप्त कठिनाइयों और नए अवसरों पर चर्चा करना है। देशभर से विशेषज्ञ अपने अनुभव और शोध प्रस्तुत करेंगे, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा। हमारा प्रयास है कि इस सेमिनार के माध्यम से न्याय प्रणाली को और अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने के लिए नए विचार और समाधान सामने आएं। इस आयोजन में सभी लोगों से आग्रह किया है कि इस चर्चा में भाग लें। इस मौके पर प्रबंध समिति सचिव डा अवनीश कुमार मिश्र ने कहा कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार से विधि के छात्रों को नए नियमों को समझने में बहुत आसानी होगी। एसएस ला कालेज के प्राचार्य डा जयशंकर ओझा ने बताया कि नेशनल सेमिनार में एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, दिल्ली विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी, ला कालेज देहरादून, इलाहाबाद विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों को आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में आनलाइन तकनीकी सत्र भी होंगे।


प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते मुमुक्षु आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती। साथ में सचिव डॉ. अवनीश कुमार मिश्र व एसएस ला कालेज के प्राचार्य डा जयशंकर ओझा।

## न्यूज डायरी



### बच्चों को दिए नि:शुल्क चश्में

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत छात्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मदरसा नूरुल हुदा, बिजलीपुरा के 30 बच्चों को नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हिकमतुल्लाह सिद्दीकी ने बच्चों को चश्में वितरित किए। अधिकारियों ने बच्चों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझते हुए उनकी हौसला-अफजाई की और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. हिकमतुल्लाह सिद्दीकी ने बच्चों को आंखों की देखभाल के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने इस पहल को बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मदरसे के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने स्वास्थ्य विभाग एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सैयद शारिक अली, शारिक अली खां, कामरान हुसैन, मोईन खान, ममनून खान, साजिद अली खान आदि मौजूद रहे।



### बच्चों ने लगाए ठहाके

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ऑल सेंट्स स्कूल के छात्रों का बरेली फन सिटी में रोमांचक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने मनोरंजन के साथ सीख का भी अनुभव प्राप्त किया। सुबह विद्यालय से रवाना हुए बच्चे विभिन्न राइड्स, वॉटर एडवेंचर और गेमिंग जोन का आनंद लेते हुए दिनभर उत्साह से भरे रहे। एडवेंचर स्लाइड्स सहित कई राइड्स बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनीं। पूरी ट्रिप के दौरान शिक्षक और स्टाफ सुरक्षा नियमों के साथ बच्चों के साथ मौजूद रहे और बच्चों ने हर गतिविधि में अनुशासन का पालन करते हुए भाग लिया। प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने कहा कि ऐसे भ्रमण बच्चों को पुस्तकों से इतर अनुभव देता है, जिससे व्यक्तित्व विकास, सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। डायरेक्टर सचिन बाथम ने कहा कि पढ़ाई के साथ जीवन अनुभव भी जरूरी हैं और फन सिटी की यह यात्रा छात्रों के लिए यादगार रही। इस भ्रमण को सफल बनाने में सुपरवाइज़र श्रुति बाजपेई, अश्विनी, अजीम, शरद, आंशिका, समन और परवेज का योगदान रहा।

### परिषदीय विद्याालयों में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं आज से

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। जिसके लिए विभाग ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। 10 से 16 दिसम्बर तक कक्षा एक से आठ तक की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 9 : 30 से 11 : 30 और दूसरी पाली अपरान्ह 12 : 30 से 2 : 30 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि कक्षा एक की सभी परीक्षाएं मौखिक होंगी। कक्षा दो, तीन, चार, पांच की परीक्षाएं मौखिक व लिखित परीक्षा होंगी। कक्षा 6, 7 व 8 की सभी परीक्षाएं सिर्फ लिखित होंगी।

### कांग्रेसियों ने मरीजों को सेब व बिस्कुट बांटे

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत कांग्रेसी पदाधिकारी किसान जिला अध्यक्ष अरुणोद मिश्रा और नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां भर्ती मरीजों और अस्पताल के स्टाफ को सेब व बिस्कुट वितरित किए गए।

### नए एसई एपी सिंह ने चार्ज संभाला



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विद्युत विभाग के प्रभारी अधीक्षण अभियंता जागेश कुमार के स्थानांतरण के हफ्ते भर बाद मंगलवार को विद्युत विभाग के नए एसई अनुज प्रताप सिंह ने पदभार संभाल लिया। मई में यहां आए प्रभारी एसई जागेश कुमार का सप्ताह भर पहले स्थानांतरण हो गया था। उनका प्रभार एक्सईएन रिषीपाल को दे दिया गया था। शासन ने मुजफ्फरनगर में एक्सईएन अनुज प्रताप सिंह का प्रमोशन करते हुए उन्हें यहां अधीक्षण अभियंता बनाकर भेजा। मंगलवार को अनुज प्रताप सिंह ने यहां कार्यालय पहुंचकर एसई का पदभार ग्रहण कर लिया। चार्ज लेने के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इससे पहले वह लखनऊ हेड क्वार्टर ट्रांसमीशन में थे। छह माह पहले मुजफ्फरनगर में एक्सईएन पद पर थे। मूल रूप से वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। आज उनका यहां पहला दिन है। वह शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ विद्युत उपभोक्ताओं का दिलाने और राजस्व में वृद्धि करने का पूरा प्रयास करेंगे। उनकी पहली प्राथमिकता बिल राहत योजना का शतप्रतिशत लाभ बकाएदारों को दिलाकर अधिकाधिक राजस्व बढ़ाने की होगी।

## 'नागिन तेरा वंश बढ़े' नाटक मंचन के लिए हुआ चयनित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ की ओर से जल्द आयोजित होने वाले समारोह में नागिन तेरा वंश बढ़े नाटक का चयन मंचन के लिए किया गया है। कहा जाता है कि नागिन अपने बच्चों को खा जाती है, लेकिन इस प्रस्तुति में दर्शक नागिन का त्याग और प्रेमभाव देखेंगे। इस नाटक को मंथन आर्ट्स सोसायटी, शाहजहांपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मंथन आर्ट्स जिले सहित प्रदेश में प्रसिद्ध नाट्य संस्था बन चुकी है।

नाटक के निर्देशक शिवा सक्सेना ने बताया कि राजस्थानी संगीत, कालबेलिया नृत्य और लोकगीतों के साथ "नागिन तेरा वंश बढ़े" का चयन संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्भागीय नाट्य समारोह के लिए किया गया है। यह आयोजन जनवरी 2026 में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में होगा। समारोह के लिए प्रदेश भर से नाटकों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसके बाद चयन समिति कुल 16 नाटकों को चयनित कर चार सम्भागों में मंचन कराती है। इस नाटक में अंशू साहू, मोहित कनौजिया, पारस दीक्षित, यश देव शर्मा, ऐश्वर्य कृशण मिश्र, अर्पित शुक्ला, अरशद आजाद, अनमोल कुमार, सूरज कुमार, हर्श गोस्वामी, शंकर लाल, अभिशेक खण्डेलवाल आदि कलाकार राजस्थानी परिवेश में बातपोशी की कहानी प्रस्तुत करेंगे। मंच सज्जा एवं प्रकाश अभिकल्पना सोनू सक्सेना द्वारा की जाएगी।

# यूरिया वितरण में पारदर्शिता की मांग

- सपाइयों ने की सूची पर आधारित खाद उपलब्ध कराने की बात
- एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्राइवेट दुकानों पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने यूरिया खाद की किल्लत को दूर करने और पारदर्शी व्यवस्था के तहत वितरण सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर तहसील में धरना प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रभात कुमार राय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यूरिया खाद का वितरण गांव स्तर पर जरूरतमंद किसानों की सूची बनाकर सोसाइटी के माध्यम से कराया जाए। साथ ही प्राइवेट दुकानदारों द्वारा ऊंचे दाम पर खाद बेचने पर रोक लगाई जाए, जिससे किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो सके और वे समय पर फसल में उपयोग कर सकें। कार्यकर्ताओं ने खाद वितरण प्रक्रिया में आ रही बाधाओं से भी अवगत कराते हुए 2003 की सूची में जिन किसानों के नाम नहीं हैं, उन्हें राहत प्रदान करने और समाधान की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। धरना प्रदर्शन में लोकसभा प्रत्याशी रह चुकी ज्योत्स्ना कश्यप, समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजपाल कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव, जलालाबाद ब्लाक प्रभारी सैयद रिजवान अहमद, चौधरी विनोद सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★ पतले-दुबले ★ गाल पिचके ★ कमजोर स्त्री-पुरुष ★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
21 दिसंबर 2025, रविवार
04 जनवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# न्याय पंचायत दहेमू बना ओवरऑल चैंपियन

## विकास क्षेत्र उझानी में चल रही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं समाप्त, विजेता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र उझानी की दो दिवसीय 42वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। न्याय पंचायत दहेमू ओवरऑल चैंपियन और न्याय पंचायत अहिरवारा उप विजेता बनी। खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत राठौर ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा सभी के भीतर एक खिलाड़ी विद्यमान होता है। अच्छा खिलाड़ी वही होता है जो अपने अंदर के गुणों को उत्कृष्टता के स्तर तक ले जाता है।

बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सकरी के माधव पहले, बेनी नगला के लोकेंद्र दूसरे, 100 मीटर दौड़ में नसरुल्लापुर के अमन पहले, गदौरा के पूरनमल दूसरे, 200 मीटर दौड़ में सकरी के सैफ पहले, जोहेब दूसरे, 400 मीटर दौड़ में शेखूपुर के विशाल पहले, बरसुआ के मोदी को दूसरा स्थान मिला। वहीं बालिका वर्ग में 50 मी दौड़ में सकरी की सलोनी पहले, सिकंद्राबाद की प्राची तोमर दूसरे, 100 मीटर दौड़ में सकरी की सलोनी पहले, ज्योति दूसरे, 200 मीटर दौड़ में गदौरा की अंशिका पहले, सलोनी दूसरे, 400 मीटर दौड़ में दहेमू की लक्ष्मी पहले, सकरी की शिप्रा दूसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद बालिका वर्ग में हरसिंघपुर की लक्ष्मी को पहला, सकरी की शिप्रा को दूसरा, लंबी कूद बालक वर्ग में अहिरवारा के हिमांशु को पहला, शेखूपुर के शिवम को दूसरा स्थान हासिल हुआ।

कबड्डी की प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अहिरवारा की टीम विजेता व दहेमू की टीम उपविजेता और बालिका वर्ग कबड्डी में अब्दुल्लागंज की टीम विजेता व अहिरवारा की टीम उपविजेता रही। विकास क्षेत्र स्तरीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में पिपरौल के कुनाल और बालिका वर्ग में दहेमू की नीतू ने प्राप्त की। इसके अलावा प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में नसरुल्लापुर का अमन ने और बालिका वर्ग में सकरी जंगल की सलोनी ने प्राप्त की। प्रतियोगिताएं जिला व्यायाम शिक्षक रामदास के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम संचालन सुरेन्द्रपाल सिंह ने किया। अरविंद दीक्षित, राम किशोर पाल, संतोष उपाध्याय, शिव कुमार, मनीष कुमार, अनवीर सिंह, संजीव गंगवार, एआरपी डॉ. समीउद्दीन, सुनीता वर्मा, मुग्धा बंसल, अश्विनी, हरमेश, मोहित, नीलम राठौर, जसवीर सिंह, बृज पाल, वीरेंद्र पाल का सहयोग रहा।



विजेता टीम को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत राठौर। ● अमृत विचार



लंबी कूद की प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# सरकारी क्रय केंद्र पर ताला किसान लौटे खाली हाथ

संवाददाता, बिल्सी



एसडीएम प्रेमपाल सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी।

● भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** मंगलवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी बिल्सी गल्ला मंडी स्थित सरकारी क्रय केंद्र पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। अधिकारी और न ही कर्मचारी मौजूद थे। कांटा भी बाहर ही पड़ा मिला। यूनियन के जिला प्रवक्ता शाहिद अली ने मौके का वीडियो बनाया। तहसील पहुंच कर एसडीएम प्रेमपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्र के बैनर पर एक अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक खुलने की तिथि दर्ज है, लेकिन केंद्र 30 नवंबर को खुला और छह दिसंबर को बंद कर दिया गया। डिप्टी आरओ को फोन करने पर जवाब नहीं मिला। यूनियन ने आरोप लगाया कि जिले के कई क्रय केंद्रों पर रिकॉर्ड में 600 क्विंटल खरीद दिखा दी जाती है, जबकि मौके पर एक कांटे से मुश्किल से 200 क्विंटल खरीद हो पाती है। बदायूं में बाजरा माफियाओं की सक्रियता और किसानों का मात्र 20 प्रतिशत बाजरा बिकने की बात भी उठाई गई। पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रामशंकर शंखधार, जिला प्रभारी झाझन सिंह, जिला युवा अध्यक्ष अमरपाल सिंह, जिला प्रवक्ता शाहिद अली व ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल सिंह यादव शामिल रहे।

# वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन का समय बढ़ाने की मांग



जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजसेवी फखरे अहमद शोबी ने उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को संबोधित ज्ञापन जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को सौंपा। जिसमें वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन के लिए उम्मीद पोर्टल की तारीख बढ़ाने की मांग की। कहा कि कई प्रदेशों में कार्यपालक अधिकारियों ने वक्फ न्यायाधिकरण में जाकर अपील की है कि रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ानी चाहिए। जिसपर वक्फ न्यायाधिकरण ने छह महीने का समय बढ़ाया है। समाजसेवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण ने पिछले दिनों एक फैसला लिया था कि वही लोग अपील कर सकते हैं जिन लोगों को उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन है। वक्फ न्यायाधिकरण को समय सीमा बढ़ाने का पूरा अधिकार है।

# नालों से निकाली गंदगी, सड़कों पर ढेर लगा भूले सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते शहर गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है। नालों से निकाली गयी गंदगी सड़क किनारे डाल दी है तो कहीं पर नालों में गंदगी भरी पड़ी है जिससे भारी दुर्गंध आ रही है। गंदगी के चलते शहर में बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

शहर में पालिका प्रशासन सफाई व्यवस्था पर ध्यान नही दे रहा है जिससे जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। तीन दिन पहले अलापुर रोड स्थित नाले से निकाली गयी गंदगी को सफाई कर्मियों ने सड़क किनारे डाल दिया। तीन दिन बाद भी गंदगी को नहीं उठाया है जिससे रोड से गुजरने वाले लोगों को दुर्गन्ध का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गंदगी सड़क तक फैल रही है। छुट्टा पशु गंदगी को इधर उधर कर रहे हैं। जिससे लोग परेशान हैं। गंदगी के चलते लोग इधर से आने जाने ये बचते हैं।स्थानीय लोगों ने कहा कि कि पालिका प्रशासन की मनमानी के चलते कई कई दिन तक गंदगी रोड किनारे ही पड़ी रहती है जिससे मच्छर पनपते हैं। मच्छरों के चलते संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।



रोडवेज बस स्टैंड के निकट नाले में भरी गंदगी। ● अमृत विचार

● जगह-जगह बनी नारकीय स्थिति, भारी दुर्गंध से लोग परेशान

उधर शहर के बीचो बीच रोडवेज बस स्टेंड के निकट नाले में भारी गंदगी भरी हुई है। इस नाले की काफी अरसे से सफाई नहीं की गयी है जिससे नाला गंदगी से भर चुका है

और पानी का बहाव भी रुका हुआ है। गंदगी सड़ रही है जिससे दुर्गंध आ रही है। रोडवेज व बाजार आने जाने वाले लोगों को हर दिन गंदगी से होकर ही गुजरना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि नाले की सफाई कराने को पालिका प्रशासन को पत्र भी दिया गया मगर किसी ने इधर ध्यान नही दिया। रोडवेज के सामने इस नाले के निकट होटल है जहां लोग गंदगी के चलते परेशान रहते हैं। शहर के नई सराय स्थित बड़े नाले के आस पास रहने वाले अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने बताया कि वार्ड मेम्बर से नाले की सफाई कराने को कहा गया मगर उन्होने इस पर ध्यान नहीं दिया। जवाहरपुरी स्थित नाले से भारी दुर्गन्ध उठती है जिससे स्थानीय लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ रहे हैं। कई लोगों ने दूसरे मकान किराए पर लिए हैं। नाले की सफाई नहीं होने से यहां नारकीय स्थिति बनी रहती है।



अलापुर रोड पर पड़ी गंदगी।

### आठ में से हुई तीन नालों की सफाई

शहर के नालों की सफाई नहीं होने से मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। जिससे संक्रामक बीमारियां पनपने लगी हैं। शहर के आठ नालों में से मात्र तीन नालों की पिछले महीने सफाई की गयी। पांच नालों में जबाहरपुरी, नई सराय, रोडवेज स्थित नाला, दातागंज रोड स्थित नाला, पनबड़िया का नाला आदि में भारी गंदगी के कारण मच्छर बड़ी संख्या में पनप रहे हैं जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

# आज शहर में आएंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

**बदायूं, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर बदायूं आएंगे। दौरे का कार्यक्रम जारी कर लिया गया है। सुबह 11 बजे वह भाजपा कार्यालय आएंगे। जहां पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। जिसके बाद विकासशील व निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करें। जिसके बाद प्रेस वार्ता होगी। पौने 2 बजे अलापुर मार्ग स्थित पूनम लॉन में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य की भतीजी के शादी समारोह में शामिल होने के बाद बरेली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# चालू पेराई सत्र का भुगतान शुरू, किसानों को राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन की सख्ती के बाद बिसौली चीनी मिल ने चालू गन्ना पेराई सत्र शुरू होते ही गन्ना किसानों का भुगतान भी शुरू कर दिया है। जबकि पिछले सत्र का करीब बीस करोड़ रुपया बकाया है जिसे किस्तों में दिया जा रहा है।

बिसौली की यदु शुगर मिल ने पिछले गन्ना पेराई सत्र के दौरान करीब 95 करोड़ का गन्ना खरीदा था। जिसके भुगतान को शासन को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। मिल प्रशासन ने किस्तों में अब तक नवम्बर तक का भुगतान किया है, करीब 20 करोड़ का अभी भी बकाया है। इस गन्ना पेराई सत्र के दौरान मिल प्रशासन ने किसानों को भुगतान शुरू कर दिया है। मिल प्रशासन ने चार दिन पूर्व गन्ना किसानों को एक करोड़ 22 लाख का भुगतान किया है। मिल ने अभी तक जितना गन्ना खरीदा है उसका भुगतान करने को एक कार्ययोजना तैयार की है। उसी कार्ययोजना के माध्यम से गन्ना किसानों का भुगतान किया जा रहा है। मिल प्रशासन की ओर से बताया गया, इस बार गन्ना किसानों का भुगतान अभी से शुरू कर दिया है, जिससे मिल पर अधिक आर्थिक बोझ न रहे। मिल प्रशासन ने गन्ना किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुगतान प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिससे गन्ना किसानों को बड़ी राहत मिली है।



मिल गेट पर खड़े गन्ना लदे वाहन। ● अमृत विचार

● पिछले साल का बकाया है बीस करोड़ रूपया

● बिसौली चीनी मिल ने शुरू किया खरीद के साथ भुगतान

### मिल के काटे गए नौ केंद्र

बिसौली चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का समय पर भुगतान न करने पर शासन स्तर से कार्रवाई करते हुए मिल के 9 गन्ना क्रय केंद्र कम किए हैं, जिससे मिल को गन्ना इस बार कम मिल रहा है। काटे गए क्रय केंद्र हरदोई की चीनी मिल को दे दिए हैं। कुछ अन्य मिलों को भी दिए हैं। जिले का सबसे अधिक गन्ना उत्पादन करने वाला गुलड़िया क्षेत्र है इसी क्षेत्र के सेंटर कम किए हैं।

### शेखूपुर चीनी मिल ने खरीदा एक लाख दस हजार क्विंटल गन्ना

शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल ने आज तक एक लाख दस हजार क्विंटल गन्ना खरीदा है। मिल पर अब किसान गन्ना लेकर पहुंच रहे हैं जिससे मिल परिसर में ट्रैक्टर ट्राली खड़े करने को जगह नहीं बची है। एक सप्ताह पहले तक मिल परिसर में बहुत कम गन्ना किसान गन्ना लेकर पहुंच रहे थे। अब किसान गन्ने की छिलाई करने में जुटे है जिससे रात दिन गन्ना मिल गेट तक पहुंचाया जा रहा है।

# सड़कों का बिछेगा जाल स्वीकृत हुए 132 करोड़

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कराने को विधायक द्वारा 132.87 करोड़ रुपये सवीकृत कराए गए हैं। धनराशि से करीब 55 किमी से अधिक सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। साथ ही अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे जिससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने मंगलवार को बताया कि उनकी विधान सभा क्ष्रेत्र के ग्राम हरगनपुर, पीतम नगर, पीतम नगला ,खिरकवारी मानपुर पुख्ता, जरीफपुर गढ़िया, बसंत नगर, मुजरिया, बुटला, छतुईया,नैथुआ, जिनौरा, कोठी नगला, कुढा. नरसिंहपुर ,सुकटिया आदि ग्रामों में कीचड़ तथा जल भराव के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब स्वीकृ धनराशि से सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत खिरकवारी मानपुर पुख्ता, तोफी नगला ,तिलिया खाता एवं हरसिंहपुर के निवासियों की सुविधा को लघु सेतुओं की स्वीकृति कराई गई ।

● क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए अन्य निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे

इसके अतिरिक्त द्वारा कछला से हुसैनपुर बक्सर खालसा तक तथा बिल्सी से इस्लामनगर तक सड़क का चौड़ी करण एवं सुदृढ़ीकरण स्वीकृत कराया गया है।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल सड़कों की लंबाई 55.045 किलोमीटर तथा धनराशि रुपए 132.87 करोड़ के मार्गो एवं लघु सेतु का नवनिर्माण अथवा पुनर्निर्माण कराए जाएंगे।

# डिस्प्ले काउंटर लगाकर दी नौकरी की जानकारी

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव असिर्स के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज में मंगलवार को करियर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ एन सी सी द्वारा परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जवाहर लाल उपाध्याय, प्रधानाचार्य भूमिराज सिंह एवं पीएचसी घटपुरी डॉ मेराज हुसैन को मार्च पास्ट एवं सलामी देकर किया गया।

कार्यक्रम में मां शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए छात्राओं द्वारा स्वागत गीत लघु नाटिका एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। स्टालों के माध्यम से विभिन्न व्यवसायों यथा डॉक्टर, गायक, इंजीनियर, शेफ, आपरेटर, टीचर, टेलर, डिटीशियन, वकील, ब्यूटीशियन, आईएएस पुलिस, क्लर्क आदि का डिस्प्ले करते हुए काउंटर लगाए गए, जहां सभी को नौकरी की विस्तृत जानकारी दी।

● पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में करियर मेला आयोजित

नोडल अधिकारी इंद्र प्रकाश सिंह ने अपनी टीम के साथ व्यवस्थाएं देखीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह राठौर सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# अतिक्रमण से लोग परेशान, पालिका प्रशासन मौन

**बदायूं, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद रोड पर मंडी समिति के पास अतिक्रमण से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने पालिका प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। फर्रुखाबाद रोड स्थित पुलिस चौकी से आगे रोड के दोनों ओर दुकानदारों ने अपना सामान लगाना शुरू कर दिया है जिससे रोड पर आने जाने वाले बस और ट्रकों को बचाने में परेशानी होती है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दुकानों के आगे सामान रखने से सड़क पर दिक्कत होती है। गौरी शंकर मंदिर के सामने ठेले वालों ने फल वालों ने सड़क पर कब्जा कर लिया है जिससे परेशानी होती है। मझिया रोड पर भी दुकानदार अतिक्रमण कर रहे हैं। काफी समय से शिकायत की जा रही है मगर पालिका प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# आपातकालीन स्थिति में भी न खोएं धैर्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत स्काउट -गाइड संस्था की ओर से गंगादीन इंटर कॉलेज में चल रहे शिविर के दूसरे दिन बच्चों और शिक्षकों ने खोज के चिन्हों की सहायता से ऐतिहासिक, धार्मिक, दर्शनीय तीर्थ स्थलों की हाइक ( एक स्थान को चिहि्न्त करना )की। प्राथमिक चिकित्सा, गांठें बंधन, तंबू निर्माण, गैजेट्स, मॉक ड्रिल, स्काउट गाइड को युद्ध के दौरान कैसे बचे, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचाएं और क्या करें करें का प्रशिक्षण दिया गया।

पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा युवा आपातकालीन स्थिति में धैर्य न खोएं, हिम्मत से काम लें। खुद को तैयार रखें, आवश्यक वस्तुओं को साथ रखें। सायरन बजने पर घर में रहें, लाइट बंद रखें। अफवाहों पर ध्यान न दें। सिर्फ आधिकारिक सूचना स्रोतों पर भरोसा करें। मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज रखें। मॉक ड्रिल का अभ्यास बार- बार करें। हवाई हमला या बमबारी का अलर्ट हो, तो तुरंत जमीन पर लेट जाए, सिर को ढकें और दीवार या मजबूत चीज के पीछे शरण लें। प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने स्काउट ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करती है। वरिष्ठ शिक्षक योगेन्द्र तिवारी ने हाईक स्थल का पौराणिक इतिहास बताया। खोज के चिन्हों की सहायता से हाईक सिद्ध बाबा मंदिर पहुंची। बच्चों को आग में फंसे लोगों को निकालने, डूबते लोगों को बचाने, टेंट बनाने, भोजन बनाने के अलावा डॉक्टरी गांठ, रीफ नाट, शीट बैंड आदि का अभ्यास कराया। अर्जुन सिंह, मोहम्मद आमिर खान, दीपक शर्मा, अवधेश कुमार, गोपाल कृष्ण आदि मौजूद रहे।



शिविर में ढोल बजाने का अभ्यास करती छात्राएं। ● अमृत विचार

● गंगादीन इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में बच्चों को किया प्रशिक्षित

# युवक को बुलाकर पीटा, रुपये छीनने का आरोप

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी यकीन मोहम्मद निवासी भूरी पत्नी स्माइल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने उनके बेटे को चौकी नंबर चार पर बुलाया।

जहां पहले से चार लोग घात लगाए बैठे थे। आरोप है कि उन लोगों ने महिला के बेटे से मारपीट की और उससे 25 हजार रुपये छीन लिए। बेटे ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते महिला ने कोवताली जाकर शिकायत पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

### एसएसपी ने बदले दो चौकी इंचार्ज, अन्य का हुआ स्थानांतरण

बदायूं, अमृत विचार : जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने चार उपनिरीक्षक और 57 सिपाहियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है जबकि दो सिपाहियों का स्थानांतरण आदेश निरस्त किया गया है। उपनिरीक्षक वेदप्रकाश को पुलिस लाइन से यूपी 112 पर तैनात किया गया है। बिसौली के इंचार्ज राममेहर सिंह को बिसौली कस्बा का चौकी प्रभारी बनाया है। इसके अलावा बिसौली कस्बा चौकी इंचार्ज विदेश कुमार शर्मा के लिए बिल्सी कस्बा का इंचार्ज बनाकर भेजा गया है। थाना बिनावर के उपनिरीक्षक सुभाष सिंह को दातागंज कोतवाली स्थानांतरित किया गया है। कुंवरगांव के सिपाही धर्मवीर सिंह का दातागंज और यूपी 112 से अलापुर किया गया आशीष चौधरी का स्थानांतरण निरस्त किया गया है।

# ईओ के खिलाफ की नारेबाजी काम बंद कर की हड़ताल

## सफाई कर्मियों के साथ की गई अभद्रता को लेकर नगर पालिका परिसर बना जंग का अखाड़ा

संवाददाता, दातागंज



प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद दातागंज के अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई कर्मियों के साथ की गई अभद्रता को लेकर मंगलवार को नगर पालिका परिसर जंग का अखाड़ा बन गया। ईओ के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने ईओ आकाश आनंद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सफाई नायक जितेंद्र कुमार ने कहा कि आज वह अपना काम कर रहा था तभी ईओ ने उसे अपने कार्यालय में बुलाया। उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी। जितेंद्र ने जब इस अभद्रता की जानकारी अपने साथियों को दी तो सभी काम बंद कर नगर पालिका परिसर पहुंच गए और ईओ के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

सफाई नायक जितेन्द्र कुमार ने ईओ पर आरोप लगाया कि उन्होंने कार्यालय में बुलाकर उसके साथ गाली गलौज कर दुर्व्यवहार किया ।जब अन्य सफाई कर्मियों को इसकी जानकारी मिली तो सभी पुरुष महिला सफाई कर्मचारी एकत्रित होकर ईओ के द्वारा की गई गाली गलौज व दुर्व्यवहार को लेकर परिसर में नारेबाजी करते हुए हड़ताल पर चले गए।

महिला सफाई कर्मचारियों ने भी अधिशासी अधिकारी पर अभद्र व्यवहार करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि जब तक अधिशाषी अधिकारी आकाश आनंद माफी नहीं मांगते तब कार्य नहीं करेंगे।

चेयरमैन नैना गुप्ता के पति अनूप गुप्ता ने बताया कि ईओ ने सफाई व्यवस्था को लेकर सख्ती दिखाई थी, गाली गलौज नहीं की, सफाई कर्मियों से बात कर मामले को निपटाया जायेगा ।

एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया ।कि सफाई कर्मियों के कार्य बहिष्कार का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है ।मामले की जानकारी ली जाएगी । ईओ से बात करने को फोन किया गया लेकिन उन्होंने उठाया नहीं ।

## शासन से किया गया मूल्यांकन, जिले को 135 में से 135 अंक मिले

# आईजीआरएस के निस्तारण में प्रदेश में नंबर वन पर रही बदायूं पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

**अमृत विचार :** बदायूं पुलिस को नवंबर में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण में जिले की पुलिस उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर रही है। शासन से नवंबर की शिकायतों के मूल्यांकन के बाद सूची जारी की गई थी।

जनसुनवाई पोर्टल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शासन ने पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के संबंध में प्रदेश के 75 जिलों का नवंबर का मूल्यांकन किया था। जिसमें बदायूं नंबर एक पर रहा है। जिले को शिकायतों के अग्रसारण में 10 में से 10 अंक मिले हैं।

नवंबर में कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं गई। जिसकी वजह से 20 में से 20 अंक अर्जित हुए। संतुष्टि फीडबैक के आधार पर 30 में 30 अंक, उच्चाधिकारियों द्वारा किए गए श्रेणीकरण में 20 में से 20 अंक, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से किए गए श्रेणीकरण में 10 में 10 अंक, रैंडम श्रेणीकरण में भी 10 में से 10 अंक, उच्चाधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई में 10 में 10 अंक प्राप्त हुए हैं। साथ ही जनता दर्शन फीडिंग भी 10 में से पूरे अंक मिले।

प्रोफाइल अपडेशन में 5 में 5, अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट रिपोर्ट में भी 10 में से 10 अंक प्राप्त हुए हैं। मूल्यांकन रिपोर्ट में 135 में से जिले को सभी 135 अंक मिले। जिसके चलते उपलब्धि हासिल हुई है। इसके अलावा जिले के 22 थानों को भी प्रदेश में पहला स्थान मिला है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने नोडल अधिकारी एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, आईजीआरएस प्रभारी ऋषिपाल सिंह, निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज और आईजीआरएस यूनिट की प्रशंसा की। नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING
Be a part of a dedicated and growing academic team !
NOW HIRING !
Join a Leading Institution Shaping Future Nurses
VACANCIES
• Associate Professor
• Assistant Professor
• Nursing Tutor
REQUIREMENTS
✓ Relevant qualifications as per INC Norms
✓ Strong teaching ability
✓ Commitment to academic excellence
✓ Passion for guiding nursing Students
CONTACT DETAILS
Mob : 7521001992, 9412151327
Email : vacn201@gmail.com, varunarjun2016@gmail.com
NH-30, Banthra, Shahjahanpur

### मारपीट के मामले में 30 लोगों पर रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव खेराती निवासी मनवीर सिंह शाक्य ने बताया कि 3 दिसंबर को ग्रिल लगा रहे थे। दोपहर 3 बजे लालपुल निवासी अरविंद मौर्य, गांव सरफुद्दीन नगला निवासी रूपेश कुमार शाक्य, विनोद, जुगपुरा निवासी अरविंद शाक्य, बहेड़ी निवासी प्रमोद आए और काम करने से मना करने लगे। विरोध पर गाली-गलौज की। अरविंद मौर्य ने 20-25 और लोगों को धारदार हथियार लेकर बुला लिया। मनवीर सिंह के साथी राकेश शाक्य पर कर दिया। बचाव को पहुंचे डॉ. मुकेश कुमार मौर्य से भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 30 के पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# रेलवे स्टेशन गेट पर चला हथौड़ा, ध्वस्त कीं दीवारें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


रेलवे स्टेशन का टूटता मुख्य गेट। ● अमृत विचार

- अमृत भारत योजना के तहत बदल जाएगा रेलवे स्टेशन का स्वरूप

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के सौ साल पुराने मुख्य गेट पर मंगलवार को हथौड़ा चलाया गया। गेट को तोड़ा जा रहा है। उसकी जगह पर नया द्वार बनाया जाएगा, जिससे रेलवे स्टेशन को भव्य रूप दिया जा सके। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अगले तीन महीने में मुख्य द्वार नया बनकर तैयार हो जाएगा।

करीब सौ साल पहले रेलवे स्टेशन को बनाया गया था। तभी मुख्य गेट बनाया गया था, जो कई साल तक लोगों को आकर्षित करता रहा। लेकिन अब सब कुछ नया हो रहा है। मंगलवार को कर्मचारियों ने गेट पर हथौड़ा चलाकर तोड़ना शुरू कर दिया। मजबूत निर्माण की वजह से तोड़ने में मजदूरों के पसीने छूट रहे है। विभाग के अनुसार पुराने गेट को तोड़ने में ही 10 से 15 दिन का समय लग जाएगा। इस दौरान यात्रियों के आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है।

**परिसर में नहीं खड़े हो रहे ऑटो :** रेलवे कर्मचारियों के आवास को जाने वाली सड़क पर भी बैरिकेडिंग किया गया है। इस रास्ते को बंद कर दिया गया है । अब रेलवे कर्मचारियों को आने जाने के समय ही रास्ता खोला जाएगा। साथ ही परिसर में खड़े वाहनों को भी हटा दिया गया है। अब ट्रेन के आने जाने के समय ऑटो ई रिक्शा मुख्य सड़क पर ही खड़े किए जाएंगे। जिससे किसी तरह की घटना का डर न रहे।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो के पीछे बनाई गई दीवार को और ऊंचा कर दिया गया है जिससे कूद कर भी कोई अंदर न पहुंच सके। इधर से केवल रेलवे के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी ही गुजर सकेंगे।

# पात्र मतदाता न छूटे, यही एसआईआर का उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह।


बैठक में मौजूद स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- घर-घर संपर्क कर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने में मदद करें कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, जिला प्रवासी व पूर्व डीसीबी चेयरमैन भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक त्रुटिरहित व पारदर्शी मतदाता सूची देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है और घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र मतदाताओं का मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण फॉर्म भरवाकर उनके मतदान अधिकार को सुरक्षित करने का कार्य करेगा। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का अभियान है।

भाजपा कार्यकर्ता संगठनात्मक अनुशासन और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को बूथ स्तर तक पहुंचाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संभव हो सके। जिला प्रवासी ने कहा कि भाजपा हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करती रही है। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पार्टी संगठन मंडल और बूथ स्तर तक इस अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहा है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर सके। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, अभियान संयोजक शैलेंद्र मोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा के विधानसभा संयोजक, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया

पीलीभीत, अमृत विचार : श्रीसंकट मोचन बालाजी महाराज संकीर्तन दरबार पीलीभीत वाले बाबा का 37वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया गया। भक्तों ने भजन कीर्तन करते हुए बाबा का गुणगान किया। महंत अमोल वशिष्ठ ने बताया 17 नवंबर को अखंड ज्योति से कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जो कि 27 दिसंबर तक चलेगा। 20 दिसंबर को शक्ति दरबार, 24 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 26 दिसंबर को वार्षिक उत्सव दरबार सजेगा। 27 को ब्रहमभोज के साथ भंडारा होगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमित शुक्ला के दुर्व्यवहार और गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व वाद विवाद से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राजकुमार शुक्ला पुत्र तिलकराम शुक्ला ग्राम मितौली जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सितारा अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम फातिमा बेगम उर्फ सितारा है। भविष्य में मुझे फातिमा बेगम उर्फ सितारा के नाम से जाना व पहचाना जाये। **फातिमा बेगम उर्फ सितारा पत्नी सफी हसन नि. ग्राम भटपुरा रसूलपुर परगना बड़ागांव तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर मो. 9621852759**

**सूचना**

मैंने अपने मझले पुत्र प्रमोद पुत्र स्व. रामलखन व बहू अनीता पत्नी प्रमोद को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुनीता देवी पत्नी स्व. रामलखन निवासी मोहल्ला टेहरा शहरी, पलियाकलां- खीरी।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-30, बंथरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश
Radiation Oncology Department
Cancer Facilities (कैंसर उपचार एवं सुविधाएं)
कैंसर की सटीक जाँच (Accurate Diagnosis)
नवीनतम तकनीक द्वारा कैंसर की प्रारंभिक एवं सटीक पहचान की सुविधा
● बायोप्सी
● रेडियो इमेजिंग (CT, MRI)
● ब्लड मार्कर जाँच

कीमोथेरेपी (Chemotherapy)
● सभी प्रकार के कैंसर की कीमोथेरेपी द्वारा उपचार की पूर्ण व्यवस्था
कैंसर की पूर्ण देखभाल (Comprehensive Cancer Care)
● कैंसर रोगियों के लिए पोषण, काउंसलिंग एवं पुर्नवास सहायता
● व्यक्तिगत (Individualised) उपचार योजना
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट परामर्श उपलब्ध
● कैंसर के हर चरण के लिए सही मार्गदर्शन व उपचार योजना उपलब्ध।
(प्रतिदिन ओ.पी.डी. कमरा नं. 171 में प्रातः 9:00 से सायं 4:00 बजे तक)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

# समितियों और इफको दुकानों पर नहीं मिल रही खाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


इफको की दुकान पर खाद लेने को लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले भर में खाद का भारी संकट बना हुआ है। डीएपी खाद के बाद अब यूरिया खाद नहीं मिल रही है। इफको की दुकान पर किसानों को खाद के साथ जबरन दवा की शीशी दी जा रही है। दवा के लिए मोटी रकम वसूली जा रही हे। जिससे किसानों की जेब पर असर पड़ रहा है। खाद के लिए किसान पिछले दो महीने से मारामारी कर रहे हैं।

साधन सहकारी समितियों पर इस समय यूरिया खाद नहीं है। किसान यूरिया खाद गेहूं की फसल में लगा रहे हैं इसलिए खाद को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। समितियों पर खाद का संकट बना हुआ है।

कस्बा उसावा स्थित इफको ई बाजार में किसान खाद के लिए कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं। यहां पर सचिव की मनमानी से किसानों को परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि सचिव की हठधर्मिता से किसान परेशान हैं। मंगलवार को इफको बाजार में खाद लेने पहुंचे किसानों को दो बोरी यूरिया खाद के साथ एक दवा की शीशी जबरन दी गयी जिसको लेकर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। लाइन में लगी महिलाओं ने कहा कि यह सब सचिव की मनमानी से हो रहा है। किसान यदि शीशी नहीं खरीदते हैं तो उसे खाद नहीं दी जाती है। उसे बाहर कर दिया जाता है। मरौरी निवासी किसान हरिपाल ने बताया कि दवा की शीशी खरीदने को अतिरिक्त रुपए देने पड़ते हैं। कहीं पर भी इस तरह खाद नहीं दी जाती है। किसानों का आरोप है कि यूरिया खाद की बोरी की कीमत 266 रु है जबकि किसानों से 270 रुपये लिए जाते हैं। उसके बाद भी दवा की शीशी के रूपए अलग से वसूले जाते है। किसानों ने बताया कि इफको की दुकान पर किसी अधिकारी का अंकुश नहीं है। यहां पर कोई चेकिंग करने को भी नहीं आता है जिससे सचिव अपनी हठधर्मिता के साथ काम करते हैं। दवा के नाम पर किसानों से मोटी रकम वसूली जाती है। साधन सहकारी समिति अलापुर में भी यूरिया खाद के लिए तीन दिन से किसान चक्कर लगा रहे हैं। किसानों को सुबह पांच बजे आना पड़ता है तब उन्हें खाद दी जाती है। बाद में आने वालों को टोकिन नहीं दिए जाते हैं। जिससे सैकड़ों किसानों को लाटना पड़ता है। सखानू ईकरी और वसियानी में भी खाद के लिए किसान परेशान हैं।

रसूलपुर की साधन सहकारी समिति पर एक सप्ताह से खाद नहीं है किसान सुबह को पहुंचते हैं। समिति पर ताला लटका देख किसान वापस लौट जाते हैं।

### डीएपी के बाद यूरिया ब्लैक में खरी रहे किसान

सहकारी समितियों और इफको की दुकानो पर खाद की कमी के चलते किसानो को बाजार से ब्लैक में खाद खरीदनी पड़ रही है। बाजार से तीन सौ रूपए में यूरिया की एक बोरी मिलती है। किसान को 34 रुपये अतिरक्त देने पड़ रहे हैं। खाद की कालाबाजारी पर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे पहले डीएपी खाद बाजार से महंगे दामों पर खरीदनी पड़ी, अब यूरिया ब्लेक में खरीदनी पड़ रही है।

आवश्यकता है
अनुभवी व्यक्तियों की
● पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
● सिक्यूरिटी गार्ड
● कंप्यूटर ऑपरेटर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

## न्यूज ब्रीफ

### कब्जे का विरोध करने पर मारपीट, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार** : बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मैथरा निवासी अनुपम देवी ने बताया 19 नवंबर को गांव के जितेंद्र, पुष्पेंद्र उनके पुराने मकान की जगह पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। उसने विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर महिला की सास पुष्पा देवी बचाने के लिए पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोपी अच्छे ने उसकी बेटी से मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायत करने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो महिला ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**उसहैत, अमृत विचार** : पैदल जा रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा उसहैत के वार्ड आठ निवासी निसार अहमद मंगलवार को दुकान से अपने घर पैदल जा रहे थे। शाहपुर मार्ग की ओर से तेज रफ्तार बाइक सवार आया। मजर होटल के पास निसार अहमद को पीछे से टक्कर मार दी। वह सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर घायल का बेटा मौके पर पहुंचा। पिता को निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे के बाद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। उसने अपना नाम नरपत नगला निवासी नन्हें पुत्र पप्पू बताया। घायल के बेटे नफीस ने उसके खिलाफ तहरीर दी है।

### जागरुकता के लिए 16 को होगा रोड शो

**बदायूं, अमृत विचार** : डीएम अवनीश राय ने बताया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक) 2025-26 के अंतर्गत श्रीअन्न के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे रोड शो होगा। जो बदायूं क्लब, भामाशाह चौक, ओवरब्रिज, संतोख सिंह तिराहा, लक्ष्मीबाई चौक होते हुए डायट स्थित ऑडिटोरियम पर समाप्त होगा।

### नगला गांव के अंडरपास से गुजरने लगे वाहन

**बदायूं, अमृत विचार** : नगला गांव पर बने रेलवे के अंडरपास से अब सभी वाहन निकल रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि अंडरपास का उद्घाटन नहीं किया जा रहा है जिससे अंडरपास से आने जाने पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन अब ग्रामीण बिना उद्घाटन के ही अंडरपास से गुजर रहे हैं। गन्ना लदे वाहनों को भी अंडरपास से निकाला जा रहा है। स्कूली वाहन और कार वाइकें काफी समय से आते जाते हैं। जबकि रेलवे की ओर से अभी तक अंडरपास का शुभारंभ नहीं किया गया है।

# समधन को मारी गोली, गंभीर

## पुलिस ने आरोपी को लाइसेंसी बंदूक के साथ किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : विवाद के चलते युवती के पिता ने अपनी समधन को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दोनों पक्ष में हुई मारपीट में तीन अन्य लोग भी घायल हो गए। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन का है। गांव करकटपुर निवासी टीकाराम मिश्रा के बेटे आशुतोष मिश्रा की शादी साल 2017 में कस्बा बगरैन निवासी इंदु के साथ हुई थी। पति-पत्नी नोएडा में रहते हैं लेकिन दोनों के बीच मनमुटाव हो गया था। जिसको लेकर आशुतोष के पिता टीकाराम मिश्रा, मां प्रवेश, बहन ज्योति व बहनोई हिमांशु शर्मा, विवेक बात करने के लिए इंदु के घर पर गए थे। दोनों पक्षों में बात शुरू हुई। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में मारपीट होने लगी।

- महिला गंभीर घायल, दोनों पक्ष में हुई मारपीट में तीन अन्य भी घायल

आरोप है कि आशुतोष के ससुर लाइसेंसी बंदूक निकाल लाए और दो फायर किए। एक गोली प्रवेश के कंधे में लगी। वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गईं। वहीं मारपीट में ज्योति, हिमांशु और आशुतोष के साले प्रवीण को भी चोट आईं। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। छत से लाइसेंसी बंदूक बरामद की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जमानत पर बाहर आए आरोपी दे रहे धमकी

**बदायूं, अमृत विचार** : हत्या के मामले में जमानत पर बाहर आए लोगों ने मृतक के परिजनों को धमकाना शुरू कर दिया है। वह हत्या मामले में फैसले का दबाव बना रहे हैं। मृतक के पिता के शिकायत पत्र के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। उघैती थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी राकेश कुमार गुप्ता पुत्र मदनलाल ने आईजी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनके गांव निवासी सुरेंद्र, रेशू, अवनेश, मुकेश ने तकरीबन छह-सात महीने पहले उनके बेटे रोहित गुप्ता के साथ मारपीट करके लूट करके हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा भी दर्ज हुआ था। सभी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल हुआ। आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। आरोप है कि वह सभी दबंगई किस्म के व्यक्ति हैं। जमानत मिलने पर सुरेंद्र, अवनेश, रेशू गुप्ता, दरियाव दो-तीन अन्य लोग चार पहिया गाड़ी और बुलेट से असलहा, चाकू लेकर उनकी नूरपुर पिनौनी स्थित दुकान पर आ गए। राकेश कुमार और उनके बेटे दीपक को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। 30 नवंबर दोपहर साढ़े तीन बजे दीपक को दुकान पर अकेला देखकर वह लोग दुकान के सामने घूमने लगे। जोर-जोर से बोल रहे थे कि रोहित की हत्या मामले में फैसला कर लो नहीं दो जान से मार देंगे। राकेश कुमार ने आशंका जताई कि वह लोग कुछ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। आईजी के निर्देश पर उघैती पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### विजीलेंस की छापेमारी से बिजली चोरों में मचा हड़कंप

**बदायूं, अमृत विचार** : बिजली विभाग की विजीलेंस टीम मंगलवार अलसुबह तीन गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। टीम के पहुंचते ही उपभोक्ताओं में खलबली मच गई। छापे के दौरान सात लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। उनके कनेक्शन काटे गए। टीम सबसे पहले ब्लॉक जगत के गांव उपरैला पहुंची, यहां सुबह 6 बजे ग्रामीण सो रहे थे तभी गेट खुलवाया। अचानक टीम को देखकर उपभोक्ताओं के होश उड़ गए। टीम ने मीटर चेक किए। दो स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई। उनके केबल उतार लिए और कनेक्शन काट दिए गए। बाद में टीम गांव उदमई पहुंची। यहां दो बिजली चोरों को पकड़ा। इसके बाद टीम गांव झंडपुर पहुंची। यहां एक मकान के ऊपर डाली गई कटिया को पकड़ा। मकान मालिका भाग गया। उसके बाद दो अन्य ग्रामीणों को बिजली चोरी के आरोप में नामजद किया गया। ग्रामीणों ने बताया टीम ने घर के बाहर लगे मीटर चेक किए। बिजली चोरी मिलने पर कनेक्शन काट दिए। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि टीम के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

# अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप, 15 तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने किसानों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के अंतर्गत सोलर पंप की बुकिंग के लिए विभागीय पोर्टल 26 नवंबर से खुला है। जो 15 दिसंबर को बंद हो जाएगा। सोलर पंप की बुकिंग के लिए किसानों का पंजीकरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर होना जरूरी है। जिस पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए बुकिंग करें। लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है।

ऑनलाइन बुकिंग के साथ 5000 रुपये टोकन मनी के रूप में जमा करनी होगी। पोर्टल पर जिलावार 2 एचपी, 3 एचपी का लक्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार सोलर पंप का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। 2 एचपी के लिए 4 इंच, 3 एचपी व 5 एचपी के लिए 6 इंच और 7.5 व 10 एचपी के लिए 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की खुद की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाए जाने पर टोकन

- सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न होने पर टोकन मनी हो जाएगी जब्त

मनी जब्त कर ली जाएगी। आवेदन भी निरस्त हो जाएगा। 22 फीट तक 2 एचपी सरफेस पंप, 50 फीट तक 2 एचपी सबमर्सिबल, 150 फीट तक 3 एचपी सबमर्सिबल, 200 फीट तक 5 एचपी सबमर्सिबल, 300 फीट तक की गहराई पर उपलब्ध जल स्तर के लिए 7.5 व 10 एचपी सबमर्सिबल सोलर पंप उपयुक्त होते हैं। बुकिंग के बाद अगर लक्ष्य से कम बुकिंग होने पर किसानों का चयन खुद ही कंफर्म हो जाएगा। लेकिन लक्ष्य के ज्यादा बुकिंग होने पर किसानों का चयन डीएम की अध्यक्षता वाली गठित समिति के समक्ष ई-लॉटरी के माध्यम से होगा। बुकिंग कंफर्म होने पर किसानों के मोबाइल पर मैसेज पहुंचेगा। सोलर पंप पर 60 प्रतिशत अनुदान है और 40 प्रतिशत किसान का अंश रहेगा। किसान सोलर पंप स्थापित होने के बाद स्थल परिवर्तित नहीं कर सकेंगे। वर्ना पूरी धनराशि किसान से वसूली जाएगी। योजना के संबंध में उप कृषि निदेशक कार्यालय से जानकारी की जा सकती है।

### महिला से अश्लीलता, साले व बहनोई पर रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार** : सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला ने तहरीर में बताया कि उसके पति का मोहल्ले के एक व्यक्ति से जमीन का मुकदमा चल रहा है। जिससे वह पति से रंजिश मानता है। 29 नवंबर की शाम नायब तहसीलदार विवादित खेत का मुआयना करने आए थे। उन्होंने महिला के पति न देवर को खेत पर बुलाया। उस समय पति और जेठ घर पर नहीं थे। जिससे महिला जेठानी के साथ खेत पर जा रही थी। शरीफउद्दीन और उसके साले खालिद ने उनका रास्ता घेर लिया। गाली-गलौज की, विरोध करने पर आरोपी शरीफउद्दीन महिला को गलत नीयत से पकड़कर दुकान में ले गया। विरोध पर लात घूसों से पीटने लगा। महिला के साथ गंदगी हरकत करने लगा। चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग आ गए। आरोपी आइंदा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। लोक लाज की वजह से महिला ने शिकायत नहीं की। अब शरीफउद्दीन घर पर आकर महिला को बेइज्जत करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### हादसे में दीवार से टकराया युवक मौके पर हुई मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव रसूला निवासी आर्येंद्र (31) पुत्र अमर सिंह सोमवार देर शाम उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पतौरा में अपनी रिश्तेदारी में गए थे। फिर देर शाम वापस अपने गांव लौटकर जा रहे थे। उझानी कोतवाली क्षेत्र के कादरचौक मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि आर्येंद्र बाइक समेत पास की दीवार से जा टकराए। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मंगलवार सुबह परिजन सूचनाम मिलने पर चीत्कार करते हुए पहुंचे। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों ने बताया कि आर्येंद्र बच्चों को पढ़ाने के लिए उझानी की लक्ष्मी नगर कॉलोनी में रह रहे थे।

# 87 विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण कर बढ़ाया ज्ञान



शैक्षिकभ्रमण के दौरान लखनऊ में बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार**: प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय बसारा के 87 मेधावी विद्यार्थियों ने राजधानी लखनऊ का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया।

शैक्षिक दल का नेतृत्व उच्च प्राथमिक विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने किया। प्राथमिक विद्यालय की ओर से शिक्षिक निधि शुक्ला और कौशलेंद्र कुमार के साथ बृजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और पूरे भ्रमण के दौरान उनकी सुरक्षा तथा सीखने की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया। 87 बच्चों ने जवाहरलाल नेहरू प्लैनेटेरियम को देखा। अंतरिक्ष, ग्रहों और खगोलीय पिंडों के रहस्यों को समझा, जिससे उनमें विज्ञान और खगोल विज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई। लखनऊ चिड़ियाघर में विभिन्न वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवासों में करीब से देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल भी देखा।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

**बदायूं, अमृत विचार** : बगरैन के मिनी स्टेडियम में दूसरे दिन वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती प्रतियोगिता हुई। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वालीबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग के जूनियर वर्ग में करखेरी और सब जूनियर बालक वर्ग में वजीरगंज, सीनियर बालक वर्ग में बगरैन की टीम विजेता बनी। कुश्ती सीनियर वर्ग के 80 किग्रा वर्ग में चंद्रकेश, 60 किग्रा में विजेंद्र, 55 किग्रा वर्ग में अमरदीप, सब जूनियर वर्ग के 44 किग्रा वर्ग में मोनू, 50 किग्रा वर्ग में प्रियांशु और बालिका के जूनियर वर्ग के 68 किग्रा वर्ग में शालिनी, 45 किग्रा में नंदिनी को पहला स्थान मिला। बैडमिंटन सब जूनियर के बालक वर्ग में साहिल, सीनियर वर्ग में आमिर, जूनियर वर्ग में अमन प्रथम रहे। पूर्व विधायक ने विजेताओं को मेडल पहनाए।

# गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए

संवाददाता, बिल्सी

- सीएचसी में पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत दी सलाह

**अमृत विचार** : मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 30 से अधिक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री शर्मा ने महिलाओं को गर्भावस्था में खानपान एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस अवधि में महिलाओं को संतुलित व पौष्टिक भोजन अवश्य लेना चाहिए, जिससे गर्भ में पल रहे शिशु के विकास में कोई बाधा न आए। उन्होंने हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दालें, अंडा तथा आयरन-फोलिक एसिड की नियमित खुराक लेने पर जोर दिया। महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने, टीकाकरण पूरा होने, तनाव से दूर रहने और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि संतुलित दिनचर्या अपनाने से प्रसव संबंधी जटिलताओं की संभावना काफी कम हो जाती है। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं की जांच के साथ उन्हें पोषण, एएनसी चेकअप, टीकाकरण और प्रसव पूर्व देखभाल से जुड़ी जानकारी भी प्रदान की। इस मौके पर डा.चारू गुप्ता, शशिवाला, सुमन शर्मा, प्रतीक्षा भारद्वाज आदि मौजूद रहीं।

# दो दिवसीय वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार से दो दिवसीय विवसीय वार्षिक निरीक्षण शुरू हो गया। प्रथम दिन छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन, शैक्षिक क्रियाकलापों एवं कार्यालय का निरीक्षण किया गया. पूर्व छात्र परिषद एवं आचार्य परिषद की बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । अवकाश के बाद आचार्य परिवार एवं पूर्व छात्र परिषद के व्यवसायी छात्रों के साथ बैठक कर विद्या भारती योजना का उद्देश्य बताया गया।

पीलीभीत के निरीक्षक कुरेन्द्र पाल सिंह ने बोधकथा के माध्यम से जीवों पर दया करने एवं परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, समझाया। संजीव कुमार पाण्डेय फरीदपुर, गोपाल कृष्ण हरुनगला, रामकिशोर श्रीवास्तव बरेली,



बच्चों को संबोधित करते निरीक्षण दल के सदस्य।

विनोद कुमार शाहजहांपुर आदि लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख राजकुमार सिंह सेंगर, अनुज पटेल, जगतपाल सिंह, प्रवेश मिश्रा, हिमांशु उपाध्याय, रुचि माहेश्वरी, दीक्षा गोस्वामी, कंचन कुमारी, दिनेश कुमार शर्मा, अचल शर्मा, उपस्थित रहे।

### दहेज के लिए महिला को पीटकर निकाला

**विजय नगला, अमृत विचार** : थाना बिनावर क्षेत्र के गांव निजामपुर पस्तोर निवासी महिला रुखसार ने तहरीर देकर बताया कि उनका निकाह लगभग सात साल पहले रिजवान पुत्र मोइद्दीन के साथ हुआ था। उनकी मां ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। जिससे ससुरालीजन खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि पति रिजवान, सास, दिलावरी, ननद जहाना और जरीना ने निकाह में कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया। मायके से दो लाख रुपये लाने की मांग करने लगे। मांग के बारे में अपनी मां को बताया। मां ने कहा कि इतने रुपये नहीं दे पाएंगे। पिता भी नहीं हैं तो दहेज की इच्छा कैसे पूरी होगी। ससुरालीजनों ने 8 दिसंबर को मारपीट करके महिला और पांच साल की बेटी फात्मा व दो साल के अब्बास अली के साथ घर से निकाल दिया। धमकाया कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती ससुराल मत आना। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रेंजर्स शिविर में छात्राओं को बताया गया प्राथमिक उपचार का तरीका



छात्राओं को जानकारी देते रेंजर्स प्रशिक्षक मोहम्मद असरार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित किया शिविर

**अमृत विचार** : गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधि कराई गईं। रेंजर्स प्रशिक्षक मोहम्मद असरार ने छात्राओं को शिविर की स्थापना, अनुशासन, टीमवर्क और सेवा कार्यों के संबंध में जानकारी दी। गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया।

शिविर के दौरान रेंजर्स टीम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ड्रिल, प्राथमिक उपचार, टीम वर्क एवं सामूहिक दायित्वों से संबंधित गतिविधियों का अभ्यास किया। प्राचार्य डॉ. सरला चक्रवर्ती ने कहा कि रेंजर्स केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवन पद्धति है जो हमें समाज सेवा, नेतृत्व, सहयोग एवं आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाती है। रेंजर्स प्रभारी शालू गुप्ता, सह-प्रभारी शिल्पी शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### 114 लोगों ने कराया ओटीएस में पंजीकरण

**बिल्सी, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांवों में मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण को विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर लगाया गया। शिविर में उपभोक्ताओं ने बिल सुधार, ओटीएस योजना एवं बकाया जमा कराने से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। एसडीओ जयप्रकाश राजपूत ने समस्याओं का समाधान करते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी है। योजना के तहत बकाया बिलों पर भारी छूट दी जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की कि वह योजना का समय रहते लाभ अवश्य उठाएं। शिविर में कुल 114 बकाएदारों का ओटीएस योजना में पंजीकरण कराया गया। वहीं विभाग ने करीब साढ़े 10 लाख रुपये की बकाया धनराशि भी मौके पर जमा कराई। शिविर में जेई गजेंद्र पाल सिंह, उमाशंकर, रामस्वरुप, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सूरज पटेल सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

व अदालत सिविल जज (जू.डि.)
फरीदपुर जिला बरेली
मूलवाद नं.-72 सन् 2020

विशन कुमार पुत्र मदनलाल निवासी मकान सं. 400 मोहल्ला कालीबाड़ी तहसील सदर जिला बरेली......वादी बनाम

1. ब्रजेश 2. वीरेश 3. वादल नावालिग 4. कु. शीतल नावालिग पुत्र/पुत्री स्व. रामऔतार संरक्षक माता सविता देवी 5. सविता रानी पत्नी स्व. रामऔतार समस्त निवासीगण ग्राम रजऊ परसपुर तहसील फरीदपुर जिला बरेली। ... प्रतिवादीगण 6/1 संतचरन 6/2 गुरूचरन पुत्रगण दयाराम 7. हरिप्रसाद पुत्र हेमराज 8. राधेश्याम 9. हरनन्दन 10. रघुनन्दन पुत्रगण बाबूराम 11. कु. प्रिया नाबालिग 12. कु. प्रिया नावालिग 13. कु. रीना नावालिग पुत्रिया सुखनन्दन संरक्षक माता गीता देवी 14. गीता देवी पत्नी सुखनन्दन समस्त निवासीगण ग्राम रजऊ परसपुर तहसील फरीदपुर जिला बरेली 15. अनिल कुमार पुत्र मदन लाल निवासी मकान सं. 400 मोहल्ला कालीबाड़ी तहसील सदर जिला बरेली...प्रोफार्मा प्रतिवादीगण

चूंकि मुसम्मी विशन कुमार आपके नाम एक नालिस वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 20.12.2025 को असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज तारीख 28.11.2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। जज

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

**कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, बदायूं**

पत्रांक- सी 2172/प्रोबे./सी.पी.एस./गुम./विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक: 08.12.2025



**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा बालक/बालिका वैष्णवी उम्र लगभग 9 वर्ष, नैना उम्र लगभग 7 वर्ष, गुनगन उम्र लगभग 4 वर्ष व सूफियान उम्र लगभग 5 वर्ष को चाइल्स लाइन बदायूं को प्राप्त हुये हैं। बालक/बालिका को संरक्षण एवं देखभाल हेतु किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अन्तर्गत को बाल कल्याण समिति बदायूं द्वारा गुमशुदा बालिका (वैष्णवी, नैना) को राजकीय बाल गृह (बालिका) चैतन्य बिहार फेस 02 वृन्दावन मथुरा तथा गुमशुदा बालक/बालिका (सूफियान, गुनगन) को राजकीय बाल गृह (बालिका) शाहजहांपुर को संवासित कराया गया है। जिस किसी को बालक/बालिका के माता-पिता/रिश्तेदार आदि के सम्बन्ध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो दो माह के अन्दर कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कक्ष संख्या 44, कलेक्ट्रेट, बदायूं में सूचना दे सकते हैं, अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त बालक/बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतंत्र घोषित कर दिया जायेगा।

रवि कुमार
संरक्षण अधिकारी, बदायूं
मो. 9411468148

अभय कुमार
जिला बाल संरक्षण अधिकारी/
जिला प्रोबेशन अधिकारी, बदायूं
मो. 7518024013

# स्वच्छता अभियान चलाकर कैडेट्स ने किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते एनसीसी कैटेड्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : आवास -विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में 21वीं यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से व्यक्तिगत स्वच्छता, हाईजीन एवं सैनिटाइजेशन विषय पर संगोष्ठी हुई। एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भागीदारी करते हुए साफ-सफाई की। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्र- छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स में व्यक्तिगत स्वच्छता, रोग-निवारण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने रोजमर्रा के जीवन में साफ-सफाई की आदतों, सैनिटाइजेशन और हैंडवॉश के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता को रेखांकित किया। कहा कि जैसे देश की सुरक्षा में लगे सैन्य बल स्वच्छता अपनाकर

- महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया अभियान की गई साफ-सफाई

अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं वैसे ही हर नागरिक को भी अनुशासित स्वच्छ जीवनशैली अपनानी चाहिए। वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सिंह राघव ने वायरस और बैक्टीरिया जैसी अदृश्य सूक्ष्मजीव शक्तियों को स्वास्थ्य के लिए नियमित हैंडवॉश और सैनिटाइजेशन को सुरक्षित जीवन की अनिवार्य शर्त बताया। डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने कहा अगर व्यक्ति स्वच्छता के प्रति सजग न रहे तो रोगों का शिकार होकर स्वास्थ्य को भारी क्षति पहुंचा सकता है। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. राशेदा खातून ने मच्छर जनित रोगों की जानकारी हुए स्वच्छ वातावरण, गंदे पानी का निष्कासन और ठहरे हुए जल के निस्तारण को मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव का प्रमुख उपाय बताया। एनसीसी कैडेट्स अनन्या मिश्रा, सौरभ कुमार, आराध्या मिश्रा, काजल, संध्या, हिना, बृजेश शाक्य, रूबी, निशा, विधि तोमर, ओमेंद्र, पूजा, आशी राणा, मनु सिंह, अंजली आदि उपस्थित रहे।

# शॉटपुट में मोनी, दहिया और ऋषि अपने वर्ग में रहे प्रथम



गोला फेंकता छात्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार** : नगर के भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में चल रहे स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन शॉटपुट प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन किया। कक्षा 6 की मोनी, कक्षा 7 की दहिया और कक्षा 8 के ऋषि सक्सेना ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को प्रबंधक सुरेश बाबू गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करते हैं। इस मौके पर प्रदीप सक्सेना, राजेन्द्र शर्मा, वरुण कुमार सिंह, अमित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### सभी जिलों में लोक अदालत 13 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने राज्य के सभी जिलों में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मंगलवार को जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा, राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिकतम संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों की पहचान कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के आमजन को शीघ्र, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध हो सके। इसका अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए।

### यूपी पॉवर कॉर्पोरेशन लगाएगा पेंशन अदालत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन विद्युत बिल योजना से उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ अपने कर्मियों की समस्याओं का भी निराकरण करने जा रहा है। 13 दिसंबर को पेंशन अदालत लगाने का आदेश दिया गया है। इस आदेश के क्रम में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम पेंशन अदालत लगाएगी। इस अदालत में लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अंबेडकरनगर, पीलीभीत से जुड़े पेंशनर्स की समस्याओं की सुनवाई और निवारण होगा। आदेश में स्पष्ट है कि इस पेंशन अदालत में वह पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स अपनी समस्या लेकर आ सकते, जो लखनऊ समेत निगम के 19 जिलों से रिटायर हुए हों।

### 750 मेधावियों को आज सम्मानित करेंगे सीएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) के 93वें संस्थापक सप्ताह का मुख्य महोत्सव बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम परिसर में भव्य रूप से आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह शामिल होंगे। सुबह 9:30 बजे से आरंभ होने वाले समारोह में लगभग 750 मेधावी विद्यार्थियों, श्रेष्ठ शिक्षक, कर्मचारी, परिचारक और संस्था को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में एमपी शिक्षा परिषद के स्मृतिशेष अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह पर आधारित पुस्तक 'जीवन के साधना पथ का गृहस्थ सन्यासी' का भी विमोचन किया जाएगा। श्रेष्ठतम संस्था के रूप में दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज को स्वर्ण पदक प्रदान होगा। हाईस्कूल, इंटर, स्नातक तथा स्नातकोत्तर श्रेणियों में सर्वोत्तम विद्यार्थियों को भी विभिन्न स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा।

### ई-लॉटरी प्रक्रिया में हिस्सा लें किसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश में किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र में तकनीकी बदलाव ला रही है। राज्य में 2017-18 से 2024-25 तक 2.31 लाख उन्नत कृषि यंत्रों का वितरण, 8405 कस्टम हायरिंग सेंटर और 7351 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए जा चुके हैं। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 8531 यंत्र और 82 फार्म मशीनरी बैंक स्वीकृत हो चुके हैं। सरकार का उद्देश्य है कि अधिकाधिक किसान आधुनिक मशीनरी अपनाएं, जिससे उत्पादन लागत घटे और आय में वृद्धि हो। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ई-लॉटरी प्रक्रिया में अवश्य प्रतिभाग करें ताकि योजनाओं का पारदर्शी लाभ मिल सके।

# एसआईआर में घुसपैठियों को करें बेनकाब : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में मंत्रियों-विधायकों और संगठन के साथ की समीक्षा, बोले- मतदाता सूची पुनरीक्षण में न हो लापरवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखपुर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा मंत्रियों-विधायकों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मंगलवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा मंत्रियों-विधायकों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने घुसपैठियों को बेनकाब करने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाएं। बैठक में जिलों से आई प्राथमिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घुसपैठिये किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं है। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त और निर्णायक कार्रवाई प्रारम्भ की गई है। सभी नगरीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ की सफाई भी आवश्यक है। योजनाओं के माध्यम से वंचितों को मिलने वाले लाभ को बंटने नहीं दिया जा सकता है। इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें डिटेंशन केंद्रों में भेजा जा रहा है, ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सके। इसके लिए प्रत्येक मंडल में डिटेंशन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

घुसपैठिये किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं, संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है घुसपैठियों का नहीं, मतदाता सूची में फर्जी नाम न रहें, वास्तविक मतदाता न छूटें, बीएलओ के कार्य की दैनिक समीक्षा।

योगी ने कहा कि मतदाता सूची में एक भी फर्जी नाम नहीं रहना चाहिए और न ही किसी योग्य मतदाता का नाम छूटना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे बूथ समितियों के साथ नियमित संवाद रखें और बीएलओ से समन्वय कर सभी दावों-आपत्तियों की समयबद्ध निगरानी करें। बैठक में बताया गया कि जिन क्षेत्रों में मतदाता सूची में असमान वृद्धि या कमी पाई गई है, वहां विशेष जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारी घर-घर सत्यापन सुनिश्चित करें। उन्होंने वोटर जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 वर्ष पूरा कर चुके युवा मतदाताओं का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

## मर्सिडीज के लिए 27.50 लाख रुपये में खरीदा 0001 नंबर

**नोएडा, एजेंसी:** गौतमबुद्ध नगर के एक निजी प्रतिष्ठान ने मर्सिडीज कार के लिए 0001 वीआईपी वाहन नंबर 27.50 लाख रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाकर खरीदा है। परिवहन विभाग के अनुसार, प्रदेश में किसी आकर्षक नंबर के लिए पहली बार वाहन मालिक की ओर से इतनी बड़ी राशि जमा कराई गई है।

कंपनी ने बोली जीतने के बाद पूरी रकम जमा भी करा दी है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यूपी-16 एफएच श्रृंखला के आकर्षक नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में यह नंबर दवा कंपनी एम/एस अविओरियन प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल किया। विभाग के मुताबिक, 0001 नंबर का बेस प्राइस एक लाख रुपये है, जिसके आधार पर नीलामी शुरू होती है।

विभाग ने बताया कि कंपनी ने 27,50,000 रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई और नंबर अपने नाम सुरक्षित कर लिया।

# कुशल मानव संसाधन का हब बनेगा यूपी : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- गोरखपुर के पिपरौली में आईटीआई का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का सबसे युवा राज्य यूपी है। यहां के युवाओं की प्रतिभा के कारण दुनिया भर में मांग है। सरकार का लक्ष्य है कि यूपी को कुशल मानव संसाधन का वैश्विक हब बनाया जाए। युवाओं के 'स्केल' को 'स्किल' से जोड़कर उन्हें बदलते औद्योगिक माहौल के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पिपरौली ब्लॉक के नरकटहा क्षेत्र में नवनिर्मित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह आईटीआई पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर फंड के तहत 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। संस्थान का संचालन प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 55-60 प्रतिशत आबादी युवा है, जो किसी भी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास स्केल है, हमारी जिम्मेदारी है कि इसे स्किल में परिवर्तित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार उद्योगों की मांग के अनुरूप ट्रेडों में युवाओं को प्रशिक्षित कर रही है। गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में नाइलिट सेंटर के माध्यम से आधुनिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे युवाओं का कैम्पस चयन स्थानीय उद्योगों में ही हो सके। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड द्वारा निर्मित आईटीआई में भी उद्योगों की मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में गीडा में 12 से 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिससे 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। योगी ने बताया कि राज्य सरकार टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर 150 से अधिक आईटीआई को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ रही है। दीर्घकालिक प्रशिक्षण योजनाओं में इलेक्ट्रिक व्हीकल, एडवांस्ड सीएनसी मशीन, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग और 3डी प्रिंटिंग जैसे ट्रेड शामिल हैं। अल्पकालिक योजनाओं में इलेक्ट्रिक व्हीकल मेंटेनेंस, वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन, ऑटोमेटेड वेल्डिंग और मैन्युफैक्चरिंग के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

# सुपर स्टॉकिस्ट के नामों की सूची तैयार, सभी की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामला**

- एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने तैयार की थी सूची, शासन को भेजी
- लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, बरेली वाराणसी, प्रयागराज, नोएडा, मेरठ के कारोबारी निशाने पर

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप के कारोबारियों की सूची तैयार कर ली गई है। एबॉट कंपनी ने जिनको प्रदेश में सुपर स्टॉकिस्ट बनाया है। उनकी सूची एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने तैयार किया है। जिसे मंगलवार को शासन को सौंप दिया गया। इस सूची में शामिल कारोबारियों ने फेंसेडिल कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की है। सूची मिलने के बाद एसआईटी की जांच आसान हो जाएगी। शासन को दी गई रिपोर्ट में लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज, बरेली जिलों में फेंसेडिल सिरप का थोक कारोबार करने वाले व्यापारियों के नाम भी शामिल हैं। सभी कारोबारी जांच के दायरे में आ गये हैं।

एबॉट कंपनी द्वारा सिरप का उत्पादन करने के बाद दिल्ली के वान्या इंटरप्राइजेज के वेयरहाउस में स्टोर किए जाते थे। यह लैबोरेट फार्मा का कैरी एंड फारवर्ड यूनिट भी है, जो एस्कफ कफ सिरप का उत्पादन करती है। गाजियाबाद में नवंबर को चार ट्रक सिरप पकड़ा गया था। जिसमें 850 पेटी एस्कफ सिरप और 300 पेटी फेंसेडिल सिरप की थीं। ये सभी नशे के लिए गुवाहाटी तस्करी की जा रही थीं। कफ सिरप सिंडीकेट की गहनता से जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंपनी की इन करतूतों के बाद कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही कंपनी को नोटिस भेजकर सिंडीकेट की फर्मों को सिरप की आपूर्ति का आर्डर देने वाले अधिकारियों से जवाब-तलब किया जाएगा।

जांच में सामने आया कि विभोर राणा के करीबी अभिषेक शर्मा की दिल्ली की फर्म एबी फॉर्मास्युटिकल्स और शुभम जायसवाल की रांची की फर्म शैली ट्रेडर्स को दिया जाने वाला फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी कर बांग्लादेश भेजा जा रहा था। इसकी पुष्टि के बाद सिरप का निर्माण हिमाचल प्रदेश के बद्दी में कंपनी ने उत्पादन दिसंबर, 2024 से बंद कर दिया। ईडी के अधिकारी कंपनी ने 10 वर्षों में कितने सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाए इसकी जांच कर रहे हैं।

**ईडी के रडार पर सीए :** मामले में गिरोह की मदद करने वाले तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट ईडी के रडार पर आ चुके हैं। वाराणसी के तुषार, विष्णु अग्रवाल के साथ अरुण सिंघल का नाम भी जांच के दायरे में आ गया है। तुषार और विष्णु अग्रवाल पूर्वांचल में तस्करों की फर्मों का हिसाब-किताब देख रहा था। वहीं, अरुण सिंघल सहारनपुर के विभोर राणा और उसके करीबियों की फर्मों का लेखा-जोखा संभाल रहा था। इन सभी ने फर्मों के अकाउंट में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की, जिससे वह जांच एजेंसियों की नजर में नहीं आ सके।

### आईजी लॉ एंड ऑर्डर होंगे एसआईटी के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी मामले की जांच के लिए शासन ने मंगलवार को एसआईटी का गठन कर दिया है। देर शाम को जारी आदेश के अनुसार, एसआईटी के अध्यक्ष आईजी कानून-व्यवस्था एलआर कुमार को बनाये गये हैं। मंगलवार शाम को गृह विभाग के सचिव मोहित गुप्ता की तरफ से जारी आदेश के अनुसार सदस्य के रूप में एसएसपी एसटीएफ सुशील घुले और एफएसडीए के सहायक आयुक्त मुख्यालय अखिलेश कुमार जैन को शामिल किया गया है। यह एसआईटी कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी में अवैध वित्तीय लेन देन, सिरप के डायवर्जन, इंटरस्टेट लिंकेज, अवैध रूप से अर्जित धन की अग्रिम जांच करेगी।

## मास्टरमाइंड शुभम की संपत्तियों को जब्त करेगी ईडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने 8 दिसंबर को पेश होने की दी थी तारीख
- ईडी ने लखनऊ, वाराणसी व सोनभद्र में कई संपत्तियों को किया चिह्नित
- शुभम, उसकी पत्नी व तीन साथियों के नाम मिली संपत्तियां

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप को नशे के लिए तस्करी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल की संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुरू कर दी है। दुबई भागे मास्टरमाइंड शुभम को ईडी ने अपने कार्यालय में पेश होने के लिए 8 दिसंबर की नोटिस दी थी। उसके न आने पर ही ईडी आगे की कानूनी औपचारिकता पूरी करने में जुटी है।

ईडी ने शुभम की लखनऊ, वाराणसी और सोनभद्र में संपत्तियां और बैंक खाते चिन्हित कर लिए गए हैं। उसकी पत्नी और तीन अन्य सहयोगियों के नाम मिली संपत्ति के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। अमित टाटा की गिरफ्तारी के बाद ही ईडी ने भी इस मामले का संज्ञान ले लिया था। सामने आया था कि शुभम और उसके गिरोह ने वाराणसी से पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश, नेपाल में इस कोडीन युक्त सिरप की सप्लाई कर 2000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर डाली थी। ईडी ने इस सम्बन्ध में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें शुभम, अमित टाटा, विभोर राणा, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह समेत कई आरोपी नामजद किए गए। इसके बाद ही इनकी सम्पत्ति चिन्हित की जाने लगी थी। ईडी ने शुभम के घर नोटिस चस्पा कर आठ दिसम्बर को पेश होने को कहा था। पर, दुबई में छिपा होने की वजह से वह नहीं आया। अब ईडी अगली तारीख देने की जगह सम्पत्तियां जब्त करने के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर रही है। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि अन्य आरोपियों के जेल में बयान लिए जाएंगे। इसके बाद मनी लांड्रिग एक्ट के तहत इनकी भी सम्पत्तियां चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिश्वत लेते पीडीए का बाबू और ग्राम रोजगार सेवक गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की प्रयागराज व मिर्जापुर यूनिट ने रिश्वत लेने के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। जहां प्रयागराज की टीम ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक अजय कुमार को गिरफ्तार किया। वहीं, मिर्जापुर की टीम ने ग्राम रोजगार सेवक शिवशंकर को गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारी के मुताबिक, प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर राकेश बहादुर सिंह की टीम ने थरवई कोरसंड निवासी प्राणेंद्र पांडेय की शिकायत पर कार्रवाई की। आरोप था कि आवंटित भूखंड की रजिस्ट्री कराने के बदले में प्रयागराज विकास प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक अजय कुमार ने आठ हजार रुपये रिश्वत मांगी है। टीम ने शिकायत के बाद ट्रैप करना शुरू किया। मंगलवार को रिश्वत की रकम के साथ दबोच लिया। अजय कुमार प्रयागराज के सोनीगंज का रहने वाला है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बिल भुगतान के नाम पर मांगी रिश्वत

भ्रष्टाचार निवारण संगठन मिर्जापुर यूनिट के इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह की टीम ने मडिहान अटारी निवासी उमेश की शिकायत पर जांच शुरू की। आरोप था कि ग्राम रोजगार सेवक शिवशंकर कुंदरूफ में तैनात हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत में कराये गये कार्य के बिल बाउचरों के भुगतान करवाने के लिए रिश्वत मांगी। इंस्पेक्टर अशोक सिंह की टीम ने ग्राम रोजगार सेवक को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ यादव ढाबा जौनपुर रोड मडिहान से राजगढ़ मार्ग बघौड़ा से गिरफ्तार किया। ग्राम रोजगार सेवक शिवशंकर कुंदरूफ देवपुरा पठखौली का रहने वाला है।

# मायावती ने की बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव आयोग को एसआईआर की तारीख बढ़ाने का सुझाव



**अमृत विचार:** इन दिनों संसद में चुनाव सुधार पर चल रही बहस के बीच बसपा नेत्री मायावती ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के स्थान पर बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग उठाई है। साथ मायावती ने वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय सीमा बढ़ाने और चुनावों में क्रिमनल रिकॉर्ड छिपाने की स्थिति में पार्टी के बजाय संबंधित उम्मीदवार को ही जवाबदेह बनाए जाने का भी सुझाव दिया है।

बसपा प्रमुख ने मंगलवार एक्स पर लिखा कि बसपा, एसआईआर के विरोध में नहीं है, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम भरने की प्रक्रिया के लिए निर्धारित समय सीमा कम है। इसकी वजह से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के ऊपर भी काफी दबाव है और कई अपनी जान भी गवां चुके हैं। मायावती के मुताबिक, जल्दबाजी में अनेकों ऐसे गरीब वैध वोटर्स के नाम रह जाएंगे, जो काम के लिए बाहर गए हैं। ऐसे में वर्तमान समय सीमा को बढ़ाकर उचित समय दिया जाना चाहिए।

# घाटमपुर की यूनिट-2 से बिजली उत्पादन शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बढ़ी 660 मेगावाट की ताकत ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

**अमृत विचार :** प्रदेश की बिजली व्यवस्था के लिए मंगलवार का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लेकर आया। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की यूनिट-2 (660 मेगावाट) का व्यावसायिक संचालन 9 दिसंबर से शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और भारत सरकार की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम से बनी इस परियोजना के दूसरे चरण में उत्पादन शुरू होते ही कुल परिचालित क्षमता बढ़कर 1,320 मेगावाट हो गई है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को एक नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में राज्य के तापीय उत्पादन में 5,280 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे प्रदेश की स्वयं की ऊर्जा उपलब्धि लगभग दोगुनी हो गई है। उनके अनुसार यह प्रगति न केवल औद्योगिक विस्तार को नई गति देगी बल्कि उपभोक्ताओं को स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

**स्वास्थ्य**

## मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने को चलाए गए अभियान में 25.29 लाख गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

# प्रदेश में 2.19 लाख गर्भवतियों में उच्च जोखिम की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) मातृ स्वास्थ्य सुधार का प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच राज्य में दूसरी और तीसरी तिमाही की 25.29 लाख गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की गई, जिनमें से 2.19 लाख महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था के रूप में चिह्नित कर विशेष निगरानी से जोड़ा गया। गुणवत्तापूर्ण जांच, डिजिटल मातृत्व ट्रैकिंग, निजी चिकित्सकों की सहभागिता और नियमित फॉलोअप ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने के प्रयासों को नई गति दी है।

महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. पवन सिंह अरुणा के अनुसार, अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर गर्भवती महिला को दूसरी या तीसरी तिमाही में कम से कम एक बार प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ या एमबीबीएस चिकित्सक से जांच मिले और आगे सतत फॉलोअप जारी रहे। उन्होंने बताया कि प्रसवपूर्व जांच, जोखिम पहचान, रेफरल और पोषण-सलाह के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में सुरक्षित प्रसव और मातृ स्वास्थ्य के संकेतक लगातार बेहतर हुए हैं।

अभियान की बदौलत प्रदेश के सभी 75 जिलों में मातृत्व सेवाओं की पहुंच मजबूत हुई है। पीएमएसएमए में अब तक 1,124 निजी एमबीबीएस चिकित्सक स्वेच्छा से जुड़ चुके हैं। निजी क्षेत्र की सहभागिता के मामले में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि महाराष्ट्र पहले स्थान पर है।

राज्य सरकार ने नवाचार के रूप में पीएमएसएमए और पीएमएसएमए प्लस दिवस को हर माह 1, 9, 16 और 24 तारीख को आयोजित करना शुरू किया है, जिससे महिलाओं को महीने में चार बार जांच का अवसर मिल रहा है। इससे उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान और फॉलोअप में उल्लेखनीय तेजी आई है। डिजिटल मातृत्व ट्रैकिंग, मातृत्व हेल्पलाइन और आशा-एएनएम को उन्नत प्रशिक्षण जैसी पहलों ने भी अभियान की प्रभावशीलता बढ़ाई है।

### ये स्थितियां हैं उच्च जोखिम

अभियान के तहत गंभीर एनीमिया, अधिक या कम वजन, अत्यधिक कम कद, असामान्य स्राव, उच्च या निम्न आयु में गर्भधारण जैसी स्थितियों को उच्च जोखिम मानकर चिन्हित किया जाता है। वहीं गर्भकालीन डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, प्री-एक्लेम्पिशया, टीबी, एचआईवी, मलेरिया और किडनी रोग जैसी चिकित्सकीय स्थितियों की भी विशेष निगरानी की जाती है।

# राजकोष में जमा होगी एसएनए खाते में बची धनराशि, आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसएनए रिप्लेसमेंट सिस्टम लागू होने के बाद कार्यवाही अनिवार्य

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए आदेश जारी किया है कि सिंगल नोडल अकाउंट (एसएनए) में पूर्व से जमा पड़ी राज्यांश धनराशि को राजकोष में वापस जमा कराया जाए।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि अवशिष्ट राज्यांश की धनराशि सही लेखा शीर्ष में, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राजकोष में अनिवार्य रूप से जमा हो। अनुपालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा एसएनए प्रणाली के स्थान पर एसएनए रिप्लेसमेंट सिस्टम लागू किए जाने के बाद यह कार्यवाही अनिवार्य हो गई है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि केंद्र से प्राप्त हिस्से (केंद्रांश) को केंद्र सरकार को लौटाया जाएगा, जबकि राज्यांश की अप्रयुक्त धनराशि को राज्य के राजकोष में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। इसके लिए सभी विभागों को मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित लेखा शीर्षों में चालान जमा कराने का निर्देश दिया गया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्यांश की धनराशि वापस जमा करने के लिए लघु शीर्ष 911-घटाएं-अधिक अदायगियों की वसूली का उपयोग किया जाएगा तथा जमा चालान संबंधित विभागीय अनुदान के अधीन रखा जाएगा। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि ऐसी राशि पर ब्याज अर्जित हुआ है, तो उसे भी राजस्व प्राप्ति शीर्ष में अलग चालान के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा। आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि धन जमा करते समय कोषागार द्वारा चालान की प्रति मासिक लेखे के साथ महालेखाकार (उ.प्र.) को भेजी जाए।



लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
-पं. जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री

## अत्यावश्यक अभियान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची से बाहर करने तथा प्रदेशव्यापी अभियान चलाने की घोषणा कई स्तरों पर महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए, मतदाता सूची को शुद्ध करने की जिस जरूरत पर जोर दिया है, उसके राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों ही निहितार्थ हैं। साफ है कि सरकार मतदाता सूची को केवल तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र की केंद्रीय धुरी मानती है और इसमें किसी भी प्रकार की अशुद्धि को सीधे-सीधे सुरक्षा जोखिम तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर खतरे के रूप में देखती है।

यह भी स्पष्ट है कि एसआईआर के बहाने चुनावी डाटा की गहराई से समीक्षा होगी। यदि यह प्रक्रिया बिना पक्षपात, वैज्ञानिक तरीके और पारदर्शिता के साथ पूरी की जाती है, तो मतदाता सूची की गुणवत्ता में वाकई व्यापक सुधार संभव है। पिछले वर्षों में विभिन्न जिलों में फर्जी मतदाता, दोहरी प्रविष्टियों या अवैध दस्तावेजों के आधार पर बने मतदाता पहचान पत्रों की शिकायतें मिलती रही हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का कठोर संदेश निश्चित ही प्रशासनिक मशीनरी को अधिक सतर्क करेगा और सुधार की गति तेज करेगा। प्रदेश में घुसपैठियों की संख्या का कोई आधिकारिक, सार्वजनिक और सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, किंतु यह तथ्य सर्वविदित है कि मुरादाबाद, मेरठ और आगरा मंडलों में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या समुदायों के बसने की आशंकाएं समय-समय पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जताई जाती रही हैं। सीमावर्ती प्रदेश न होने के बावजूद, यूपी रोजगार, व्यापार और जनसंख्या के आकार के कारण ऐसे समूहों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कुछ घुसपैठिए मतदाता सूची में जगह बनाने में सफल हुए। निश्चित रूप से यह कमज़ोर दस्तावेज़ सत्यापन, स्थानीय स्तर पर निगरानी की कमी और कभी-कभी भ्रष्टाचार से जुड़ी शिथिलता का नतीजा है। राशन कार्ड, आधार, निवास प्रमाण पत्र या अन्य सरकारी दस्तावेज़ों की प्राप्ति यदि बिना कठोर जांच के संभव हो जाती है, तो मतदाता सूची में प्रवेश भी सहज बन जाता है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर है। घुसपैठियों की पहचान सिर्फ शासन-प्रशासन का काम नहीं, बल्कि समाज की भी भागीदारी आवश्यक है। यदि स्थानीय समुदाय संदिग्ध गतिविधियों, असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों या फर्जी दस्तावेज़ों पर सतर्क नज़र रखे, तो अभियान अधिक प्रभावी हो सकता है। जनता को जोड़ने का असर मनोवैज्ञानिक रूप से भी पड़ता है, क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि सुरक्षा और लोकतंत्र की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अभियान के बाद उत्तर प्रदेश और उसकी मतदाता सूची घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त हो जाएगी, यह कहना जल्दबाजी होगी। इस दिशा में निरंतरता, पारदर्शिता, तकनीकी उन्नयन और निष्पक्ष निगरानी दीर्घकालीन अनिवार्य शर्तें हैं। यह भी ज़रूरी है कि कार्रवाई कानून-सम्मत हो, प्रशासनिक प्रक्रियाएं प्रमाण-आधारित हों।

## अब रूस से रक्षा सौदे का इंतजार





डॉ. विकास शुक्ल
चिकित्सक

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर पूरी दुनिया की नजर थी। खासकर अमेरिका, पाकिस्तान, चीन, तुर्किए और यूरोपीय देशों की। इन देशों को उम्मीद थी कि पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ बड़े रक्षा सौदों पर समझौता करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। भारत-रूस के बीच एस-400, एस-500 वायु रक्षा प्रणाली के साथ ही सुखोई-57 लड़ाकू विमान से जुड़ा सौदा होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच नए साल में इनकी खरीद से जुड़ा समझौता हो सकता है।

भारत-रूस के बीच जो 16 समझौते हुए हैं, वे काफी अहम है। पुतिन द्वारा रुपये और रूबल में कारोबार शुरू करने की जो घोषणा की गई, वह अमेरिका के लिए बड़ी चेतावनी है। साथ ही भारतीय दक्ष कामगारों को वहां नौकरी देने से जुड़ा समझौता भी काफी अहम है। ये समझौते यह बताने के लिए भी काफी हैं कि दोनों देशों के रिश्ते किसी दबाव में न तो खत्म होंगे और न ही कमजोर होंगे।

भारत सरकार रूस से तेल का कारोबार बंद कर दे, इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दबाव तो खूब बनाया। 50 फीसद टैरिफ भी लगा दिया, लेकिन इसका कोई फर्क दोनों देशों के कारोबार पर नहीं दिखा। 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आना और उनका जोरदार स्वागत यह संदेश दे गया कि भारत और रशिया का रिश्ता अटूट है और अटूट रहेगा।

परमाणु साझेदारी को और आगे बढ़ाने की घोषणा बड़ी अहम रही है। रूस और भारत ने परमाणु सहयोग को ईंधन चक्र, लाइफ सायकल सपोर्ट, कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के संचालन और गैर-ऊर्जा (नॉन-पॉवर) अनुप्रयोगों तक विस्तार देने पर भी सहमति व्यक्त की। रूस की मदद से भारत में दूसरा परमाणु विद्युत संयंत्र स्थापित करने पर चर्चा अच्छी पहल है। भारत और रूस ने दूसरे परमाणु संयंत्र पर आगे की बातचीत को महत्वपूर्ण बताया है। पुतिन के दौरे पर एस-400 रक्षा प्रणाली समेत लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़ा समझौता होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर कोई बात नहीं हुई। अगर हुई भी तो उसे सार्वजनिक नहीं किया गया।

अमेरिका भारत को F-35 फाइटर जेट की बिक्री करना चाहता है, तो रूस सुखोई- 57 बेचने को बेकरार है। अमेरिका की जगह भारत सरकार रूस से विमान खरीद सकती है, क्योंकि पुतिन सरकार ने सुखोई-57 बेचने के साथ ही टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने का भी प्रस्ताव दिया है, इसलिए रूस से किया गया सौदा भारत के लिए फायदेमंद होगा। भारत ने फ्रांस से राफेल तो खरीद लिया था, लेकिन आज तक उसे इस लड़ाकू विमान को बनाने वाली कंपनी ने सोर्स कोड नहीं दिए।

रूस, भारत का सदाबहार दोस्त है और वह टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ ही सुखोई-57 लड़ाकू विमान का भारत में सह-उत्पादन करने को भी तैयार है। इससे रूस की भारत को लेकर गंभीरता भी पता चलती है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध काफी मजबूत हैं। जल्द ही इन समझौतों पर बात होगी और उसे अंतिम रूप भी दिया जाएगा। पुतिन के दौरे से पहले ही इसके संकेत मिल चुके थे।

रूसी संसद ने भारत-रूस रेसीप्रोसल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट समझौते को मंजूरी देकर मजबूत रक्षा संबंधों को जता दिया है। इस समझौते में दोनों देशों में सेनाओं को भेजने और एक-दूसरे के युद्धपोत को बंदरगाहों में प्रवेश करने की अनुमति, हवाई स्पेस और एयरफील्ड के इस्तेमाल के नियम शामिल हैं। चीन को डर था कि कहीं भारत और रूस के बीच एस-400 के साथ ही एस-500 रक्षा प्रणाली का भी सौदा न हो जाए। चीन को पता है कि भारत-रसिया के बीच रक्षा सौदा तो होगा ही आज नहीं तो कल। ऐसे में चीन कितना भी अड़ंगा लगाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। हां, सुखोई-57 लड़ाकू विमान और एस-400 के साथ ही एस-500 रक्षा प्रणाली की खरीद से हमारी सेना की ताकत बहुत मजबूत हो जाएगी।

पूरी दुनिया ने एस-400 की ताकत को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा है। सुखोई-57 लड़ाकू विमान अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। यह किसी भी युद्ध का नक्शा बदलने में पूर्ण रूप से सक्षम है। समझौता होने के बाद जब इस विमान का उत्पादन भारत में होगा, तो रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया को पंख लग जाएंगे। हम मित्र राष्ट्रों को इसे बेच भी सकेंगे।

अमेरिका भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचना चाहता है, हालांकि अमेरिका ने न तो टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का प्रस्ताव रखा है और न ही भारत में इसके सह उत्पादन का, जबकि रूस की तरफ से स्पष्ट कहा गया है कि वह भारत को सुखोई-57 की न सिर्फ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर कर देगा, बल्कि भारत में सह उत्पादन के लिए भी तैयार है।

रूस का यही प्रस्ताव अमेरिका के प्रस्ताव पर भारी पड़ता दिख रहा है, हालांकि अभी भारत सरकार ने तय नहीं किया है कि वह सुखोई-57 की खरीद करेगा या एफ-35 की, लेकिन माना जा रहा है कि रूस के जो प्रस्ताव हैं उसके मद्देनजर भारत सुखोई-57 को ही तरजीह देगा। रूस भारत का भरोसेमंद साथी है। अब तक जो भी सौदे हुए हैं, उनमें जो शर्तें थीं रूस की कंपनियों ने उसका पालन किया है। ऐसे में अमेरिका से ज्यादा रूस पर भरोसा किया जा सकता है।

रूस में भारत के दो नए कॉन्सुलेट खोलने का निर्णय भी अहम है। इससे भारतीय छात्रों, व्यापारियों और कामगारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही भारत–रूस व्यापार में रुपये–रूबल व्यवस्था के मजबूत होने से कारोबार में आसानी आएगी और ट्रंप के टैरिफ का भी असर कम होगा।

भारत-रूस के बीच एस-400, एस-500 वायु रक्षा प्रणाली के साथ ही सुखोई-57 लड़ाकू विमान से जुड़ा सौदा होने की उम्मीद थी, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई।

### सोशल फोरम

## एक कहानी आधे सच और आधे पक्ष की

1956 में अमेरिका में एक जहाज़ तेल ले जा रहा था। जहाज़ अचानक मार्ग से भटक गया। वह समुद्र में एक चट्टान से टकराया और टूट गया। दुर्घटना के बाद जहाज़ के कप्तान को गिरफ़्तार कर लिया गया। उससे दुर्घटना का कारण पूछा गया। कप्तान ने कहा कि वह जहाज़ के डेक पर खड़ा था, आसमान साफ था। अचानक पानी आसमान से झरने की तरह डेक पर गिरा और पानी के साथ ही एक मोटी ताजा भैंस आसमान से गिर पड़ी। भैंस के गिरने से जहाज़ का संतुलन बिगड़ गया और वह चट्टान से टकरा गया!



सरल जी
ब्लॉगर

यह एक अजीबोगरीब तरह की कहानी या औचित्य था और कोई भी सामान्य व्यक्ति कहानी पर विश्वास करने के लिए तैयार नहीं था। अगर आसमान पूरी तरह से साफ होता है और अचानक आसमान से पानी झरने की तरह गिरता है और थोड़ी देर बाद भैंस धमाके के साथ आसमान से गिरती है? इस बात पर भला कौन विश्वास करेगा। तेल कंपनी ने उसे झूठा बताकर पद से हटा दिया। पुलिस ने उसे दोषी घोषित किया। मनोवैज्ञानिकों ने उसे पागल और झूठा घोषित कर दिया। कप्तान पागलखाने भेज दिया गया। वहां के हालात में वह सचमुच पागल हो गया।

अब इस कहानी का एक दूसरा एंगल देखें। घटना के पच्चीस साल बाद, वायु सेना के एक रिटायर अफसर ने अपने संस्मरणों के आधार पर एक पुस्तक लिखी। उन्होंने अपनी किताब में खुलासा किया कि एक पहाड़ी जंगल में आग लगी थी। उन्हें आग बुझाने का काम दिया गया। वह जहाज़ में लगे टैंक को तालाब या झील में डुबाकर भर लेते, जंगल के ऊपर जाते और आग पर पानी गिरा देते। एक बार पानी का टैंक लेकर जा रहे थे कि उन्हें टैंक के अंदर उछल-कूद महसूस हुई। उन्होंने महसूस किया कि टैंक के अंदर कोई जीवित वस्तु चली गई है। अब वह टैंक के अंदर उछल-कूद मचा रही है। अगर वह उसे नहीं गिराते हैं तो उनका जहाज गिर जाएगा! उन्होंने तुरंत टैंक खोला। पानी झरने की तरह नीचे की ओर गिरा और इसी के साथ भैंस भी नीचे गिर गई।

इस कहानी के बाद पूरा परिदृश्य ही बदल गया। याद रखें कि जब तक आप दूसरे पक्ष की स्थिति नहीं सुनेंगे, तब तक आप सही बात नहीं जान सकेंगे। सही स्थिति आरोपी और वादी दोनों का ही पूरा पक्ष सुनने के बाद ही स्पष्ट हो सकती है। **-फेसबुक वाल से**

### प्रसंगवश

## माहवारी: सुविधा से नहीं व्यवहार से आती है गरिमा

भारत में आज भी माहवारी को धीमी आवाजों में, आधे-अधूरे वाक्यों में और झिझक भरे इशारों में छिपाकर देखा जाता है। मानो यह शरीर की साधारण प्रक्रिया नहीं, बल्कि कोई गुप्त बोझ हो। हर महीने करोड़ों लड़कियां तीखे दर्द, पेट में मरोड़, पैरों में भारीपन, थकान, सिर दर्द, माइग्रेन, चिड़चिड़ापन और भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बीच स्कूल, काम और रोज़मर्रा की अपेक्षाओं को संभालती हैं। इसके साथ जुड़ा डर दाग दिख न जाए, कोई मजाक न बना दे, शिक्षक क्या सोचेंगे, उनके मन पर और दबाव डालता है। जिस बात पर विज्ञान साफ है, वह समाज की चुप्पी में उलझ जाती है।

रोड़ा जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि वह चुप्पी है, जो उसके चारों ओर खड़ी कर दी गई है। गरिमा केवल सुविधा से नहीं आती।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

गरिमा व्यवहार से आती है। घर में किसी की प्रतिक्रिया, स्कूल में शिक्षक का रवैया, दोस्तों का बर्ताव यही मिलकर माहवारी का अनुभव तय करते हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्थिति अलग नहीं है। लड़कियां पीड़ादायक माहवारी के बावजूद स्कूल आती हैं, पर शर्म और डर की वजह से अपने अनुभव साझा नहीं कर पातीं। लगातार छिपाने का यह दबाव मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। बोझ, शर्म, मज़ाक का डर और शरीर को 'राज़' की तरह छिपाने की मजबूरी कई किशोरियों में चिंता, आत्म-संदेह और सामाजिक दूरी पैदा कर देती है।

कई स्कूलों में वेंडिंग मशीनें महंगी होने के बावजूद धूल खाती रहती हैं, क्योंकि उपयोगकर्ता के लिए माहौल ही सुरक्षित नहीं है। यही कारण है कि असली बदलाव 'तकनीक लगाने' से नहीं बल्कि ऐसा माहौल बनाने से आएगा, जहां लड़कियां बिना झिझक, बिना शर्म, बिना किसी की निगाहों का डर महसूस किए आसानी से पैड उठा सकें। महंगी मशीनों की जगह, वही पैसा अधिक पैड खरीदने में लगाया जा सकता है, या फिर छात्रों को बेहतर विकल्प, जैसे- मेंस्ट्रुअल कप या उच्च गुणवत्ता वाले रीयूज़ेबल कपड़े के पैड दिए जा सकते हैं, जो लंबे समय तक टिकते हैं और आर्थिक रूप से भी प्रभावी हैं।

भारत हर वर्ष अरबों डिस्पोज़ेबल पैड कचरे के रूप में पैदा करता है, जो न जलते हैं, न आसानी से गलते हैं, बल्कि मिट्टी और पानी को प्रदूषित करते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो कई बार इन्हें खुले में फेंका जाता है, जिससे संक्रमण और गंदगी बढ़ती है। इसलिए टिकाऊ विकल्पों का प्रचार और प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। मासिक कप 5–10 साल तक चल सकता है और रीयूज़ेबल कपड़े के पैड धुलकर बार-बार इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसके लिए स्वच्छता, सही उपयोग और सही जानकारी देना आवश्यक है, ताकि लड़कियां और महिलाएं इन्हें बिना डर और बिना शर्म के अपनाएं।

घर में भी अनजाने में कई तरह की पाबंदियां लगती हैं। किचन में मत जाओ, पूजा मत करो, मेहमानों से मत मिलो। ये बातें शरीर नहीं, मानसिकता को 'अशुद्ध' बना देती हैं। कामकाजी महिलाएं कई बार तेज़ दर्द में भी छुट्टी मांगने से कतराती हैं, क्योंकि माहवारी के दर्द को कमजोरी समझा जाता है। दूसरी ओर मासिक कप जैसे विकल्प जो सुरक्षित, टिकाऊ और किफ़ायती हैं तभी अपनाए जाते हैं, जब बिना शर्म के, धैर्य से समझाया जाए। दुनिया भी इसी दिशा में बढ़ रही है। नेपाल में होने वाला 'International Dignified Menstruation Learning Conference 2025' इस बात पर चर्चा करेगा कि कैसे माहवारी का भेदभाव शिक्षा, आवाजाही, मानसिक स्वास्थ्य, समानता व मानवाधिकारों को प्रभावित करता है।

### आमने सामने



एक सच्चे हिंदू को ऐसे आयोजनों में (कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भगवद्गीता पाठ कार्यक्रम में) शामिल होने से परहेज नहीं करना चाहिए। इस तरह की दूरी आस्था पर सवाल खड़े करती है। यह तुष्टिकरण की राजनीति है।
**-शुभेंदु अधिकारी**
नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल

मैं सभी धर्मों, जातियों और पंथों का सम्मान करती हूं, लेकिन किसी पार्टी विशेष से जुड़े आयोजन में नहीं जाती। जो लोग नेताजी सुभाष चंद्र बोस से नफरत करते हैं, महात्मा गांधी के आदर्शों को नहीं मानते और बंगाल का अपमान करते हैं, मैं उनके साथ नहीं हूं।
**-ममता बनर्जी**, मुख्यमंत्री, प. बंगाल



## ला-नीना का पर्यावरण पर पड़ेगा प्रबल प्रभाव



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

उत्तर भारत के कुछ इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। पंजाब के बठिंडा में तापमान 3.2, फरीदकोट में 3 डिग्री, हरियाणा के नारनौल 3.5 और चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति के ताबो में माइनस 8.3 डिग्री सेल्सियस और कुकुमसरी में माइनस 5य2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो दिसंबर के पहले सप्ताह में बना रहा। राजधानी दिल्ली में पांच दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। ज़्यादा गिरावट पालम हवाई अड्डे के मॉनिटरिंग स्टेशन पर दर्ज की गई। राजस्थान के झुंझुनू के फतेहपुर शहर में गुरुवार, चार दिसंबर की रात न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस, सीकर में 3.0 डिग्री और लूणकरणसर में 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चुरू में 3.2 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 4.5 डिग्री और नागौर में 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में गुरुवार, चार दिसंबर की रात न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

भारत में ला-नीना जैसी कुदरती हलचलों का प्रभाव शुरू हो गया या नहीं, इसकी पुष्टि मौसम विभाग ने अभी नहीं की है। अल-नीनो और ला-नीना फिनॉमिनन की भीतरी विशाल प्रक्रियाओं की तहकीकात के बाद मौसम विज्ञानियों ने इसकी मैथमेटिकल मॉडलिंग की है, जिससे इसके व्यवहार की साइक्लिक एक्टिविटी जोकि हर तीन से पांच साल में बदलती रही है, के बारे में पूर्वज्ञान हासिल किया जा सके। इसके लिए एक सदी का जलवायु का डाटा इस्तेमाल हुआ, ताकि यह मालूम किया जा सके कि ग्राउंड बेस्ड आधुनिक इंस्ट्रूमेंट्स और सॅटॅलाइट टेक्नोलॉजी के आगमन के बाद सौर गतिविधि और गुरुत्वाकर्षण, पृथ्वी की स्पिनिंग एवं पृथ्वी के गिर्द पचास किलोमीटर तक की ऊंचाई के वायु और जलवाष्प की अतुल राशि हमारे ग्रह पर विशाल क्षेत्रों में सूखा, अतिवृष्टि, अकाल, दावानल, समुद्री तूफानों और बर्फीले तूफानों को किस तरह जन्म देते हैं।

अल-नीनो के अध्ययन से ही ला-नीना फिनॉमिनन के मिजाज़ को समझा गया है। अंकरिक्ष से पृथ्वी पर नज़र रखने वाले वैज्ञानिक उपग्रहों से वर्षों तक डाटा जुटाए जाने के कारण मालूम हुआ कि महाद्वीपों के निकट से गहराई में बहने वाली महासागरीय नियमित जलधाराओं की तीव्रता और सौर-ताप ग्रहण करके अपने प्रभाव को बनाए रखने की क्षमता में कुछ वर्षों के अंतराल से बदलाव आता है। यह एक साइक्लिक गतिविधि है। ऐसा लगता है, जैसे कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम की शिफ्ट बदल रही है। अल-नीनो और ला-नीना का क्षेत्र चिह्नित कर लिया गया है, जोकि खासतौर से हज़ारों किलोमीटर लंबाई की विपुल जलराशि में बेलनाकार रूप में इंडोनेशिया के निकट प्रशांत महासागर में पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में सक्रिय होता है।

तीस वर्ष पहले ही अल-नीनो और ला-नीना जैसी विशाल प्रभाव वाली परिघटनाओं के बारे में मालूम हुआ, जिससे हिंद महासागर अछूता नहीं रहता। भारत उप-महाद्वीप में ऋतुओं के मिजाज़ पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मौसम की अत्यधिक विशाल मशीनरी को समझने के लिए धरातल और मेरीटाइम वेदर डाटा स्टेशनों और अंतरिक्ष में स्थापित सन-सिंक्रॉनस मौसम निगरानी उपग्रहों से तापमान, वायु गति, नमी की मात्रा और बादलों की सघनता को मापने के साथ-साथ पृथ्वी के अनेक प्रकार के प्राप्त चित्रों का साइंटिफिक विश्लेषण किया जाता है। इंफ्रारेड और अल्ट्रावायलेट तरंगों और बीच के तरंग स्पेक्ट्रम से बने चित्रों से सर्वाधिक गर्म से लेकर सर्वाधिक ठंडे इलाकों के बीच की पांच अवस्थाओं में परिवर्तनों को पढ़ा जाता है।

तापमान में अंतर के कारण पैदा हुए रंगीन स्पेक्ट्रम से हम ठंडे, आर्द्र, आर्द्रता मिश्रित ठंड, सूखी ठंड, कम गर्म, शुष्क एवं आर्द्रता मिश्रित ऊष्ण स्थलों के बारे में जान सकते हैं। धरती पर एक ऋतु-अवधि के दौरान बड़ी असामान्यता होने से पहले के कुछ वर्षों के मुकाबले में गर्मी काफी तीखी हो जाती है। वर्षा की कुल अवधि और मात्रा कम हो सकती है। सूखे से प्रभावित ज्ञात क्षेत्रों का विस्तार हो सकता है। वर्षा की मात्रा सामान्य से अत्यधिक होने से बाढ़ एवं भू-स्खलन व्यापक होता है। पर्वतीय इलाकों अथवा उत्तरी अक्षांस के देशों में शीत का प्रकोप एवं हिमपात और बर्फीले तूफानों की आवृत्ति और भीषणता में इजाफा हो सकता है, हिमस्खलन की घटनाएं बढ़ जाती हैं, आदि। वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार भारत में इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण जो हुआ, इसके पीछे अल-नीनो जैसी परिघटना है।

मौसम और जलवायु को विशाल स्तर पर प्रभावित करने वाला अल-नीनो और ला-नीना अनेक देशों पर असर डालता है। प्रशांत महासागर के एक विशाल क्षेत्र में समुद्र के जल का गर्म और ठंडा होने जैसी घटनाएं अल-नीनो और ला-नीना से संबद्ध की गई हैं। इस बार शीत ऋतु के पहले से प्रबल होने की संभावना जताई गई है। भारत के मैदानी इलाकों में तापमान शून्य के आसपास भी हो सकता है। शीत लहर की अवधि बढ़ेगी। हिमपात अधिक होगा। मैदानी इलाकों में तापमान गत वर्षों के औसत से दो से ती डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना आंकी गई है।

अल-नीनो और ला-नीना अनेक देशों पर असर डालता है। प्रशांत महासागर के एक विशाल क्षेत्र में समुद्र के जल का गर्म और ठंडा होने जैसी घटनाएं अल-नीनो और ला-नीना से संबद्ध की गई हैं।

### सामयिकी

## गोवा अग्निकांड से खुल गई सुरक्षा की कलई

गोवा के नाइट क्लब में लगी आग ने 25 लोगों की जान ले ली। यह बहुत ही दुखद है। हाल फिलहाल, इस मामले में क्लब प्रबंधक समेत चार को गिरफ्तार किया गया है। यह हादसा छह दिसंबर 2025 शनिवार देर रात पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा नदी के पास स्थित 'बर्च बाई रोमियो लेन' नाइट क्लब में हुआ। उस समय क्लब में 200 से अधिक लोग मौजूद थे। क्लब की पहली मंजिल पर आग की लपटें उठने लगीं तथा उस वक्त वहां डांस फ्लोर पर 100 से अधिक पर्यटक थे। कुछ ही पल में क्लब में धुआं भर गया और भगदड़ मच गई। बाहर निकलने के दरवाजे छोटे और रास्ते संकरे होने से कई लोग फंसे रह गए और आग ने पूरे क्लब को चपेट में ले लिया।



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आशंका जताई है कि क्लब के अंदर बिजली से संचालित आतिशबाजी के दौरान निकली तेज चिंगारियों से आग भड़की, हालांकि पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इसे सिलेंडर फटने से लगी बताया है। वास्तव में आग किस कारण से लगी, यह तो जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। उत्तरी गोवा के इस नाइट क्लब में आग लगने से हुई मौतों की वजह लापरवाही है।

क्या यह हमारे देश की विडंबना नहीं है कि हमारे यहां कोई घटना घट जाती है, तो उसके बाद तत्परता दिखाई जाती है। इससे पहले किसी चीज़ की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। चाहे नाइट क्लब हों या मॉल हों, होटल हों या बहुमंज़िला आवासीय इमारतें या कोई भी ऊंची इमारत। आज आगजनी जैसी दुर्घटनाएं न हों, इसके लिए बने नियमों को अक्सर खुलेआम ताख पर रख दिया जाता है।

आज भवन निर्माण से लेकर उसके संचालन तक हर स्तर पर लापरवाही साफ दिखाई देती है। फायर सेफ्टी के अनिवार्य इंतज़ाम, जैसे- अग्निशमन यंत्र, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार और नियमित मॉक ड्रिल आदि या तो काग़ज़ों तक सीमित रहते हैं या फिर दिखावे के लिए लगाए जाते हैं। नाइट क्लबों और बंद हॉल जैसी जगहों पर अधिक भीड़, ज्वलनशील सजावटी सामग्री, तेज़ रोशनी और ध्वनि उपकरण आग के खतरे को और बढ़ा देते हैं, फिर भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी अब आम बात हो गई है।

चिंताजनक बात यह है कि कई इमारतों को अग्निशमन विभाग से वैध एनओसी मिले बिना ही संचालित कर दिया जाता है और जब कभी औपचारिक जांच होती भी है तो वह केवल खानापूरी बनकर रह जाती है। वास्तव में, मुनाफ़ा, जल्दबाज़ी और भ्रष्टाचार के गठजोड़ में इंसानी ज़िंदगियां सबसे सस्ती हो जाती हैं। दुर्घटना होने के बाद कुछ दिनों तक शोर-शराबा होता है। जांच समितियां बनती हैं। दोषियों पर कार्रवाई की बातें की जाती हैं, लेकिन समय गुजरते ही सब कुछ फिर पुराने ढर्रे पर लौट आता है।

आगजनी की ये घटनाएं हमें यह सिखाती हैं कि सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब तक नियमों का सख्ती से पालन, नियमित निरीक्षण और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक नाइट क्लब हों या कोई भी इमारत-हर जगह लोग मौत के साए में ही खुशियां मनाने को मजबूर रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि कानून केवल किताबों में नहीं, जमीन पर भी उतरे, ताकि हर नागरिक निश्चिंत होकर सुरक्षित जीवन जी सके। गोवा में आगजनी की इस घटना के बाद जितनी तत्परता अब दिखाई जा रही है, अगर ऐसी संजीदगी नियमों का पालन करने और कराने में होती, तो इस हादसे से बचा जा सकता था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।





# अमरकंटक की मिट्टी रंगों की अंतर्राष्ट्रीय उड़ान

जनगण सिंह श्याम पहले दूरदर्शी भारतीय जनजातीय कलाकारों में से एक थे, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उनकी कलात्मक शैली प्रधान गोंड संस्कृति में गहराई से जड़ें जमाए हुए थी। स्वयं शिक्षित न होने के बावजूद उनकी कला के प्रति रुचि ने उन्हें बचपन में ही रचनात्मकता की ओर प्रेरित किया। वे बालू में टहनियों से चित्र बनाते और चरने वाली भैंसों की पीठ पर चित्रांकन करते थे। उन्हीं के सुपुत्र मयंक श्याम भी अपने पिता के पद चिह्नों पर चलते हुए एक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बन चुके हैं। यूं तो मयंक के कलाकर्म की प्रदर्शनी विदेशों में होती रहती है, पर इस बार उसे ज्यादा खुशी इसलिए हुई कि पेरिस में प्रदर्शनी के साथ उसके कलाकर्म पर लिखी एक पुस्तक का लोकार्पण भी पेरिस में हुआ।



रूबी सरकार
वरिष्ठ पत्रकार



**जनगढ़ कलम–** मयंक कहते हैं कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैं एक ऐसे यशस्वी पिता का पुत्र हूं, जिन्होंने अपनी अभूतपूर्व कलाप्रतिभा से एक नवीन चित्रकला शैली को जन्म दिया और उसे वैश्विक पहचान दिलाई। 'जनगढ़ कलम' के नाम से स्थापित इस चित्रकला शैली का मैं वारिस हूं और अपने पिता की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहा हूं। 'जनगढ़ कलम' चित्रकला शैली की सही जानकारी न होने के कारण कुछ लोग इसे 'गोंड पेंटिंग' कहते हैं।

**विरासत को आगे बढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ –** मुझे अपने पिता से 'जनगढ़ कलमकारी' की न सिर्फ तालीम मिली, बल्कि उस विरासत को आगे बढ़ाने और निखारने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे पूर्वजों के द्वारा बताई गई पारंपरिक कहानियों, कथाओं एवं मेरे पिता के चित्रों से मुझे विशेष प्रेरणा मिली है, जिसके आधार पर मैं अपनी कल्पनाशील विचारों के द्वारा चित्र रचता हूं। मेरे पिता के कारण बचपन से ही मेरे अंदर कला के प्रति विशेष रुचि जन्म ले चुकी थी, परंतु मेरे पिता के देहांत के बाद निरंतर अपने इस कला के प्रति 20 सालों से कार्यरत हूं। वैसे तो आरंभ में मैं सफेद कागज पर काली स्याही और पेन से चित्र बनाता था, बाद में धीरे-धीरे मैं रंगों से जुड़ता चला गया और प्राकृतिक रंगों के जो निखार हैं, उसे एक्रेलिक कलर में बनाकर इस्तेमाल करने लगा और उन रंगों को अपनी चित्रकला में जोड़ने लगा, परंतु चित्रकला के साथ-साथ मैंने अपने पिता को मिट्टी की मूर्ति बनाते और काम करते हुए देखा था, इसलिए मन में कहीं न कहीं मेरे अंदर मिट्टी और प्रकृति के रंग से जुड़े हुए कुछ काम करने की ललक बनी हुई थी, जिसे मैं किसी न किसी रूप में कभी न कभी करने का इच्छुक था। प्रधान गोंड समाज द्वारा अपने धार्मिक सामाजिक कार्यों में इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक मिट्टी जिसका नाम रामराज है। यह मिट्टी अमरकंटक के जंगलों में नर्मदा नदी के किनारे मिलती है। मैंने इसी मिट्टी और प्राकृतिक रंगों पर काम करना शुरू किया।

## 2021 में मिट्टी के रंगों से पहली बार कागज पर किया काम



मयंक बतात हैं कि मैंने जनवरी 2021 में मिट्टी के रंगों से पहली बार कागज पर कम किया, जो मेरे लिए बहुत अद्भुत अनुभव था। मैंने पहली बार धरती के रंग से पहला चित्र धरती का ही बनाया। धरती की उत्पत्ति की कहानी को उसमें चित्रित किया था। धीरे-धीरे मैं धरती के रंगों की गहराइयों में उतरता चला गया। इस दौरान मैंने कुछ और भी प्रयोग किए तथा फूल पत्तियों के रंगों से भी काम करना शुरू किया, जो मेरे लिए और भी आकर्षण का केंद्र था। मयंक कहते हैं कि मेरे पिताजी ने गांव से अपनी दीवारों में अपनी इच्छा कल्पना से जो चित्र रचे थे, उससे प्रेरित होकर, उन्हें भोपाल शहर लाया गया और उन्होंने एक्रेलिक पोस्टर कलर से पहली बार भोपाल शहर में अपनी नई चित्रकला शैली को रचा। पिताजी के आशीर्वाद से प्रधान गोंड समुदाय में मुझे पहली बार पारंपरिक मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों से चित्र बनाने का गौरव प्राप्त हुआ। मैंने प्राकृतिक रंगों का धरती के रंगों के साथ तालमेल बिठाकर अपनी आत्म कल्पना से नए आकार के रंग रूपों को रचना शुरू कर दिया था। मैंने हर एक चित्र में उन कल्पनाओं को चित्रित किया है, जो मेरे अंतर्मन से निकला है।

## चोला माटी

पेरिस में यह प्रदर्शनी 'चोला माटी' के नाम से आयोजित की गई। मेरे पिता एक गीत गाते थे, जिसका आशय यह था कि 'यह तन मिट्टी का चोला है और एक दिन मिट्टी में मिल जाएगा।' अपने पिता को मैंने 'चोला माटी गीत' गीत गाते हुए अक्सर सुना था। इस आधार पर मैंने मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से निर्मित चित्रों की इस प्रदर्शनी के लिए 'चोला माटी' नाम सुझाया। जिसे स्वीकार किया गया और इसी नाम से यह प्रदर्शनी और पद्मजा श्रीवास्तव ने इसी नाम से इन चित्रों पर केंद्रित पुस्तक तैयार की।

आर्ट गैलरी

## रजा की अंकुरण




एसएच रजा की पेंटिंग 'अंकुरण' (Ankuran) उनके प्रसिद्ध 'बिंदु' श्रृंखला का हिस्सा है। ये भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता से प्रेरित है। इसमें बिंदु से अंकुरण की प्रक्रिया को दर्शाया गया है। ये जन्म, ऊर्जा और अनंत संभावनाओं का प्रतीक है। ये चित्र जीवंत रंग, वृत्त, त्रिभुज और ज्यामितीय पैटर्न ब्रह्मांडीय सामंजस्य और सृजन को दर्शाते हैं। यह पेंटिंग 1987 में बनाई गई थी और रजा के कलात्मक पुनर्जन्म और भारतीय विरासत के साथ उनके गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। ज्यामितीय रूप पेंटिंग में वृत्त (निरंतरता), त्रिभुज (ऊर्जा, पुरुष-प्रकृति) और रेखाओं के साथ-साथ भारतीय पंचतत्वों (पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु) के रंगों (सफेद, काला, लाल, नीला और हरा) का प्रयोग है। यह सिर्फ एक दृश्य नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का निमंत्रण है, जो ब्रह्मांड और मानव आत्मा के सार पर चिंतन कराता है, जिसमें रजा भारतीय दर्शन और आधुनिकतावाद को मिलाते हैं।

### एसएच रजा के बारे में

सैयद हैदर रजा (एसएच रजा) 20 वीं सदी के भारत के सबसे प्रतिष्ठित आधुनिकतावादी चित्रकारों में से एक थे। मध्य प्रदेश के मंडला में जन्मे रजा ने 1947 में स्थापित 'प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप' के माध्यम से भारतीय कला को एक नई दिशा दी। 1950 में पेरिस जाने के बाद, रजी की शैली लैंडस्केप से हटकर अमूर्त ज्यामितीय अभिव्यक्तियों की ओर मुड़ गई। उनकी कलात्मक यात्रा का शिखर 'बिंदु' की अवधारणा थी, एक केंद्रीय बिंदु, जो भारतीय दर्शन में ब्रह्मांड के जन्म और ऊर्जा का प्रतीक है। उनकी पेंटिंग्स, जो अक्सर 'बिंदु', 'प्रकृति', 'शून्य' और 'नाद' जैसे विषयों पर केंद्रित होती थीं, जीवंत रंगों और प्रतीकात्मकता से भरी थीं। रजा को उनके योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले, जिनमें भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण (2013) और फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान 'लीजन ऑफ ऑनर' शामिल है। वह 2010 में भारत लौट आए और 2016 में अपनी मृत्यु तक कला जगत को प्रेरित करते रहे।



## सुवा नृत्यः ग्रामीण संस्कृति की धड़कन और परंपरा का रंग

भारत विविधताओं और परंपराओं से भरा देश है, जहां हर प्रदेश अपनी अनूठी सांस्कृतिक पहचान के लिए जाना जाता है। कई परंपराएं समय के साथ धुंधली पड़ गई हैं, तो कई आज भी उतनी ही जीवंत और प्रभावशाली हैं। इन्हीं जीवंत परंपराओं में से एक है छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध सुवा नृत्य, जो ग्रामीण जीवन, आस्था और उत्सव का सुंदर संगम है। 'सुवा' का अर्थ होता है– तोता और इसी नाम पर आधारित यह लोकनृत्य लोकभावना को बड़े ही सहज रूप में अभिव्यक्त करता है।



छत्तीसगढ़ के गांवों में यह नृत्य प्राचीन काल से महिलाओं और युवतियों के समूह द्वारा किया जाता है। नृत्य की तैयारी भी कम रोचक नहीं होती है। महिलाएं बांस की बनी छोटी टोकरी में धान भरकर उसके ऊपर मिट्टी से बनाई गई तोते की प्रतिमा रखती हैं। यही टोकरी पूरे नृत्य का केंद्र बन जाती है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं इस टोकरी को अपने संग लेकर गोल घेरा बनाती हैं और ताल के साथ धीमे-धीमे झूमते हुए सुवा नृत्य प्रस्तुत करती हैं। ड्रम या अन्य वाद्यों का प्रयोग कम ही होता है। इसका असली सौंदर्य महिलाओं की तालबद्ध ताली और सामूहिक सुर में गाए गए लोकगीतों में है।

प्राचीन मान्यता के अनुसार, जब महिलाएं सुवा नृत्य करते हुए किसानों के घर-घर जाती थीं, तो गांववासी उन्हें उपहारस्वरूप अनाज या पैसा देते थे। यह सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि सम्मान और आस्था का प्रतीक था। संकलित धन और अनाज का उपयोग वे अपने सामूहिक उत्सव गौरा-गौरी विवाह में करती थीं। इस प्रकार, सुवा नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा है, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और सामुदायिक सहयोग की भी सुंदर परंपरा है।

धान की फसल कटने के बाद महिलाएं यह नृत्य करती हैं, मानो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रही हों। गीतों में उनकी भावनाएं, गांव का दैनिक जीवन, फसलों की खुशहाली और आपसी सौहार्द का चित्रण बहुत सहजता से झलकता है। यही कारण है कि यह नृत्य ग्रामीण जीवन की सरलता, सुंदरता और सामूहिकता का सजीव रूप माना जाता है।

आज भी सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। यह केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली धरोहर है, जो महिलाओं को अभिव्यक्ति, सहभागिता और सांस्कृतिक गर्व का मंच प्रदान करती है। ऐसे लोकनृत्य हमें हमारी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। इसलिए इस समृद्ध परंपरा को संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।



रंग-तरंग

## रचनात्मकता, कला और संस्कृति का जीवंत संगम



बीते दिनों राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी और कार्यशाला का बरेली स्थित यामिनी आर्ट गैलरी में आयोजन किया गया। यह आयोजन कला परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ गया, जिसने न केवल स्थानीय दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि कलाकारों को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। समापन समारोह में कला जगत की हस्तियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। प्रदर्शनी में लगाई गईं विविध शैलियों की पेंटिंग्स ने दर्शकों को कला की गहराई से रूबरू कराया। प्रदर्शनी में कई वरिष्ठ कलाकारों की कृतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं दो पेंटिंग्स- मो. तारिक अनवर की 'मैन्युफैक्चरिंग' और सुनील कुमार की 'पंचमुखी गणेश'। 'मैन्युफैक्चरिंग' ने आधुनिक जीवन की जटिलताओं और उत्पादन प्रक्रिया को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया, वहीं 'पंचमुखी गणेश' ने भक्ति और पारंपरिक कला का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत किया। दर्शकों ने इन कृतियों की बारीकियों को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के अंत में, तारा आर्ट फेस्ट के आयोजक मो. तारिक अनवर ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने इस फेस्ट की सफलता को देखते हुए इसे केवल बरेली तक सीमित न रखते हुए, राज्य और देश के अन्य सभी प्रमुख शहरों तक ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना साझा की। विशेष अतिथि और शिक्षाविद डॉ. उजमा कमर ने सभी कलाकारों, विशेष रूप से बाल कलाकारों के बेहतरीन चित्रों की सराहना की और इस राष्ट्रीय आयोजन की सफलता के लिए पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।

## बिजनेस ब्रीफ

### रुपया 18 पैसे मजबूत होकर 89.87 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 18 पैसे की बढ़त के साथ 89.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही।

### एप्पल ने नोएडा में खोला अपना नया स्टोर खुदरा बाजार पर नजर

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारत के तेजी से मजबूत होते खुदरा बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए नोएडा में एक नया स्टोर खोला है। यह भारत में कंपनी का पांचवा स्टोर है। एप्पल की उपाध्यक्ष (स्टोर एवं खुदरा परिचालन) वनेसा ट्रिगब ने कहा कि कंपनी हर नए स्टोर के खुलने पर अविश्वसनीय ऊर्जा और उत्साह देख रही है। इसे देखते हुए कंपनी अगले साल मुंबई में एक और स्टोर खोलेगी। एप्पल ने पहले खोले गए मुंबई और दिल्ली के स्टोर के अलावा इस साल बेंगलुरु और पुणे में भी अपने स्टोर खोले हैं।

### कोरोना रेमेडीज के आईपीओ को दूसरे दिन 9.33 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी कोरोना रेमेडीज़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को शेयर बिक्री के दूसरे दिन 9.33 गुना अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक, आईपीओ के तहत रखे गए 45,71,882 शेयरों के मुकाबले 4,26,66,148 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। गैर संस्थागत निवेशकों के खंड को 26.80 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 6.37 गुना अभिदान मिला।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट सेंसेक्स 436, निफ्टी 121 अंक टूटा

## फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले शेयरों में मुनाफा वसूली जारी

**मुंबई, एजेंसी**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर पर घोषणा से पहले बैंकिंग और तेल शेयरों में मुनाफा वसूली के चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर करीब दो सप्ताह के निचले स्तर 84,666.28 पर बंद हुआ। दूसरी ओर एनएसई का 50 शेयर वाला सूचकांक निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और कमजोर वैश्विक संकेतों ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 719.73 अंक लुढ़ककर 84,382.96 पर आ गया था।



जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार निचले स्तर पर खुले, मुनाफावसूली जारी रही और फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा से पहले सतर्कता, रुपये की कमजोरी, एफआईआई की बिकवाली और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी रही। आईटी शेयरों ने बाजार को नीचे खींचा जबकि पीएसयू बैंक, रियल्टी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं ने मजबूती दिखाई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व मंगलवार से अपनी दो दिवसीय नीतिगत बैठक शुरू करने जा रहा है, जिसमें फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख ब्याज दरों पर फैसला करेगी। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कॉम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा।यूरोपीय बाजार मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 655.59 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,542.49 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 0.27 प्रतिशत गिरकर 62.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### सोना 1,000 रुपये टूटा, चांदी 4,500 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये गिरकर 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक की घोषणा से पहले व्यापारियों ने सावधानी बरती, जिससे कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,32,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी भी 4,500 रुपये गिरकर 1,80,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। इसका पिछला बंद भाव 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोने का कारोबार कम रहा, लेकिन यह एक सीमित दायरे में रहा। बाजार के प्रतिभागी फेडरल रिजर्व की बहुप्रतीक्षित बैठक के फैसले से पहले सतर्क बने रहे।

# भारतीय कंपनियां भर्ती योजना के मामले में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर: सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय कंपनियों ने वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे मजबूत रोजगार संभावनाएं जताई हैं। देश की करीब 52 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्ती करने की योजना बना रही हैं।

'मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण' के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार संभावनाएं (एनईओ) 52 प्रतिशत हैं, जो एक साल पहले की तुलना में 30 प्रतिशत जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की

- देश की 52% कंपनियां अगले तीन महीनों के लिए बना रही हैं योजना

तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है। एनईओ उस अंतर को मापता है जो भर्ती बढ़ने की उम्मीद करने वाले और भर्ती घटने की उम्मीद करने वाले नियोक्ताओं के बीच प्रतिशत में होता है। पहली तिमाही के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत एनईओ ब्राजील (54 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। इसके बाद भारत (52 प्रतिशत) का दूसरा स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात (46 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहा। शीर्ष 10 देशों में नीदरलैंड 36 प्रतिशत, आयरलैंड 31 प्रतिशत, स्वीडन 30 प्रतिशत, ग्वाटेमाला 28 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड 27 प्रतिशत, अमेरिका 27 प्रतिशत और इजराइल 25 प्रतिशत शामिल हैं।

मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, भारत की भर्ती संभावनाएं सिर्फ मजबूत नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक विश्वास और क्षमता निर्माण के नए चरण का संकेत देती हैं। ये रुझान दिखाते हैं कि भारत मात्रा आधारित भर्ती से मूल्य निर्माण की तरफ बढ़ रहा है। कंपनियां कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही हैं।

### जस्ता वायदा कीमतें गिरी

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार से कमजोरी का संकेत लेकर सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता की कीमत 3.25 रुपये की गिरावट के साथ 306.15 रुपये किलोग्राम रह गई। एमसीए में जनवरी, 2026 माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 3.25 रुपये या 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 306.15 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# इंडिगो : जोखिमों की समय पर पहचान करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कंपनी सचिवों के शीर्ष निकाय आईसीएसआई ने मंगलवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का हवाला देते हुए कहा कि जोखिमों की समय पर पहचान एवं हस्तक्षेप और पारदर्शी संवाद सुनिश्चित करने के लिए अधिक मजबूत तरीकों की जरूरत है।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 78,000 से अधिक सदस्य हैं। एक बयान में संस्थान ने इंडिगो परिचालन संकट से सामने आई कॉरपोरेट प्रशासन संबंधी कमियों का जिक्र किया। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला ने कहा कि इंडिगो प्रकरण कंपनियों एवं पेशेवरों के लिए यह याद दिलाने वाला है कि मजबूत प्रशासन मसौदा न केवल शेयरधारकों के लिए मूल्य पैदा करता है, बल्कि जनता के भरोसे को भी बनाए रखता है। आईसीएसआई का यह बयान इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि वह अमूमन कंपनियों के प्रशासन तौर-

- आईसीएसआई ने एयरलाइन में कॉरपोरेट प्रशासन से जुड़ी खामियों का दिया हवाला

तरीकों पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करता है।

संस्थान ने कहा कि इंडियो की हालिया घटना पर सरकार की प्रतिक्रिया देखते हुए भारतीय कंपनियों में मजबूत कॉरपोरेट प्रशासन प्रथाओं की तत्काल जरूरत है। आईसीएसआई ने निदेशक मंडल के स्तर पर व्यापक जवाबदेही की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि मजबूत प्रशासन तैयारी, जवाबदेही और संकट में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है। संस्थान के सचिव आशीष मोहन ने कहा कि कंपनियों को अपने ढांचे और प्रक्रियाओं की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए ताकि सभी हितधारकों के हित सुरक्षित रहें।

# म्यूचुअल फंड का आकार 2035 तक 300 लाख करोड़ रुपये होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां वर्ष 2035 तक 300 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है जबकि इसी अवधि में प्रत्यक्ष इक्विटी शेयरधारिता 250 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

सलाहकार फर्म बेन एंड कंपनी और निवेश मंच ग्रो की एक संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि एयूएम में उच्च वृद्धि खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और व्यापक डिजिटल पहुंच से प्रेरित है। 'हाउ इंडिया इन्वेस्ट्स' शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, अगले दशक में भारतीय




- रिपोर्ट में खुदरा भागीदारी बढ़ने के आधार पर जताया गया अनुमान

परिवारों में म्यूचुअल फंड की पहुंच 10 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है। इसके मुताबिक म्यूचुअल फंड उद्योग में वृद्धि की अगली लहर घरेलू स्वीकृति में वृद्धि, मजबूत डिजिटल सक्षमता, सहायक विनियमन और बढ़ते निवेशक विश्वास से प्रेरित होगी।

# श्रम कानूनों के खिलाफ श्रमिक संगठनों ने की फरवरी में हड़ताल की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के मजदूर संगठनों ने श्रम कानूनों को वापस लेने के लिए चरणबद्ध, निरंतर संघर्ष शुरू करने और अगले साल फरवरी में देशव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

एक बयान में कहा गया कि हड़ताल की तारीख 22 दिसंबर 2025 को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की अगली बैठक में घोषित की जाएगी। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और क्षेत्रीय महासंघों एवं संघों के संयुक्त मंच की बैठक आठ

- इंसी महीने संयुक्त मंच की बैठक में घोषित की जाएगी तारीख

दिसंबर 2025 को हुई। बैठक में श्रम कानूनों की अधिसूचना के बाद की स्थिति का जायजा लिया गया। कहा गया कि संतोषजनक है कि श्रमिक वर्ग ने श्रम विरोधी कानूनों के खिलाफ स्वतः प्रतिक्रिया जताई है, जिसे सरकार पिछले पांच वर्षों से ट्रेड यूनियन आंदोलन के कड़े विरोध के कारण अधिसूचित नहीं कर पाई थी।

कहा गया है कि पूरे देश में, खासकर कार्यस्थल स्तर पर व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, और इसमें यह भी जोड़ा गया कि गैर-यूनियन वाले श्रमिकों और बीएमएस से संबंधित श्रमिकों ने भी विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया, जिसमें कानूनों की प्रतियां जलाना भी शामिल था।

कहा गया है कि 26 नवंबर 2025 को देश में जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों के साथ-साथ कार्यस्थल स्तर पर भी बड़े पैमाने पर लामबंदी देखी गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने भी बड़ी संख्या में बीज विधेयक के साथ श्रम कानूनों का विरोध करते हुए बुनियादी मांगों के लिए लामबंदी की है। बयान में आरोप लगाया गया कि श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों के तथाकथित 'लाभों' पर अभूतपूर्व झूठा प्रचार किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय

# बीएलओ को दी जा रही धमकियों पर सुप्रीम चिंता, कहा- यह बेहद गंभीर

## सीजेआई ने दिया निर्देश- राज्यों में सहयोग की कमी को गंभीरता से ले आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण में जुटे बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकी दिए जाने के मामले को मंगलवार को गंभीरता से लिया और निर्वाचन आयोग से कहा कि वह ऐसी घटनाओं को शीर्ष अदालत के संज्ञान लाएं नहीं तो अराजकता फैल जाएगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग से एसआईआर प्रक्रिया के कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा।

पीठ ने आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, बीएलओ के काम में सहयोग की कमी और बाधाओं के मामले हमारे संज्ञान में लाएं, हम उचित आदेश पारित करेंगे। द्विवेदी ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो आयोग के पास राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पुलिस को अपने अधीन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि आयोग चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। द्विवेदी ने कहा कि आयोग के पास बीएलओ और एसआईआर कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से निपटने के लिए सभी संवैधानिक अधिकार हैं। न्यायमूर्ति कांत ने द्विवेदी से कहा, स्थिति से निपटें, नहीं तो अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने स्थिति को बेहद गंभीर बताया।



### पीठ ने कहा- इतना आसान नहीं बीएलओ का काम

आयोग के अधिकवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता क्योंकि उन्हें 30-35 मतदाताओं वाले छह-सात घरों की गणना का काम करना होता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह बैठे-बिठाए करने वाला काम नहीं है। बीएलओ को घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, यह जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है। सनातनी संसद और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने बीएलओ और एसआईआर कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों के खिलाफ हिंसा एवं धमकियां का आरोप लगाया और आयोग को उनकी सुरक्षा के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया।

### नागरिकता पर फैसले से पहले वोटर लिस्ट में कैसे जुड़ सकता है नाम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिये पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी। पीठ ने कहा कि जब आवेदकों की नागरिकता की स्थिति की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी ने नहीं की है तो न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कैसे कर सकता है।

# नाइट क्लब आग मामले में सौरभ और गौरव की शैक को गिराने का आदेश

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों को आग से तबाह हुए नाइट क्लब के भगोड़े मालिक सौरभ और गौरव लूथरा के वागाटोर समुद्र तट स्थित 'रोमियो लेन' के अवैध शैक (झोपड़ी) को ध्वस्त करने का आदेश दिया है।

सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा शनिवार आधी रात के आसपास अरपोरा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के कुछ ही घंटों बाद थाईलैंड फरार हो गए थे। गोवा के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इंटरपोल ने सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। सीएमओ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सावंत ने उत्तरी गोवा जिला प्रशासन को सभी औपचारिकताएं पूरी करने और वागाटोर में समुद्र तट पर बनी शैक को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने कहा, यह शैक सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई है। मंगलवार को इसे गिराने का आदेश दिया गया।

# सत्तापक्ष कर रहा है वोट चोरी का सबसे बड़ा राष्ट्रविरोधी कृत्य

## चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बोले राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को वोट चोरी को सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं और 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाए, मतदान के समय की सीसीटीवी फुटेज दी जाए तथा ईवीएम संरचना के बारे में जानकारी दी जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2023 के उस कानून को बदलिए जो निर्वाचन आयुक्तों को यह ताकत देता है कि वो जो चाहें वो करें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।



- चुनाव आयोग समेत सभी संस्थाओं पर कब्जा कर रही है आरएसएस

राहुल गांधी ने हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में हेराफेरी का आरोप दोहराते हुए कहा, सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम वोट चोरी है। राहुल गांधी ने दावा किया कि आरएसएस के प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया। उन्होंने कहा, 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की छाती में तीन गोलियां लगीं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं ख़त्म नहीं हुआ। सब कुछ, सारी संस्थाएं वोट से आकार लेती हैं, तो जाहिर है कि आरएसएस को वोट से निकली सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा करना था। कांग्रेस नेता ने कहा कि गांधीजी की हत्या के बाद इस 'प्रोजेक्ट' का अगला कदम भारत के संस्थागत ढांचे पर पूर्ण कब्जा करना था। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालयों, जांच एजेंसियों और निर्वाचन आयोग पर कब्जा कर लिया गया है।

### आयोग की निष्पक्षता पर कई सवाल उठे हैं: सुले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि वह ईवीएम पर अंगुली नहीं उठाएंगी, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सवालों के घेरे में आई है। सुले ने कहा कि चुनावी हिंसा, काले धन के इस्तेमाल, नकदी बरामदगी तथा दल-बदल निरोधक कानून के दुरुपयोग आदि के मुद्दे इनमें शामिल हैं।

### कांस्टेबल को यातना देने वाले आठ पुलिस वालों को जमानत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर के कुपवाड़ा जिले की एक अदालत ने पुलिस कांस्टेबल को अवैध रूप से हिरासत में लेने और यातनाएं देने के आरोपी डीएसपी समेत आठ पुलिसकर्मियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं हैं। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सीबीआई द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के दो महीने बाद आया है। कुपवाड़ा के जिला न्यायाधीश मंजीत सिंह मनहास ने डीएसपी एजाज अहमद नाइक, उपनिरीक्षक रियाज अहमद मीर, जहांगीर अहमद बेग, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनिस खान और तनवीर अहमद मल्ला, कांस्टेबल शाकिर हुसैन खोजा और अल्ताफ हुसैन भट आदि की जमानत अर्जी खारिज कर दीं।

# मद्रास हाईकोर्ट के जज हटाने के लिए नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कई अन्य विपक्षी दलों ने तमिलनाडु में एक दरगाह के निकट स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' से जुड़े मामले में फैसला देने वाले मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा। इस नोटिस पर 120 से अधिक विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता टीआर बालू तथा कई अन्य नेताओं ने बिरला से मुलाकात कर यह नोटिस दिया। द्रमुक का आरोप है कि न्यायाधीश के फैसले के बाद भाजपा की ओर से सांप्रदायिक टकराव की स्थित पैदा की गई है। गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार ने दरगाह के पास स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' जलाने की अनुमति देने के मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपरमकुंद्रम में स्थित पत्थर के एक दीप स्तंभ 'दीपथून' में दरगाह के निकट अरुलमिघु सुब्रमणिय स्वामी मंदिर के श्रद्धालुओं को परंपरागत ''कार्तिगई दीपम' का दीपक जलाने की अनुमति देने के मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई के लिए पांच दिसंबर को सहमति जताई थी।

- आरोप, पुलिस रिपोर्ट के खिलाफ दी कार्तिगई दीपम की अनुमति भाजपा ने फैलाया तनाव

### महाराष्ट्र में उड़ाई जा रही हैं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की धज्जियां : शिवसेना

**नई दिल्ली।** शिवसेना (उबाठा) ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि हाल के महीनों में महाराष्ट्र में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती रही हैं और इसकी शिकायत करने पर निर्वाचन आयोग तानाशाह जैसा रवैया अपनाता है। शिवसेना के अनिल देसाई ने चुनाव सुधारों पर सदन में जारी चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का आधार होता है और इसे लोकतंत्र की आत्मा कहा जाता है, लेकिन महाराष्ट्र सहित देशभर में चुनाव सुधारों के नाम पर कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। देसाई ने महाराष्ट्र में एसआईआर प्रक्रिया में जारी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने जब निर्वाचन सदन जाकर अपनी आवाज उठाई तो आयोग ने तानाशाहों की तरह रवैया पेश किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी से निर्वाचन आयोग के क्रियाकलापों को लेकर अंगुली उठती है। उन्होंने सवाल किया कि यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी रहती है तो फिर निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव होगा।

# अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होते ही चुनावों की घोषणा होगी ताकि चुनौती न सकें : ममता

**कूच बिहार।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि कानूनी चुनौतियों से बचने के लिए एसआईआर प्रक्रिया के बाद फरवरी में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के तुरंत बाद राज्य में विधानसभा चुनावों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाताओं में डर पैदा करने के लिए किया जा रहा है।

ममता बनर्जी ने कूचबिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अब हमें अपनी नागरिकता साबित करनी होगी, इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है। जो लोग पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं, उनसे यह साबित करने के लिए कहा जा रहा है कि वे कौन हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर 'अराजक और निरंकुश' शासन चलाने का आरोप लगाया।

### 'बंकिम दा' पर माफी मांगें मोदी

ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उपन्यासकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को 'बंकिम दा' कहकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी को माफी मांगनी चाहिए। ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बंगाल के सबसे महान सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक मानी जाने वाली हस्ती को इस तरह संबोधित किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वाद्ययंत्र 'बोरींडो' यूनेस्कों की विरासत सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत का प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, पैराग्वे की प्राचीन चीनी मिट्टी की शिल्पकला और केन्या के दाईदा समुदाय के म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (आईसीएच) में मंगलवार को शामिल किया गया, जिन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा मंगलवार को नामांकनों पर विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें आईसीएच में जगह दी जा सके। आईसीएच का 20वां सत्र 8 से 13 दिसंबर तक लाल किले में आयोजित किया जा रहा है।

### सूडानी मिलिशिया नेता को 20 साल की सजा

**द हेग।** अंतर्राष्ट्रीय आपराध न्यायालय ने मंगलवार को खूंखार सूडानी जंजावीद मिलिशिया के एक नेता को 20 साल से भी अधिक समय पहले दारफुर में हुए विनाशकारी संघर्ष के दौरान किए गए युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पिछले महीने एक सुनवाई में अभियोजकों ने अली मुहम्मद अली अब्द-अल-रहमान को आजीवन कारावास की सजा देने का अनुरोध किया था। अली मुहम्मद को अक्टूबर में युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के 27 मामलों में दोषी ठहराया गया था।

### शाहरुख स्टाइलिश लोगों की सूची में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी 2025 के 67 सबसे 'स्टाइलिश' लोगों की सूची में जगह बनाई है। अन्य मशहूर हस्तियों में सबरीना कारपेंटर, डोएची, विवियन विल्सन, निकोल शेर्ज़िंगर, वाल्टन गोगिंस, जेनिफर लॉरेंस और कोल एस्कोला शामिल हैं। शाहरुख को इस साल की शुरुआत में 'मेट गाला' में उनकी आकर्षक उपस्थिति के लिए यह पहचान मिली, जहां उन्होंने प्रसिद्ध डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन किया गया परिधान पहना था।

### भारतीयों को अवैध रूप से नौकरी देने पर जेल

**लंदन।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड स्थित एक 'केयर होम' एजेंसी के निदेशक को उन भारतीय प्रवासियों को नौकरी पर रखने का दोषी पाए जाने के बाद ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई जिन्हें ब्रिटेन में काम करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। ब्रिटेन में 'होम केयर एजेंसी' घर पर रहने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगों या बीमार लोगों की देखभाल में सहायता प्रदान करती है। ये एजेंसी ऐसे प्रशिक्षित देखभालकर्ता मुहैया कराती हैं जो चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय दोनों तरह की सहायता दे सकते हैं।

# फैशन में निभाए किरदार ने किस्मत बदल दी : प्रियंका

- अबू धाबी में हुए ब्रिज मीडिया सम्मेलन में बोलीं पूर्व मिस वर्ल्ड

**अबू धाबी, एजेंसी**



प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि उन्होंने जब बॉलीवुड में कदम रखा था, तब उनका न तो कोई गॉडफादर था, न ही उन्हें किसी फिल्मी घराने का समर्थन हासिल था।

प्रियंका कहती हैं कि करियर के शुरुआती दौर में उन्हें जो भी भूमिकाएं मिलीं, वह उन्हें स्वीकार करती गईं, शूटिंग के लिए दिन-रात एक कर दिए, अमेरिका में पॉप संगीत में भी हाथ आजमाया और आखिरकार फैशन में निभाए गए किरदार ने किस्मत बदल दी। आज प्रियंका हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय करियर के शुरुआती दौर में की गई कड़ी मेहनत को देती हैं। अबू धाबी में आयोजित ब्रिज मीडिया सम्मेलन में प्रियंका (43) ने 2000 में 'मिस वर्ल्ड' का खिताब जीतने से लेकर हिंदी फिल्मों में दस्तक देने और फिर हॉलीवुड का रुख करने तक के अपने सफर को याद किया। उन्होंने 2008 में प्रदर्शित 'फैशन' को अपने करियर का रुख बदलने वाली फिल्म बताया।

# सुनामी : विनाशकारी लहरों की श्रृंखला



सुनामी समुद्र में उत्पन्न होने वाली अत्यंत विशाल, तेज़ और विनाशकारी लहरों की एक श्रृंखला होती है। सामान्य समुद्री लहरें हवा की गति से बनती हैं, लेकिन सुनामी की लहरें समुद्र के भीतर अचानक हुई किसी बड़ी हलचल या विस्फोट के कारण पैदा होती हैं। इनकी गति बहुत अधिक होती है, जो कभी-कभी 700 से 800 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुँच सकती है। समुद्र के बीच में सुनामी की लहरें भले ही छोटी दिखाई दें, लेकिन जब वे तट के पास उथले पानी में पहुँचती हैं, तो उनकी ऊँचाई तेजी से बढ़ जाती है और वे विशाल दीवार जैसी बनकर तट पर टकराती हैं।

इसी टकराव से बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होता है। सुनामी का मुख्य कारण समुद्र की सतह के नीचे आने वाला शक्तिशाली भूकंप है। जब समुद्री प्लेटें टकराती या खिसकती हैं, तो समुद्र का बहुत सारा पानी अचानक ऊपर उठ जाता है और उसी उथल-पुथल से सुनामी की शुरुआत होती है। इसके अलावा समुद्र के भीतर होने वाले ज्वालामुखी विस्फोट, समुद्र में भूस्खलन और बहुत कम मामलों में उल्कापिंड का समुद्र में गिरना भी सुनामी का कारण बन सकता है। इस प्रकार, सुनामी एक प्राकृतिक आपदा है जो समुद्र में अचानक होने वाले बड़े परिवर्तनों के कारण उत्पन्न होती है और मनुष्य तथा प्रकृति दोनों पर गहरा प्रभाव डालती है।

- जापान (तोहोकू) में सुनामी आई थी जिसमें लगभग 18 हजार लोगों की मौत हुई थी। इसकी वजह से फुकुशिमा परमाणु संयंत्र दुर्घटना भी हुई थी। अरबों डॉलर की क्षति, संपूर्ण तोहोकू शहर जलमग्न हो गया था।
- 1883 में इंडोनेशिया में क्राकातोआ ज्वालामुखी विस्फोट से सुनामी आई जिससे लगभग 36,000 मौतें हुईं, तटीय क्षेत्र पूरी तरह नष्ट हो गया।
- 1960 में चिली में दुनिया का सबसे शक्तिशाली भूकंप आया था जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 9.5 थी जिसके बाद समुद्र में सुनामी आया था जिसकी लहरें जापान, हवाई द्वीप और फिलीपींस तक पहुंची थीं।

### सुनामी क्यों आती है?

समुद्र के नीचे भूकंप सुनामी आने का सबसे बड़ा कारण है। जब समुद्री प्लेटें अचानक खिसकती हैं, तो पानी ऊपर की ओर धकेला जाता है और सुनामी बनती है। समुद्र के भीतर ज्वालामुखी विस्फोट भी सुनामी आने का कारण बनता है। जैसे इंडोनेशिया का क्राकातोआ, विस्फोट से समुद्र में तेज़ उथल-पुथल होती है। समुद्र के नीचे भूस्खलन भी वजह है। पहाड़ या बड़ी चट्टानें समुद्र में गिरने पर विशाल लहरें बनती हैं।

### जलीय जीव-जंतुओं पर प्रभाव

सुनामी समुद्री जीवों के लिए भी खतरनाक है। इससे समुद्री निवास नष्ट हो जाते हैं, कोरल रीफ टूट जाते हैं, समुद्र तल की मिट्टी और रेत बह जाती है, मछलियों के अंडे और घर नष्ट हो जाते हैं, तेज़ धार से बड़ी संख्या में मछलियां मर जाती हैं।

### दुनिया की सबसे भीषण सुनामियां और नुकसान

भारतीय महासागर जिसमें भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया आदि शामिल हैं। यहां 26 दिसंबर 2004 को आई सुनामी में लगभग 2,30,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इंडोनेशिया के निकट समुद्र के भीतर 9.1 तीव्रता का भूकंप इसकी वजह रही। दर्जनों शहर नष्ट व लाखों लोग विस्थापित हुए थे।

# अमेरिका में सस्ते दाम पर चावल बेच रहा भारत, लगाएंगे नए शुल्क

## राष्ट्रपति ट्रंप ने दी चेतावनी, कहा-समस्या का आसानी से हल निकाल लेंगे

- व्हाइट हाउस में खेती और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग बैठक

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत को अमेरिकी बाजार में चावल डंप करना (सस्ते दामों पर बेचना) नहीं चाहिए और वह इस मामले से निपट लेंगे। ट्रंप ने चेतावनी दी कि शुल्क (टैरिफ) लगाकर इस समस्या का आसानी से हल निकल जाएगा। ट्रंप ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में खेती और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों तथा अपने कैबिनेट के प्रमुख सदस्यों खासकर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स के साथ एक गोलमेज बैठक की। उन्होंने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय सहायता की घोषणा की।

लुइसियाना में अपने परिवार के कृषि कारोबार केनेडी राइस मिल का संचालन करने वाली मेरिल केनेडी ने ट्रंप से कहा कि देश के दक्षिणी हिस्से में चावल उत्पादक वास्तव में संघर्ष कर रहे हैं और अन्य देश अमेरिकी बाजार में चावल डंप कर रहे हैं यानी कि बेहद सस्ते दामों पर चावल बेच रहे हैं। जब ट्रंप ने पूछा कि कौन से देश अमेरिका में चावल सस्ते दामों पर बेच रहे हैं तो राष्ट्रपति के बगल में बैठीं केनेडी ने जवाब दिया, भारत और थाईलैंड, यहां तक कि चीन भी प्यूर्टो रिको में चावल सस्ते दामों पर बेच रहा है। प्यूर्टो रिको कभी अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था। हमने कई वर्षों से प्यूर्टो रिको में चावल नहीं भेजे हैं।

केनेडी ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए शुल्क काम कर रहे हैं, लेकिन हमें इसे और बढ़ाने की जरूरत है। ट्रंप ने फिर बेसेंट की ओर देखते हुए कहा, भारत, मुझे भारत के बारे में बताइए। भारत को ऐसा करने की अनुमति क्यों है? उन्हें शुल्क देना होगा। क्या उन्हें चावल पर छूट मिली हुई है? इस पर बेसेंट ने कहा, नहीं सर, हम अभी उनके साथ व्यापार सौदे पर बातचीत कर रहे हैं। केनेडी ने ट्रंप को यह भी बताया कि भारत के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक मामला चल रहा है। ट्रंप ने कहा कि इसे बहुत आसानी से निपटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह उन देशों पर शुल्क लगाकर बहुत जल्दी हल हो जाएगा, जो अवैध रूप से सामान भेज रहे हैं। आपकी समस्या एक दिन में हल हो जाएगी।

### वैश्विक बाजार में भारत की 28% हिस्सेदारी

इंडियन राइस एक्सपोर्ट्स फेडरेशन के आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और वैश्विक बाजार में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वह शीर्ष निर्यातक भी है, जिसकी 2024-25 में वैश्विक निर्यात में 30.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारत चावल की जो किस्में वैश्विक स्तर पर निर्यात करता है, उनमें सोना मसूरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे बाजारों में पसंद की जाती है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इसमें रूस से तेल खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है।

### क्वाड समूह को और मजबूत बनाएगा अमेरिका : रुबियो



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा कि हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...। ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था। रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं। हम आने वाले साल में इस सहयोग को और आगे बढ़ाएंगे तथा ऐसी और बैठकों की उम्मीद करते हैं।



जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के हुतमुराह वन क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ छानबीन करती एनआईए की टीम।

# कराची में हिंदू महिला और बेटी का अपहरण

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू महिला और उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात बंदूकधारियों ने अगवा कर लिया। यह घटना शनिवार को कराची के शेरशाह स्थित सिंधी मोहल्ले में घटी। परिवार द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला को तीन हथियारबंद व्यक्तियों ने घर से बाहर निकलते ही जबरन एक सफेद कार में बैठा लिया। इस मामले से स्थानीय समुदाय में भय और चिंता व्याप्त हो गई है। सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के नागरिक अधिकार कार्यकर्ता शिवा काची ने कहा कि रानी और उनकी नाबालिग बेटी अब भी लापता हैं। उनके परिवार को डर है कि उन्हें जबरन इस्लाम कुबूल कराया जाएगा।

# एनआईए की अनंतनाग में तीन जगह छापेमारी

- दिल्ली विस्फोट मामले में संदिग्धों को लेकर वन क्षेत्र में की छानबीन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली विस्फोट मामले में मंगलवार को जम्मू -कश्मीर में तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एनआईए, केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त दल दो संदिग्धों डॉ. आदिल राथर और जसीर बिलाल वानी को अनंतनाग के एक वन क्षेत्र में लेकर गई। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में की जा रही छापेमारी का हिस्सा है।

इन दोनों संदिग्धों को दिल्ली विस्फोट मामले और सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के साथ संबंध होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल कई तथ्यों की गहन जांच की जा रही है और जानकारियां जुटाईं जा रही हैं ताकि दोनों आरोपियों के बयानों की पुष्टि की जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट मामले की जांच के संबंध में ये छापेमारियां की जा रही हैं।

लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए ने अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरू में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इस मामले को बाद में गृह मंत्रालय ने एनआईए को स्थानांतरित कर दिया गया था।

# इंडोनेशिया में आग से 22 लोगों की मौत

**जकार्ता, एजेंसी**

- राजधानी जकार्ता में सात मंजिला इमारत चपेट में आई



इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक कार्यालय भवन में आग लगने की घटना में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। मध्य जकार्ता स्थित कार्यालय की सात मंजिला इमारत को आग की लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसमान में धुएं का गुबार फैल गया और आस-पास रहने वाले लोगों तथा कर्मचारियों में दहशत फैल गई।

मध्य जकार्ता के पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुर्नोमो कोंड्रो ने बताया कि आग दोपहर के समय लगी और माना जा रहा है कि यह केमायोरन इलाके में स्थित इमारत की पहली मंजिल से शुरू हुई और बाद में अन्य मंजिलों तक फैल गई। कोंड्रो के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए सैकड़ों कर्मियों और दमकल की 29 गाड़ियों को तैनात किया गया। आग लगने के कारणों की अब भी जांच की जा रही है। कोंड्रो ने कई प्रत्यक्षदर्शियों का हवाला देते हुए बताया कि इमारत में स्थित कार्यालय के कई कर्मचारी दोपहर के भोजन के लिए बाहर गए हुए थे, तभी भंडारण और परीक्षण क्षेत्र में बैटरी में चिंगारी निकलने लगी। उन्होंने बताया कि इमारत को ड्रोन कंपनी के बिक्री और भंडारण कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई।

# इजराइल को मोदी समेत कई नेताओं का है समर्थन

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को संसद में दिए एक तेज तर्रार भाषण में देश के प्रबंधन को लेकर अपनी नीति का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस यहूदी राष्ट्र के खिलाफ बढ़ती यहूदी-विरोधी भावनाओं के बावजूद इजराइल को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत दुनिया के कई देशों एवं नेताओं का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है। नेतन्याहू ने संसद में तथाकथित 40 हस्ताक्षर बहस के दौरान यह बात कही।

# सियासी कारणों से हवाई क्षेत्र का बंद होना अस्वीकार्य

**जिनेवा, एजेंसी**



- भारत-पाकिस्तान के संदर्भ में आईएटीए प्रमुख ने की टिप्पणी

वैश्विक एयरलाइंस निकाय आईएटीए के प्रमुख विली वॉल्श ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक कारणों से हवाई क्षेत्र को बंद किया जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है और यह सभी विमानन कंपनियों के लिए खुला होना चाहिए। वॉल्श ने यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान द्वारा एक-दूसरे की उड़ानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद करने के संबंध में एक सवाल पर की।

उन्होंने एक सवाल पर कहा कि हम देख रहे हैं कि राजनीतिक कारणों से हवाई क्षेत्र बंद किए जा रहे हैं, और स्पष्ट रूप से ऐसा होना हमारे लिए अस्वीकार्य है। हालांकि आईएटीए के महानिदेशक ने अपने जवाब में किसी भी देश का जिक्र नहीं किया। दुनिया के कुछ अन्य हिस्सों में भी वायु क्षेत्र प्रतिबंध लागू हैं। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद 30 अप्रैल से पाकिस्तान की एयरलाइंस एवं परिचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। इसके बाद से ये प्रतिबंध बढ़ाए जाते रहे हैं। पाकिस्तान ने भी भारतीय विमान कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर रखा है। वॉल्श ने उम्मीद जताई कि प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र उड़ानों के संचालन के लिए दोबारा खोले जाएंगे और एयरलाइंस उनका इस्तेमाल कर सकेंगी।

### कानूनी विकल्पों का भी कर रहे मूल्यांकन

विली ने कहा कि एयरलाइंस आपूर्ति शृंखला से जुड़ी समस्याओं पर कानूनी विकल्पों का भी मूल्यांकन कर रही हैं। आपूर्ति शृंखला की स्थिति कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि अगर कोई एयरलाइन आज विमान का ऑर्डर दे, तो उसे विमान मिलने में करीब 6.8 साल लगेंगे, और कुल बकाया ऑर्डर 17,000 से अधिक है। वर्ष 2025 के अंत में नए विमानों की आपूर्ति में थोड़ा सुधार शुरू हुआ है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 13.46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 11 दिसंबर 02.44 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपके उत्तम प्रदर्शन को लेकर चर्चा होगी। परोपकार और समाज कल्याण के कार्यों में आप काफी सहयोग देंगे। जीवनसाथी आपकी अतिरिक्त देखभाल करेगा। बाहरी व्यक्तियों का पारिवारिक जीवन में हस्तक्षेप न होने दें।

**वृष** — आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग नहीं कर पाएंगे। यदि आवश्यक न हो तो बड़े आर्थिक लेन-देन आज कम करें। कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। नया करियर आरंभ करने का विचार बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज काम का दबाव काफी कम रहेगा। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के अवसर प्राप्त होंगे। युवा जातक प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। अपनी नीतियों को सदैव स्पष्ट रखें व उनमें फेर-बदल न करें।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध में आकर किसी भी विषय पर प्रतिक्रिया न दें। समय पर काम करने से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। आप रुकी हुई योजनाओं को आरंभ करने के लिए परिश्रम करेंगे।

**सिंह** — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। सकारात्मक लोगों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यंत भावुक हो सकते हैं। आप अपनी पुरानी गलतियों से सीखेंगे।

**कन्या** — आज अधिक सोच-विचार के कारण आप अवसरों को खो सकते हैं। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए। पुराने कर्जों के कारण आपको तनाव हो सकता है। किसी नजदीकी मित्र से मनमुटाव हो सकता है।

**तुला** — आज मन में संतोष की भावना रहेगी। ऐसे कोई कार्य न करें, जिसमें आपकी छवि दांव पर लगी हो। उच्चशिक्षा को लेकर अत्यंत उत्सुक रहेंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। तनाव न लेते हुए समस्याओं का शांत मन से समाधान ढूंढें। आपको कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। राजनैतिक मामलों से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए।

**धनु** — आज व्यवसाय में आपकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। रिश्तेदारों के साथ अचानक मुलाकात हो सकती है। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। आपसी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मकर** — आज व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें। करियर और शिक्षा को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। अपने गुप्त रहस्य और विद्या किसी से साझा न करें। घर में अनुशासन बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपको क्षमता से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ** — आज जॉब में स्थानान्तरण होने के योग बन रहे हैं। बॉस आपके काम से बहुत प्रसन्न रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ धीमापन हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतरीन रहने वाली है। किसी रिश्तेदार से शुभ सूचना मिल सकती है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे।

**मीन** — आज नकारात्मक परिस्थितियों के बीच भी संयम बनाकर रखें। हालांकि लोगों के ऊपर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेना लाभकारी सिद्ध होगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं। क्रोध व तनाव के कारण दिनचर्या खराब हो सकती है।

## सुडोकू -186

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | 3 | | | | |

### सुडोकू - 185 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 |



“राष्ट्रीय टी-20 टीम में हार्दिक पंड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है क्योंकि यह स्टार ऑलराउंडर विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में भी टीम में जगह बनाने में सक्षम है।
–संजय बांगड़
भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच।


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### सेसा की महिला टीम ने आईडब्ल्यूएल के लिए किया क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है।

### जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग

**जमशेदपुर।** भारतीय फुटबॉल में ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल हुईं।

### एलओसी के पास मैराथन आयोजित

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

# भारत ने द. अफ्रीका को 101 रनों से रौंदा

## पहला टी-20 : टीम इंडिया में लौटे पंड्या की आक्रामक पारी

**कटक, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या के खेल से भारत ने पांच मैचों की शृंखला के पहले टी-20 में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराकर शानदार आगाज किया। पंड्या की नाबाद 59 रन की आक्रामक पारी के बूते भारत ने 6 विकेट पर 175 रन बनाने के बाद द. अफ्रीका को 12.3 ओवर में 74 रन पर आउट कर रनों के लिहाज से दूसरे सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

भारत ने इससे पहले नवंबर 2024 में द. अफ्रीका को 135 रन से हराया था। टी20 में यह द. अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर है। बल्ले से छठा टी-20 अर्धशतक जड़ने वाले पंड्या ने डेविड मिलर (1 रन) का विकेट भी चटकाया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल को दो-दो जबकि शिवम दुबे को एक सफलता मिली। द. अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 22 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडेन मारक्रम ने 14-14 रनों का योगदान दिया।

भारतीय टीम 12 ओवर के बाद 4 विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन एशिया कप के बाद चोट से वापसी कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे पंड्या ने 28 गेंद की नाबाद पारी में 4 छक्कों और 6 चौकों की मदद से भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। भारत के लिए तिलक वर्मा (32 गेंद में 26), अक्षर पटेल (21 गेंद में 23) अभिषेक शर्मा (12 गेंद में 17) क्रीज पर समय बिताने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। द. अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट लिए। लुथो सिपामला को दो जबकि डोनोवन फरेरा को एक सफलता मिली।

लक्ष्य का बचाव करते हुए अर्शदीप सिंह ने पारी की दूसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक को पवेलियन भेजने के बाद अगले ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स (14) को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। कप्तान एडेन मारक्रम ने चौथे ओवर में बुमराह के खिलाफ चौका और छक्का लगाया लेकिन अक्षर ने उन्हें बोल्ड किया। चक्रवर्ती के खिलाफ लांग ऑन पर छक्का लगाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस ने अक्षर पर चौके के साथ पावर प्ले में द. अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 45 रन पहुंचा दिया।

पंड्या ने गेंद थामते ही मिलर को पवेलियन भेजा। टीम का स्कोर 50 रन तक ही पहुंचा था कि चक्रवर्ती ने फरेरा भेजा। मार्को यानसेन खतरनाक होते उससे पहले चक्रवर्ती ने उन्हें बोल्ड कर दिया। बुमराह ने अगले ओवर में ब्रेविस को आउट कर टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अपने विकेटों का सैंकड़ा पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों ने पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करने में ज्यादा समय नहीं लिया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।




### भारत

**175/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक का यानसेन बो सिपामला | 17 |
| शुभमन का यानसेन बो एनगिडी | 04 |
| सूर्यकुमार का मारक्रम बो एनगिडी | 12 |
| तिलक का यानसेन बो एनगिडी | 26 |
| अक्षर का फरेरा बो सिपामला | 23 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 |
| शिवम दूबे बो फरेरा | 09 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 10 |

**गेंदबाजी :** एनगिडी 4-0-31-3, यानसेन 4-0-23-0, सिपामला 4-0-38-2, नोर्किया 4-0-41-0, महाराज 2-0-25-0, फरेरा 2-0-13-1

### दक्षिण अफ्रीका

**74/10** (12.3 ओवर)

| | |
|---|---|
| क्विंटन का अभिषेक बो अर्शदीप | 00 |
| एडेन मारक्रम बो अक्षर | 14 |
| ट्रिस्टन का जितेश बो अर्शदीप | 14 |
| डेवाल्ड का सूर्यकुमार बो बुमराह | 22 |
| डेविड मिलर का जितेश बो पंड्या | 01 |
| फरेरा का जितेश बो चक्रवर्ती | 05 |
| मार्को यानसेन बो चक्रवर्ती | 12 |
| केशव का जितेश बो बुमराह | 00 |
| एनरिच नोर्किया बो अक्षर | 01 |
| लुथो सिपामला का अभिषेक बो दुबे | 02 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 2-0-14-2, बुमराह 3-0-17-2, चक्रवर्ती 3-1-19-2, अक्षर 2-0-7-2, पंड्या 2-0-16-1, दुबे 0 .3-0-1-1

# नीलामी में 240 भारतीयों सहित 350 खिलाड़ी

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे।

आईपीएल के अनुसार नीलामी के लिए 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 किया गया था। इनमें से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार हुई है। 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे। नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन्होंने आधार मूल्य 75 लाख रखा है। साव 2018 से 2024 तक आईपीएल में खेले थे, लेकिन पिछली बार नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।सरफ़राज 2021 के बाद से इस प्रतियोगिता में नहीं खेले हैं।

आईपीएल द्वारा साझा की सूची में दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ है। केकेआर के रिलीज किए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने आधार मूल्य दो करोड़ रखा है। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में हैं। तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है, जिसके पास 43.4 करोड़ की धनराशि बची है। सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ के साथ तीसरे स्थान पर है।

## आईपीएल 2026



- 16 को अबुधाबी में नीलामी क्विंटन डिकॉक और स्टीव स्मिथ अंतिम सूची में शामिल

### अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 व ऑस्ट्रेलिया के 19 खिलाड़ी

नीलामी की अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 खिलाड़ी हैं। इस नीलामी में ग्रीन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के कुल 19 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के 15 खिलाड़ी नीलामी सूची का हिस्सा हैं। नीलामी की सूची में वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ियों को जगह दी गई है। श्रीलंका के जिन 12 खिलाड़ियों ने नीलामी सूची में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड के 16 और अफगानिस्तान के 10 खिलाड़ियों को नीलामी सूची में जगह मिली है।

# मेसी-सुआरेज रैंप पर चलेंगे एक साथ

**कोलकाता, एजेंसी**

अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे, जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। ‘जीओएटी इंडिया टूर 2025’ के प्रमोटर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को बताया कि मेसी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे।

दत्ता ने बताया कि यह धर्मार्थ फैशन शो होगा। इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेसी से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं। मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा। कोलकाता चरण में मेसी की अब तक की सबसे बड़ी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से टीम होटल से वर्चुअली किया जाएगा।

कोलकाता पुलिस ने बताया कि पुलिस ने स्वीकृति नहीं दी है इसलिए वह होटल से (अनावरण) करेंगे। यह सुबह वर्चुअली किया जाएगा। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेसीअनावरण के लिए पहले स्वयं श्रीभूमि जाने वाले थे। कोलकाता पुलिस के सूत्र ने पुष्टि की कि मेसी शनिवार तड़के डेढ़ बजे शहर में पहुंचेंगे और ईएम बाईपास पर एक पांच सितारा होटल में रुकेंगे। प्रायोजकों के लिए विशेष ‘मीट-एंड-ग्रीट’ कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक बजे तक चलेगा।




- 2022 विश्व कप जीत की यादगार चीजें मुंबई में नीलामी के लिए मांगी गई

# तेंदुलकर ने अपने पूर्व साथी गुरशरण के जज्बे को किया याद



**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह के उस जज्बे को याद किया, जिसमें वह 1989-90 में दिल्ली के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत के लिए हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ताकि मास्टर ब्लास्टर अपना शतक पूरा कर सके। वानखेड़े स्टेडियम में खेले इस मुकाबले में दिल्ली ने शेष भारत को 309 रनों से हराया था। इस मैच में टीम के लिए सिर्फ तेंदुलकर ही डट कर बल्लेबाजी कर सके।

# हेजलवुड बाहर, कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी तय

**ब्रिस्बेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट से इंग्लैंड के खिलाफ एशेज शृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं, लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने को तैयार हैं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की शृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर शृंखला में 2-0 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा कि वह एशेज शृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस शृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी। इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या से वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था। तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी, जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमें लगता है कि वह पूरी तरह से तैयार होंगे।

## एशेज



जोश हेजलवुड



पैट कमिंस

- कोच मैकडोनाल्ड बोले- हेजलवुड के टी-20 विश्व कप में वापसी की उम्मीद

### इंग्लैंड को झटका, चोट से मार्क वुड बाहर

**ब्रिस्बेन।** एशेज शृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले मंगलवार को तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने ये शृंखला से बाहर हो गए। वुड पर्थ में शृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ़ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज शृंखला से पहले एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वुड ने इंस्टाग्राम पर कहा कि मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हैं।

## जूनियर हॉकी विश्व कप

### जर्मनी से हारकर खिताब का सपना टूटने के बाद कांस्य के लिए आज अर्जेंटीना से भिड़ेगी भारतीय टीम

# दबाव को खत्म कर नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

**चेन्नई, एजेंसी**

जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो नौ साल बाद पदक जीतने के लिये उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा। दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी।

भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिए कितना जरूरी है, लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था।

राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किए थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद तीन मिनट के भीतर कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों के दम पर भारत ने बढत बना ली, लेकिन आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते गोल गंवाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में जाने दिया। शूटआउट में हालांकि भारत ने जीत दर्ज की लेकिन मैच निर्धारित समय के भीतर ही खत्म हो सकता था। इसके बाद जर्मनी के सामने तो डिफेंस चरमरा गया और फॉरवर्ड पंक्ति गोल करने के मौके ही नहीं बना सकी। पूरे मैच में भारत को एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर मिला जबकि जर्मन टीम ने ‘वन टच’ यूरोपीय हॉकी खेलकर दबाव बनाये रखा। कोच श्रीजेश ने कहा था कि हमें अपने खेल पर नियंत्रण रखना सीखना होगा और बड़ी टीमों को इतने मौके देने से बचना होगा। विरोधी टीम के अच्छा खेलने पर दबाव में आकर हम अपने बेसिक्स ही भूल जाते हैं, जिससे उबरना होगा। गोल करने के मौके बनाना और तब्दील करना जरूरी है।

छोटी छोटी गलतियां ही भारी पड़ रही हैं, जिनसे बचना होगा। भारत की क्वार्टर फाइनल की जीत के नायक रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पूरे डिफेंस को एक ईकाई के रूप में अच्छा खेलना होगा। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति को सर्कल में गलतियां करने, लंबे हवाई पास और गेंद पर नियंत्रण खो देने की कमी को दूर करना होगा। पूल चरण में प्रदर्शन करने वाले दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मनप्रीत सिंह और खुद कप्तान रोहित को उसी लय में खेलना होगा। दूसरी ओर अर्जेंटीना टीम अपने पूल में तीन में से दो मैच जीतकर शीर्ष पर रही थी और क्वार्टर फाइनल में उसने नीदरलैंड को एक गोल से हराया। टूर्नामेंट से पहले भारत और अर्जेंटीना ने तीन अभ्यास मैच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर ही खेले थे जिसमे पहला 1-1 से ड्रॉ रहा, दूसरा भारत ने 5-3 से और तीसरा अर्जेंटीना ने 2-1 से जीता था। अर्जेंटीना के कोरिया ब्रूनो छह गोल कर चुके हैं। मैच शाम 5.30 से शुरू होगा जिसके बाद फाइनल जर्मनी और स्पेन के बीच खेला जाएगा।




### ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाला आखिरी कप्तान कहलाना पसंद नहीं : भास्करन

**चेन्नई।** मॉस्को ओलंपिक में 45 साल पहले भारतीय हॉकी टीम को आठवां और आखिरी स्वर्ण दिलाने वाले कप्तान वासुदेवन भास्करन का कहना है कि वह इस इंतजार को खत्म होते देखना चाहते हैं और 2036 में टीम फिर चैम्पियन बन सकती है बशर्ते सही समय पर नये खिलाड़ियों को मौका दिया जाए। भारत ने आखिरी बार 1980 में भास्करन की कप्तानी में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। फिर 41 साल के इंतजार के बाद तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य जीता और पिछले साल पेरिस में उस सफलता को दोहराया। भास्करन ने कहा कि मुझे यह सुनना बिल्कुल पसंद नहीं है कि मैं आखिरी ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का कप्तान था। मैं चाहता हूं कि यह इंतजार खत्म हो और यह 2036 में हो सकता है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के बारे में नहीं कह सकता क्योंकि हमे पुरुष हॉकी टीम में अभी बदलाव की जरूरत है। जैसे पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद टीम में खालीपन लग रहा है जिसे भरना होगा। ऐसे ही चार या पांच खिलाड़ियों को जूनियर खिलाड़ियों के लिए जगह बनानी होगी। बदलाव सही समय पर और सही जगह पर होना जरूरी है ताकि नए खिलाड़ियों को तैयार होने का मौका मिले। 1997 में कोच रहते भारत को जूनियर विश्व कप फाइनल तक ले जाने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि जैसे 2016 जूनियर विश्व कप के बाद हरमनप्रीत और रूपिंदर पाल जैसे खिलाड़ी मिले थे। जूनियर विश्व कप 1997 से हमे बलजीत सैनी, दिलीप टिर्की, समीर दाद, देवेश चौहान जैसे कई ओलंपियन मिले थे, लिहाजा यह बदलाव की शुरुआत करने के लिए अच्छा मंच है।

# मियामी के प्रदर्शनी मैच में अल्काराज का जलवा



**मियामी, एजेंसी**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया।

इसमें ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्काराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाईब्रेकर में अनिसिमोवा और फोन्सेका को हराया। अल्काराज ने मैच से पहले कहा कि मुझे उम्मीद है कि लोग लोग हमारे मुकाबले का भरपूर आनंद लेंगे। मुझे लगता है कि हमें इस तरह के स्टेडियम और कोर्ट में खेलते देखना रोमांचक है।

- ब्राजील के फोन्सेका व अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा व जेसिका पेगुला ने भी लिया हिस्सा